epaper janpathsamachar.com
email janpath.news@gmail.com

# जनपथ समाचार

Siliguri | Sunday 22 September 2024 | 12 Page | सिलीगुड़ी | रविवार 22 सितम्बर 2024 | मूल्य : ₹ 5.00 वर्ष 43 अंक 01 RNI: 34394/82



मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए हार्दिक पांड्या की हो सकती है वापसी, रणजी भी खेलने की संभावना






## नौवीं बार अमेरिका पहुंचे पीएम मोदी का भव्य स्वागत

### क्वाड शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा



फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर भारतीय प्रवासी समुदाय ने किया प्रधानमंत्री का स्वागत।

वॉशिंगटन (एजेंसियां)। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में नौवीं बार अमेरिका पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के तहत फिलाडेल्फिया पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर अमेरिका के चीफ

- **एयरपोर्ट पर उमड़े भारतवंशी**
- **बाइडन बोले, घर में करूंगा स्वागत**

ऑफ प्रोटोकॉल एथन रोसेनजवेग ने उनका स्वागत किया। अमेरिका के चीफ ऑफ प्रोटोकॉल का पद राजदूत और सहायक विदेश मंत्री के समकक्ष होता है। वहीं, एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के स्वागत के लिए भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और न्यूयॉर्क में भारत के कांसुलेट जनरल बिनय श्रीकांत प्रधान भी मौजूद रहे।

फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर भारतीय प्रवासी समुदाय ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। अमेरिका के विभिन्न शहरों से भारतीय प्रवासी प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर उनका स्वागत करने के लिए फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट पर पहुंचे हुए थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रवासी समुदाय के लोगों से मिलकर उनका उत्साह बढ़ाया।

तीन दिनों की अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री डेलावेयर में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भविष्य के शिखर सम्मेलन (एसओटीएफ) में भाग लेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान कुछ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें भी करने वाले हैं।

■ शेष पृष्ठ 7 पर

### आरजी कर दुष्कर्म कांड में सीबीआई जांच हुई तेज

# संदीप घोष के करीबी विरूपाक्ष और अभीक से आमने-सामने पूछताछ

कोलकाता (हिस)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की रेप और हत्या के मामले में जांच तेज हो गई है। सीबीआई ने शनिवार को कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में दो प्रमुख डॉक्टरों,

- **सीजीओ कॉम्प्लेक्स में दोनों को बुलाया गया**
- **जुनियर डॉक्टर काम पर लौटे**

विरूपाक्ष विश्वास और अभीक दे को पूछताछ के लिए बुलाया। ये दोनों थ्रेट कल्चर से जुड़े हुए माने जा रहे हैं, जिसके खिलाफ जूनियर डॉक्टरों ने आंदोलन किया था। शनिवार सुबह विरूपाक्ष विश्वास सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचे, जबकि अभीक दे को दोपहर में बुलाया गया।

देर रात खबर लिखे जाने तक दोनों से पूछताछ जारी थी। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, इन दोनों डॉक्टरों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ हो रही है।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की गिरफ्तारी के बाद से ही बर्दवान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विरूपाक्ष और पूर्व आरएमओ अभीक के नाम भी चर्चा में आ गए हैं। इन दोनों पर मेडिकल कॉलेजों में दादागिरी करने और संदीप घोष के करीबी होने के आरोप हैं। वहीं, जूनियर डॉक्टरों ने भी इनके खिलाफ खुलकर बातें की हैं।

सीबीआई ने संदीप घोष को आरजी कर में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही थ्रेट कल्चर को लेकर आरोप और तेज हुए। सोशल मीडिया पर एक ऑडियो क्लिप वायरल हुई, जिसमें विरूपाक्ष की आवाज होने का दावा किया जा रहा है। इस ऑडियो में

■ शेष पृष्ठ 7 पर






### आरजी कर पीड़िता ने दवाओं की खराब गुणवत्ता को लेकर संदीप से की थी शिकायतें

कोलकाता (हिस)। आरजी कर अस्पताल में महिला जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले की जांच जारी है। इसी बीच सीबीआई जांच में पता चला है कि पीड़िता ने अस्पताल में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर प्रिंसिपल संदीप घोष से शिकायतें की थी। इसके बाद उसके सहकर्मियों ने उसे सचेत किया था लेकिन फिर भी वह भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठा रही थी। सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या इसी वजह से उसे मौत के घाट उतारा गया? हालांकि केंद्रीय एजेंसी ने इस बारे में फिलहाल विस्तार से नहीं बताया है।

- **सीबीआई जांच में हुआ खुलासा**
- **सहपाठियों ने किया था सचेत**

डॉक्टरों का कहना था कि सर्जरी के बाद दी जा रही एंटीबायोटिक

■ शेष पृष्ठ 7 पर

## सिलीगुड़ी में दुष्कर्म का आरोपी पुलिस अधिकारी गिरफ्तार



सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल कांड को लेकर जहां पिछले डेढ़ महीने से राज्य में

- **पीड़ित महिला की शिकायत पर हुई कार्रवाई**
- **कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा**

उथल-पुथल है और महिला सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की जा रही है, वहीं सिलीगुड़ी में लोगों की सुरक्षा में नियुक्त एक पुलिस अधिकारी को ही महिला की इज्जत लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

इस घटना के सामने आने के बाद से पुलिस पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है। वहीं, वर्दी की आड़ में अपने ही एक अधिकारी की घिनौनी हरकत से पूरे पुलिस महकमे को शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही है।

जानकारी के अनुसार, सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन की माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने कल रात अमर वीर नामक एक एएसआई पुलिस ऑफिसर को महिला के साथ दुष्कर्म की शिकायत पर गिरफ्तार किया। अमर वीर बागडोगरा ट्रैफिक गार्ड में एएसआई रैंक पर कार्यरत था। इसी दौरान, बागडोगरा ट्रैफिक गार्ड अन्तर्गत ट्रैफिक प्वॉयंट पर ड्यूटी के दौरान एएसआई अमर वीर की मुलाकात एक महिला से होती है। उसके बाद, दोनों की फोन पर बातचीत शुरू होती है और धीरे-धीरे वे घुलमिल जाते हैं।

आरोप है कि शादीशुदा और दो बच्चों का पिता होने के बावजूद एएसआई पुलिस ऑफिसर अमर वीर महिला से शादी करने के नाम पर उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाता है। बाद में वह महिला को धमकी देना शुरू करता है। ऐसे में, महिला पूरी घटना को लेकर माटीगाड़ा थाना में जुलाई महीने में उक्त पुलिस ऑफिसर के खिलाफ

■ शेष पृष्ठ 7 पर

## आतिशी बनीं दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री

### ● पांच मंत्रियों संग ली शपथ ● दिल्लीवासियों से की केजरीवाल को फिर से चुनने की अपील

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने के बाद शनिवार को आतिशी ने नई मुख्यमंत्री के तौर पर पद की शपथ ली। राजनिवास में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ लेने के बाद, आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। आतिशी से पहले स्वर्गीय सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री रह चुकी हैं।

सीएम पद की शपथ लेने से पहले आतिशी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर पहुंची थीं।




इससे पहले मंगलवार शाम आतिशी ने केजरीवाल के साथ राज निवास में उप राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

आतिशी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय, मुकेश अहलावत, इमरान हुसैन, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत ने मंत्री पद की शपथ ली। आतिशी के मंत्रिमंडल में मुकेश अहलावत नया नाम है। बाकी, चार केजरीवाल सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं।

इसी बीच, मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण के बाद आतिशी ने जनता से अगले चुनाव में एक बार

■ शेष पृष्ठ 7 पर




## एयर मार्शल एपी सिंह नये वायु सेना प्रमुख नियुक्त



### 30 सितंबर को संभालेंगे पदभार

नई दिल्ली (हिस)। केंद्र सरकार ने वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को देश का अगला वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया है। वे 30 सितंबर की दोपहर से अगले वायु सेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल के पद पर कार्यरत होंगे। वह मिग-27 स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर, कमांडिंग ऑफिसर और एयर बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग रहे हैं। वर्तमान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी उसी दिन पदमुक्त होंगे।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को दिसंबर, 1984 में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू पायलट स्ट्रीम में शामिल किया गया था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न कमांड, स्टाफ, इंस्ट्रक्शनल और विदेशी नियुक्तियों में काम किया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी,

■ शेष पृष्ठ 7 पर



# भाजपा सांसद राजू बिष्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी बधाई



दार्जिलिंग। दार्जिलिंग हिल्स, तराई और डुआर्स के लोगों की ओर से भाजपा सांसद राजू बिष्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, रूस में राजदूत विनय कुमार, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों, रूस में भारतीय दूतावास के अधिकारियों और रूस सरकार के प्रति उर्गेन तमांग की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उर्गेन को प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा धोखा दिया गया था और उन्हें धोखे से रूस-यूक्रेन युद्ध मोर्चे पर भेज दिया गया था। आज वह सुरक्षित घर वापस आ गये हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि चाहे कोई क्षेत्र कितना भी कठिन और खतरनाक क्यों न हो, भारतीय नागरिक हमेशा सुरक्षित रहें। दूसरी ओर, तराई और डुआर्स के चाय श्रमिकों के लिए पूजा बोनस 16 प्रतिशत पर तय हुआ। वहीं दार्जिलिंग के लोकसभा सांसद राजू बिष्ट ने दार्जिलिंग पहाड़ के चाय बागानों में 20 प्रतिशत बोनस की मांग की है। गुरुवार की शाम को कोलकाता स्थित बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में आयोजित दूसरे दौर की बैठक के बाद तराई और डुआर्स के चाय श्रमिकों के लिए पूजा बोनस 16 प्रतिशत पर सौहार्दपूर्ण ढंग से तय हुआ। तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध भारतीय राष्ट्रीय तृणमूल ट्रेड यूनियन कांग्रेस दार्जिलिंग (तराई) जिले के अध्यक्ष निर्जल डे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 16 प्रतिशत बोनस सह प्रतिपूरक भुगतान की आधार दर और 2024 में देय बोनस पर तराई और डुआर्स के 176 चाय बागान नियोक्ताओं के बीच सहमति बन रही है, जिनका प्रतिनिधित्व आईटीए, टीएआई, आईटीपीए, टीआईपीए और 33 सक्रिय ट्रेड यूनियनों का प्रतिनिधि करते हैं। इस बैठक में मंत्री बुलू चिक बराइक, अलीपुरद्वार के सांसद मनोज तिग्गा, राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बराइक और सिलीगुड़ी के विधायक शंकर घोष मौजूद थे।

वित्त वर्ष की देय सकल आय की गणना के लिए मासिक वेतन सीमा 16 हजार 5 सौ रुपये से 17 हजार रुपये होगी। प्रबंधनपक्ष 28 सितंबर से पहले ही बोनस राशि का वितरण सुनिश्चित करेगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अस्थायी और ठेका श्रमिकों की सभी श्रेणियों सहित लगभग दो लाख 75 हजार श्रमिक इस समझौते के दायरे में आएंगे, जिसकी राशि लगभग 300 करोड़ रुपये है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले साल और चालू साल में चाय बागान गंभीर प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों और भारतीय चाय बोर्ड के नियामक उपायों से गुजर रहे थे। पहाड़ियों में चाय बागानों के लिए बोनस के मामले पर दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट ने 20 प्रतिशत बोनस की अपील की है। उन्होंने कहा कि चाय की शैंपेन के रूप में जानी जाने वाली विश्व स्तरीय दार्जिलिंग चाय का उत्पादन करने के लिए चाय उद्योग में हमारे श्रमिक बेहद कठिन परिस्थितियों में अपना खून-पसीना एक कर देते हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाय बागान मालिकों से अपील करता हूं कि वे चाय बागान श्रमिकों की 20 प्रतिशत बोनस की मांग को सम्मानपूर्वक पूरा करें। एक समृद्ध चाय उद्योग का उज्ज्वल भविष्य उसके श्रमिकों को उचित वेतन और काम करने की स्थिति प्रदान करने पर निर्भर करता है।

# कालिम्पोंग पुलिस की ओर से अपराजिता सुरक्षा प्रशिक्षण कैंप शुरू




कालिम्पोंग। कोलकाता के आरजेकर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के दुष्कर्म की घटना के बाद से कालिम्पोंग पुलिस द्वारा नारी सुरक्षा हेतु लगातार विभिन्न पहल शुरू किया जा रहा है। कुछ ही दिन आगे महिला सुरक्षा हेतु पिंक पैट्रॉल गाड़ी शुरू करने के बाद आज कालिम्पोंग जिला पुलिस के आयोजन में अपराजिता नामक स्वत सुरक्षा प्रशिक्षण कैंप शुरू किया है। विशेष कर कालिम्पोंग जिला पुलिस अधीक्षक श्रीहरि पांडे की पहल में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों के कुल 33 महिला को आज एक कार्यकम बीच उक्त प्रशिक्षक शिविर शुरू किया गया।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक श्रीहरि पांडे, डीएसपी भानु राई, डीएसपी डीएबी कल्याण गुरुंग, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षक और प्रशिक्षु उपस्थित थे। महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में पुलिस विभाग ने महिला सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। शिविरों में विकट परिस्थितियों में महिलाएं अपनी सुरक्षा कैसे कर सकती हैं, इस पर विशेष जोर दिया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी श्रीहरि पांडे ने कहा कि महिला समूह की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसलिए इसे व्यापक बनाने के लिए टास्क फोर्स अभियान चला रही है और इस प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया है। इन प्रशिक्षु को एक से डेढ़ महीने की ट्रेनिंग देकर अब गांव-गांव तक महिला को उक्त पहल से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

## कर्सियांग में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




कर्सियांग (निज संवाददाता)। आकाशवाणी कर्सियांग के समाचार एकांश और गोरखा जन पुस्तकालय कर्सियांग के संयुक्त पहल पर कर्सियांग में शनिवार स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न किया गया। गोरखा जन पुस्तकालय भवन के पारसमणि प्रधान सभागार में आयोजित कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी कर्सियांग के प्रसारण कार्यकारी मनन तामंग ने किया।

समारोह में गोरखा जन पुस्तकालय के अध्यक्ष रबिन कुमार प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार हनोक थापा ने किया तथा स्वागत भाषण पुस्तकालय के मूल सचिव विनोद रसाइली ने रखा। कार्यक्रम में आकाशवाणी कर्सियांग के समाचार विभाग के प्रभारी अशोक चौरसिया ने स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के उद्देश्य एवं औचित्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के स्वच्छता कार्यक्रम का नारा प्रकृति स्वच्छता और संस्कृति स्वच्छता है। स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य लाती है, बल्कि मानव जीवन में गरिमा और सम्मान भी लाती है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रबिन कुमार प्रधान ने स्वच्छता ही सेवा पर प्रकाश डाला। समारोह को विशिष्ट अतिथि आचार्य केशव मिश्र व आकाशवाणी कर्सियांग के प्रसारण कार्यकारी मनन तामंग ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रचिता छेत्री, अजीत वियोगी और आरती ठकुरी ने कविताएं और गजलें सुनाईं।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने वालों के प्रति समाचार वाचक विश्व सुब्बा ने आभार जताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी तिलक शर्मा एवं गोरखा सांस्कृतिक संस्थान कर्सियांग के सचिव प्रणिता मुखिया घीसिंग भी उपस्थित थे।

## बारापथिंग में सड़क संपर्क की स्थितियों का विधायक ने किया निरीक्षण

**भयावह भूस्खलन के कारण नष्ट हो गयी थी सड़क**

पाक्योंग। ज्ञानथांग माचोंग के विधायक सुश्री पामिन लेप्चा, पाक्योंग के डीसी रोहन अगावेन (आईएएस) के साथ शनिवार को बारापथिंग में सड़क संपर्क स्थितियों का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से एक निरीक्षण किया। यह यात्रा स्थानीय समुदाय के लिए काफी महत्व रखती है। यह देखते हुए कि दूरदराज के क्षेत्रों को बड़े शहरों से जोड़ने के लिए सड़क पहुंच महत्वपूर्ण है, जिससे आवश्यक सेवाओं और वस्तुओं का कुशल परिवहन सुनिश्चित होता है। एक भयावह भूस्खलन के कारण महत्वपूर्ण सड़क नष्ट हो गया था, जिसने राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 120 मीटर के हिस्से को गंभीर रूप से प्रभावित किया था।

संबंधित विभागों द्वारा किए गए व्यापक निरीक्षण में इस महत्वपूर्ण सड़क लिंक को आधिकारिक तौर पर वाहन यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है। बुनियादी ढांचे की यह पुन: बहाली स्थानीय निवासियों के लिए दैनिक आवागमन और आर्थिक गतिविधियों के लिए इस मार्ग पर बहुत अधिक निर्भर हैं। निरीक्षण के दौरान सुश्री लेप्चा ने इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की बहाली में तेजी लाने और आवश्यक निर्देश प्रदान करने में उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और सड़क और पुल मंत्री एनबी दहाल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग के लिए उनकी सराहना की।

विशेष रूप से यह देखते हुए कि सड़क उनकी जमीन से होकर गुजरती है और उनके आवासों को नष्ट करना जरूरी हो गया है, क्योंकि उन्होंने सड़क को फिर से खोलने की सुविधा के लिए एक-दूसरे को प्रोत्साहित किया और सहायता की। यह उल्लेखनीय है कि सड़क और पुल मंत्री एनबी दहाल ने पहले 18 सितंबर को साइट का दौरा किया था। यात्रा के दौरान, उन्होंने तत्काल बहाली के प्रयासों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए चल रहे काम में तेजी लाने के निर्देश जारी किए। मंत्री द्वारा जारी निर्देशों के सीधे जवाब में सड़क और पुल विभाग के इंजीनियरों की एक टीम ने नालंदा इंजीकॉन प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के साथ सहयोग किया। उन्होंने सावधानीपूर्वक गुणवत्ता मूल्यांकन और अपेक्षित बहाली प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावित क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। उनके मूल्यांकन के बाद विभाग की देखरेख में बहाली का काम तुरंत शुरू किया गया, साथ ही सड़क को जल्द से जल्द फिर से खोलने की गारंटी देने के लिए निरंतर निगरानी भी की गई। निरीक्षण के दौरान डीएफओ (पाकयोंग), डीई जल संसाधन विभाग (डीई जिला) के साथ ही एई सड़क और पुल विभाग, पाक्योंग और रोंगली दोनों का प्रतिनिधित्व करने वाले नालंदा इंजीकॉन प्राइवेट लिमिटेड के एक प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। ये सड़क के सफल पुनर्वास के लिए आवश्यक विशेषज्ञता और संसाधन लाते हुए बहाली प्रक्रिया का अभिन्न अंग थे।

## हिमाचल हिंदी भवन में तुलसी जयंती एवं हिंदी दिवस का हर्षोल्लास के साथ हुआ आयोजन

दार्जिलिंग (निज संवाददाता)। हिमाचल हिंदी भवन के प्रेमचंद्र संघायतन में तुलसी जयंती एवं हिंदी दिवस का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश गौस्वामी तुलसी दास की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक प्रभारी चंदन कुमार सिंह एवं श्रवण गुप्ता के कर-कमलों द्वारा किया गया। इसका बाद एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हिन्दी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रवण गुप्ता के हिन्दी दिवस की प्रासंगिकता के वक्तव्य से हुई। इस पावन अवसर पर अजय गुप्ता, राज कुमार तापड़िया, सुनीता गुरुंग ने बहुत ही मनमोहक ढंग से राम भजन प्रस्तुत किया। इस आयोजन में चन्दन सिंह ने सुनीता गुरुंग, सुलेखा सिंह, सुमिता शर्मा एवं संजय ठाकुर के सहयोग से एक सुन्दर राम स्तुति प्रस्तुत कर समस्त श्रोताओं की प्रशंसा बटोरी। कार्यक्रम में उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार रामायण हमारे जीवन में उपयोगी है। रामचरित मानस से प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन को सुखमय और खुशहाल बना सकते हैं। इसी प्रकार वरिष्ठ शिक्षक अरविंद सिंह ने हिन्दी दिवस की महत्ता को दर्शाया और स्वामी विवेकानन्द की जीवनी का उदाहरण प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं को आत्मविभोर कर दिया। कार्यक्रम में स्थानीय बी.एड. कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति अत्यंत ही सराहनीय थी। उनके लिए यह एक रामचरित मानस को समझने का अनोखा अवसर था। इस अवसर पर प्रेमचंद संघायतन श्रोताओं से खचाखच भरा हुआ था। मंच संचालन का कार्य संजय गुप्ता ने किया तो धन्यवाद ज्ञापन का कार्यक्रम वरिष्ठ शिक्षक रवीश प्रसाद द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक कमलेश बाल्मिकी, सतीश मिश्रा, अजय रोका, लक्ष्मण सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता इत्यादि महानुभाओं की उपस्थिति रही।

**क्रय-विक्रय**

पुराना, नया किसी भी प्रकार का घर खरीद कर, तोड़ कर साफ कर देते हैं। पुराना किसी भी प्रकार स्क्रैप खरीदते हैं।

फोन : 62943-10899

C-Adfair

**WANTED**

ONE REPUTED TEA CO REQUIRES TEA SALES PERSON FOR MARKETING AT BENGAL, BIHAR, AND JHARKHAND CONTACT NO-94341 07151 / 89187 60650

Phonpay

**वधू चाहिए**

ब्राह्मण 34/ 5'-7''
MBA, सुन्दर, गोरा, उच्च बिजनेसमैन, वेल सेटल्ड लखनऊ, प्रतिष्ठित परिवार, युवक हेतु, सुन्दर, गोरी, शिक्षित, वधू चाहिए। जाति बंधन नहीं।
मो. 93056-01110

RKS

**FLAT FOR RENT**

2 BHK Semi Furnished Flat for rent in Ganga Apartments, Mangal Pandey Road, Siliguri. Size 850 sq.ft. carpet area. **Contact:**
93190-57263/
98110-55005

Phonepe

## चुनाव के बाद एसकेएम सरकार ने अस्थायी कर्मचारियों को सजा के अलावा कुछ नहीं दिया : सीएपी

गंगटोक। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के नेतृत्व वाली सरकार ने चुनाव से पहले अस्थायी कर्मचारियों को आकर्षक आश्वासन देने के बावजूद चुनाव के बाद संभ्रांत वर्ग को सजा देने के अलावा कुछ नहीं दिया है। उक्त गंभीर आरोप सिटीजन एक्शन पार्टी (सीएपी) ने लगाया है। सीएपी ने अस्थायी कर्मचारियों के सात महीने से बिना वेतन के काम करने का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को कोई भी काम का गैरकानूनी प्रतिशत लिए बिना केवल तीन दिन बिता कर देखना चाहिए, तभी वह विभिन्न वर्गों की जमीनी समस्याओं को समझ पाएंगे। शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सीएपी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एसकेएम सरकार अपने गठन के 100 दिन बाद भी अपने काम की समीक्षा रिपोर्ट पेश नहीं कर सकी। शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सीएपी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एसकेएम सरकार अपने गठन के 100 दिन बाद भी अपने काम की समीक्षा रिपोर्ट पेश नहीं कर सकी। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएपी के प्रवक्ता महेश राई ने कहा कि कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री ने 20,000 लोगों को स्थायी किया था और कहा था कि उन्हें मिलने वाले वेतन को लेकर विपक्ष को चुप रहना चाहिए। लेकिन अस्थायी कर्मचारियों को वेतन न मिलने का मामला जगजाहिर है। मुख्यमंत्री ने अस्थायी कर्मचारियों को अगस्त से वेतन और अन्य को बकाया देने का वादा किया था। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसी अनुशंसा की प्रक्रिया सेवा पुस्तिका में नहीं है। हमने मांग की है कि 72 घंटे के अंदर मामले में पहल की जाये। हमें बताया गया है कि मुख्य सचिव कार्यालय ने तत्काल कार्मिक विभाग को पत्र लिखकर कहा है कि कोई भी विभाग विधायक की अनुशंसा न मांगे। अब कर्मचारी विधायक की अनुशंसा के लिए हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम इस मुद्दे को सख्ती से उठाएंगे। चुनाव में जाने से पहले एसकेएम ने आश्वासन दिया था कि पुरानी पेंशन योजना लागू की जायेगी। राष्ट्रीय स्तर की मीडिया में यह कहते हुए सुर्खियां बटोरीं कि सिक्किम पुरानी पेंशन योजना लागू कर रहा है। हालांकि मामले की सतह खोखली दिखाई दी। हमने सिक्किम में एक भी व्यक्ति को पुरानी पेंशन योजना से लाभान्वित होते नहीं देखा है। प्रवक्ता श्री राई ने कहा कि सरकार को उन कर्मचारियों को स्पष्टीकरण देना चाहिए, जो योजना का इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि सीएपी कर्मचारियों के लिए विधायक की अनुशंसा मांगने के मामले को प्राथमिकता से उठाती रही है। इसके अलावा पार्टी ने परिवहन विभाग और वन एवं पर्यावरण विभाग का दौरा कर ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कहा गया है कि हालिया विभागीय अधिसूचनाएं आम लोगों के हित में नहीं हैं और इन्हें तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। सीएपी ने शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024 के मध्य में प्राथमिक शिक्षकों के सामूहिक स्थानांतरण के मुद्दे को अत्याचार करार दिया। नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत शैक्षणिक सत्र के बीच में शिक्षकों का तबादला नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन एसकेएम सरकार ने एनईपी के नियमों का उल्लंघन कर शिक्षकों का तबादला कर दिया है। शिक्षकों के तबादले से छात्रों, शिक्षा व्यवस्था को लाभ होना चाहिए था, लेकिन एसकेएम सरकार ने उन लोगों का तबादला कर दिया जो इसका समर्थन नहीं करते थे और जिन पर इसका समर्थन न करने का संदेह था। सरकार शिक्षा विभाग समेत अन्य मुद्दों पर गंभीर नहीं है। सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में घोर उल्लंघन किया है। प्रवक्ता राई ने बताया कि सभी वाहनों पर वर्तमान दर की तुलना में मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गयी है और उन्होंने बोर्ड से पूछा कि चालक कल्याण बोर्ड इस संबंध में क्या कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि एसकेएम ने 100 दिनों में लोगों को केवल भ्रम और दुख दिया है और कहा कि हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह अन्य राजनीतिक दलों के साथ जुआ खेलने के बजाय सुशासन के बारे में गंभीर हो। प्रवक्ता फुरी शेरपा ने कहा कि सीएपी राजनीतिक सुधार के लिए आगे आई और अस्थायी कर्मचारियों को वेतन न मिलने, प्राथमिक शिक्षकों के सामूहिक स्थानांतरण जैसे मुद्दों पर सरकार की कमियों और कमजोरियों को दिखाने की कोशिश की।

## रूस से वापस अपने घर कालिम्पोंग लौटे उर्गेन तामांग

दार्जिलिंग (निज संवाददाता)। रूस और यूक्रेन के बीच के भयवाह युद्ध में शामिल हुए कालिम्पोंग निवासी उर्गेन तामांग अंततः घर वापस लौटने में कामयाब हो गए हैं। रूस के पक्ष में फ्रंट लाइन में रह कर युद्ध लड़ रहे उर्गेन अपनी इच्छा से युद्ध नहीं लड़ रहे थे। उन्हें रूस सेना में भर्ती करवाया गया था। भारतीय सेना से अवकाश प्राप्त कर चुके उर्गेन ने युद्ध भूमि से घर वापस लौटने की इच्छा जाहिर करने के बाद कालिम्पोंग नगरपालिका के अध्यक्ष रवि प्रधान और संबंधित सभी निकाय उन्हें घर वापस लाने में दिन-रात लगे हुए थे। इसी के बदौलत उर्गेन तामंग आज घर वापस लौटने में सफल हुए है। उन्हें घर वापसी को लेकर कालिम्पोंग नगरपालिका अध्यक्ष रवि प्रधान ने खुशी व्यक्त करते हुए देश कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सांसद राजू बिष्ट और गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख कार्यपाल अनित थापा सहित संबंधित निकायों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया है।

## सीएम ने किया नामग्याल गर्ल्स स्कूल में मैरी स्कट सेंटेनियल हॉल का उद्घाटन

गंगटोक। गंगटोक के पाल्जोर नामग्याल गर्ल्स स्कूल में मैरी स्कट सेंटेनियल हॉल का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रेमसिंह तामंग मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिवार को शैक्षणिक यात्रा के सौ वर्ष पूरे होने पर बधाई एवं शुभकामना दी। उन्होंने इस बहुद्देश्यीय हॉल की सभी को बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने शिक्षा और स्कूलों को समाज की रीढ़ बताते हुए इस क्षेत्र के विकास के लिए सभी से मिलकर काम करने का अपील किया। सौ साल पहले जब इस स्कूल की स्थापना हुई थी, तब सारी सुविधा नहीं थी लेकिन ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में भी उन्होंने इस स्कूल की शुरुआत कर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि 2019 में एसकेएम पार्टी के सरकार में आने के बाद सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया है।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है और ऐसे कार्यों में न केवल सरकार, बल्कि जनता की भी भागीदारी जरूरी है। सोरेंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जहां उन्होंने पढ़ाई किया था। इसके शताब्दी कार्यक्रम में भाग न ले पाने के अपने कड़वा अनुभव को साझा करते हुए उन सभी छात्रों को बधाई दी, जो इस सुनहरे अवसर में भाग लेने में सक्षम है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री बनने के बाद समय का मूल्य और भी अधिक समझ में आया यदि छात्र भी समय और काम का मूल्य समझते हैं, तो जीवन सार्थक हो सकता है लेकिन यदि वे इसे नहीं समझते हैं, तो उन्हें जीवन में नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया है कि विद्यार्थी समय की कीमत समझें और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें।

उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने छात्रों के हित के लिए कई योजना बनाया है और उसके अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार वर्तमान में चार मेधावी छात्रों को विदेश में अच्छे विश्वविद्यालयों में पढ़ने के लिए सहायता कर रही है। उन्होंने बताया कि अपतन फेलोशिप, मुख्यमंत्री शिक्षा सहायक योजना के माध्यम से साकार राज्य के गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद कर रहा है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ाई कर सरकारी नौकरी पाने का लक्ष्य नहीं रखना चाहिए, अन्य उद्योग या व्यवसाय करने के बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस क्षेत्र में शिक्षित युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सिक्किम इंस्पायर्स योजना शुरू किया है। इसके माध्यम से अवसर पैदा किया जायेंगे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय के प्राचार्य जाम पांडी लेप्चा ने मुख्यमंत्री को उनकी बहुमूल्य उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया।

## अंडर-17 गर्ल्स वालीबॉल टीम क्लस्टर चैंपियन बन कर लौटी वापस



कालिम्पोंग। 27 माउंटेन डिवीजन अंतर्गत पड़ने वाले आर्मी पब्लिक स्कूल कालिम्पोंग के अंडर-17 गर्ल्स वालीबॉल टीम क्लस्टर चैंपियन बन कर आज वापस लौटा है। दरअसल छत्तीसगढ़ राज्य के भिलाई जिले में पड़ने वाले एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6 भिलाई ने सीबीएसई क्लस्टर-2 वालीबॉल टूर्नामेंट 2024 की मेजबानी किया था। उक्त आयोजन 16 सितंबर से शुरू होकर 19 सितंबर को खत्म हुआ था, जिसमें 59 लड़कों की टीम और 25 लड़कियों की टीमों सहित कुल 84 टीमों ने भाग लिया था। इस क्लस्टर में पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में पड़ता है। इसी प्रतियोगिता के अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल कालिम्पोंग की लड़कियों की टीम ने बाजी मारी है, जिसने आर्मी पब्लिक स्कूल बैरकपुर को सीधे तीन सेट 24-14, 25-25 एवं 25-21 से हराकर क्लस्टर चैंपियन बने हैं। इस टीम के कोच स्कूल के रुपेश राई थे, तो टीम में सुप्रिया गुरुंग, प्रागिए पोर्टेल, सिक्छाना गुरुंग, आकृति बस्नेत, स्पर्शे राई, महक शर्मा, रेंगनिकिम एंड के लैक्रोएटलांग थी। उक्त टीम ने भुवनेश्वर के डीएम स्कूल को क्वाटर फाइनल एवं छत्तीसगढ़ के डीपीएस रिसाली को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। आज स्कूल वापस पहुंचने पर स्कूल की प्राचार्य शोभा प्रधान ने कोच एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया। वहीं अब स्कूल की टीम हरियाणा के एसएस इंटरनेशनल स्कूल में 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सीबीएसई वॉलीबॉल में अंडर 17 टीम में क्वालीफाई होने की जानकारी देते हुए स पूर्ण 27 माउंटेन डिवीजन के अधिकारी वर्ग, प्रबंधक एवं अभिभावको के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**SHOP FOR SALE**

One Shop for sale, approximate 280 sq.feet, Ground Flooe, Shree Bhawan Market, Hill Cart Road, (Beside Jeevan Jyoti Medicine Shop) Siliguri.
Contact No.
77385-96583.

Phonepe

**किडनी चाहिए**

(B+) ब्लड ग्रुप की किडनी चाहिए। पहचान के साथ कोई सहृदय व्यक्ति संपर्क करें।
फोन : 79087-29195
97495-00001

C-Babua

**FLAT FOR RENT**

Brand new 2 BHK Flat for Rent at Serenity Apts Pradhan Nagar, Siliguri 8th floor with Parking.
Call - 9832066812

Gouri

**सूचना**

सुकना मिलिट्री स्टेशन में खानपान सेवा के लिए अपना बिजनेस चलाने का मौका पा सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें-
9149709830
9056244670

C-Neha

**SILIGURI COLLEGE OF COMMERCE**

A walk-in-interview for the Invitee Teacher (Purely Temporary basis and Class basis remuneration) in Hindi (1) and Law (1) will be held on 25/09/2024-Wednesday (11.00. A.M.) at Siliguri College of Commerce. For details, please follow the college website www.siliguricollegeofcommerce.org

Sd/-
Dr. Ranjan Sarkar (Principal)
Siliguri College of Commerce
Siliguri

Babua

**AFFIDAVIT**

I, ABHISHEK KUMAR GUPTA, Son of Lt. Sujit Prasad, resident of Bankim Nagar, Iskcon Mandir Road, P.O. Sevoke Road, Dist. Jalpaiguri, WB, declare that in my Birth Certificate being no. SHSDP / SLG No. 01020, Registration No. 7272/2001, where my name has been recorded as ABHISEK KUMAR GUPTA inplace of my correct name as ABHISHEK KUMAR GUPTA & in my above said Birth Certificate, where my father's name has been recorded as SUJIT GUPTA inplace of his actual name as SUJIT PRASAD. ABHISHEK KUMAR GUPTA and ABHISEK KUMAR GUPTA & SUJIT PRASAD and SUJIT GUPTA are the same one & single identical person. Vide affidavit on 9/9/2024 before the LD. Notary Public at Siliguri.

PIONEER



Md. Arshad Noor
9832017072
Perfection Tailors
DANGIPARA (BEHIND HOTEL SALUJA)
H.C. ROAD, SILIGURI - 1
Phone: 0353 2535783 (Off)

**सतर्कता**

जनपथ समाचार अथवा पत्रिका का कोई भी एजेंट पत्रिका में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन की सत्यता अथवा विश्वसनीयता के लिये जिम्मेवार नहीं है। किसी भी तरह के विज्ञापन से प्रभावित होने से पहले विज्ञापन के सत्यापन की जांच के लिये पाठकों से अनुरोध किया जाता है।

# 'टॉक टू मेयर' में नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाहियों की ओर खींचा ध्यान

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। मेयर के रूप में आप व्यर्थ नहीं हैं, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण आपकी भावनाओं एवं पहल का लाभ आम नागरिकों को नहीं मिल रहा है। शनिवार को सिलीगुड़ी नगर निगम के टॉक टू मेयर फोन इन लाइव प्रोग्राम में इसी तरह से मेयर गौतम देव को फोन करके 31 नम्बर वार्ड के निवासी कौशिक कुंडू ने ध्यान आकृष्ट किया। 18 नम्बर वार्ड में सुभाषपल्ली का डिरोजिये सरणी काफी दिनों से बदहाल पड़ा हुआ है। बीते मार्च महीने में इस रास्ते के जीर्णोद्धार के लिए मेयर को बताया था, लेकिन अभी तक वह रास्ता मरम्मत नहीं हो पाया गया।

कौशिक कुंडू की यह शिकायत मिलते ही मेयर ने अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की, जिसमें देखा गया कि 3 लाख 76 हजार रूपये का बजट तो बन गया है, लेकिन उसका टेंडर नहीं हुआ है। कौशिक कुंडू इतनी ही शिकायत पर रूके नहीं रहे। उन्होंने कहा कि रथखोला रास्ते पर चार साल से पत्थर फेंककर रखा गया है, लेकिन रास्ते की मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ। 20 नम्बर वार्ड में एक पार्क निर्माण का काम पीडब्ल्यूडी कर रहा है, लेकिन पुरानी दीवार पर प्लास्टर करके वह काम किया जा रहा है। शक्तिगढ़ में चार एवं पांच नम्बर रास्ते का काम संपूर्ण नहीं हुआ है। इस तरह से शहर के विभिन्न जगहों पर तरह-तरह की समस्यायें एवं अव्यवस्था की बात उन्होंने बताई।

सब कुछ सुनने के बाद मेयर ने उनसे प्रश्न किया कि इसका मतलब मैं मेयर के रूप में व्यर्थ हूं? कौशिक कुंडू ने इस पर कहा आप व्यर्थ नहीं हैं। आप काम कर रहे हैं, लेकिन आपके अधिकारी लोग ठंडे घर में बैठकर आपके निर्देश के अनुसार काम नहीं कर पा रहे हैं। इसके फलस्वरूप लोगों के समक्ष मेयर की भावनाओं एवं पहल के फायदे ठीक तरह से नहीं पहुंच रहे हैं।

प्रोग्राम के बाद मेयर गौतम देव ने कहा कि एक नागरिक ने पूरे शहर की समस्या को लेकर उनका ध्यान आकृष्ट किया, यही टॉक टू मेयर फोन इन लाइव प्रोग्राम की सबसे बड़ी सफलता है। केवल अपने इलाका ही नहीं, शहर के प्रति लोगों की जो भूमिका है एवं जिम्मेवारी है, यह इसी के माध्यम से प्रमाण होता है। इस तरह के फोन जितना अधिक आयेंगे, उतना ही हमारी खामियां हम जान पायेंगे। सब समय कुछ-कुछ नजर नहीं आता है। नागरिकों से इस तरह की फोन का वे स्वागत करते हैं। इसके साथ ही 33 नम्बर वार्ड में हरियाली के लिए मेयर की पहल पर कंक्रीट के टब लगाकर वृक्षारोपण किया गया था, लेकिन वे सब टब नष्ट हो गये हैं। अनेक पेड़ मर चुके हैं। सुरजीत मजुमदार नामक एक नागरिक ने इस बारे में मेयर का ध्यान खींचा। तब मेयर ने स्वीकार किया एवं कहा कि पूरे मामले की इस बीच सर्वे की गई है। बोरो एवं वार्ड कमेटी में इस बारे में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

# सिलीगुड़ी में महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए सड़क पर 'पिंक मोबाइल पेट्रोलिंग वैन'



- वीनर्स के साथ अब पिंक पेट्रोलिंग वैन भी देगी महिलाओं को सुरक्षा
- पुलिस कमिश्नर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। आरजी कर की घटना के बाद से राज्य में महिलाओं की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं। महिला सुरक्षा को लेकर वर्तमान में राज्य में हल्ला बोल चल रहा है। पूजा के मौसम में पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर की तरफ से शहर की महिलाओं के लिए यह नई पहल 'पिंक मोबाइल पेट्रोलिंग वैन' सौगात की तरह है।

दरअसल 11 सितंबर को दिनबंधू मंच में एक बैठ के बाद पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर ने बताया कि लगातार महिलाओं सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहा है, इसलिए महिलाओं की सुरक्षा के लिए जल्द ही 'पिंक मोबाइल पेट्रोलिंग वैन' परिसेवा शुरू की जाएगी।

कमिश्नर सी सुधाकर ने आज घोषणा को वास्तविक रूप दिया। आज से यह पिंक मोबाइल पेट्रोलिंग वैन विशेष करके रात के समय गश्त लगाने और महिलाओं सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कमिश्नर सी सुधाकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पिंक वैन की विशेषता यह है कि इसमें सिर्फ महिला पुलिस कर्मी रहेंगी। सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन के जोन ईस्ट और वेस्ट में एक-एक करके दो पिंक मोबाइल पेट्रोलिंग वैन दी गई है। इस वैन में एक एसआई या एएसआई रैंक की अधिकारी के साथ कुल 5 महिला कांस्टेबल को रखा गया है। कुल मिलाकर दो पिंक मोबाइल पेट्रोलिंग वैन में 12 महिला पुलिस कर्मियों को शहर की महिलाओं की सुरक्षा देने के लिए गश्त लगाएगी।

आज पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर ने बताया कि शहर में पिंक मोबाइल पेट्रोलिंग वैन के साथ ही विनर्स भी काम करेंगी। इसके अलावा पूजा में किसी तरह की समस्या पैदा न हो, इसके लिए पुलिस तैयार है। पिंक मोबाइल पेट्रोलिंग वैन खास करके महिलाओं के साथ संपर्क बेहतर करेंगी। पिंक मोबाइल पेट्रोलिंग वैन आने वाले समय में महिलाओं की सुरक्षा के लिए अहम भूमिका अदा करेगी।

# 27 से 29 सितंबर तक सिलीगुड़ी के सिटी सेंटर में कंचनजंगा पर्यटन महोत्सव



सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। आगामी 27 से 29 सितंबर तक सिलीगुड़ी के सिटी सेंटर में कंचनजंगा पर्यटन महोत्सव आयोजित किया जायेगा। एक्ट के संयोजक राज बसु ने आज पत्रकार सम्मेलन में महोत्सव और इसके महत्व की जानकारी दी और कहा कि 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस, 28 सितंबर को नेपाल दिवस और 29 सितंबर को भूटान दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

पद्मश्री बाइचुंग भूटिया ने मेघालय के चेरी ब्लॉसम महोत्सव, नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव और अरुणाचल प्रदेश के जीरो संगीत महोत्सव का उदाहरण देते हुए कहा कि कंचनजंगा पर्यटन महोत्सव पूरे क्षेत्र का महोत्सव है और समय के साथ यह सिक्किम, दार्जिलिंग, भूटान और नेपाल और बांग्लादेश के लोगों के लिए भी एक महत्वपूर्ण महोत्सव बन जाएगा। उन्होंने कहा कि शांति और स्थिरता महोत्सव का विषय होगा, क्योंकि स्थायी पर्यटन समय की मांग है। कंचनजंगा फूड अवार्ड्स के समन्वयक करण बाजला ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि खाद्य उद्योग में उद्यमियों को सम्मानित करने और मान्यता देने के लिए पहली बार सिलीगुड़ी में कंचनजंगा फूड अवार्ड्स का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रतिष्ठित स्थानों (जो तीन पीढ़ियों या उससे अधिक समय से चल रहे हैं) को विभिन्न श्रेणियों में पांच पुरस्कार दिए जाएंगे और अन्य रेस्तरां को नौ विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे।

टीम को 2002 में एक्ट द्वारा शुरू किए गए केआरआईईपी (कंचनजंगा क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय इको टूरिज्म पार्क) के बारे में विस्तार से बताया गया। विश्व पर्यटन दिवस को मुख्य उत्सव की थीम के रूप में रखते हुए पिछले 22 वर्षों के विभिन्न कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया।

मीडिया के सदस्यों ने विभिन्न सुझाव दिये। महोत्सव के दो भाग होंगे- एक मंच जहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे और दूसरे स्टॉल जहाँ ग्रामीण पर्यटन, भोजन, व्यंजन और क्षेत्र के हथकरघा और हस्तशिल्प को प्रदर्शित किया जाएगा।

# आरएसपी ने किया प्रतिवाद सभा का आयोजन




सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। सिलीगुड़ी के हाशमी चौक पर आरएसपी की दार्जिलिंग जिला कमिटी की तरफ से आज एक प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया। मौजूदा सरकारें (केंद्र तथा राज्य) किस तरह से दुर्नितियों में लिप्त है और इनकी तानाशाही किस तरह से आम जनता की आवाज को दबा रही है। इनके शासन काल में महंगाई, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, धार्मिक दंगे और जन विरोधी नीतियों का बढ़ावा देकर, गरीबों और मजदूरों के पेट में लात मारकर किस तरह से कॉरपोरेट वंदना किया जा रहा है। ऐसे तमाम मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने और जनहित में आंदोलन को बृहत्तर रूप देने के लिए आरएसपी की दार्जिलिंग जिला कमिटी के मंच से आवाज बुलंद की गई।

# नाबालिगा से दुष्कर्म के आरोप में जीजा गिरफ्तार

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। नाबालिगा के साथ दुष्कर्म के आरोप में माटीगाड़ा थाना ने मुंह बोले जीजा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम हरी राय है और वह माटीगाड़ा इलाके का निवासी बताया गया है।

जानकारी मिली है कि सालुगाड़ा की रहने वाली 13 वर्षीय एक नाबालिगा अपने एक रिश्तेदार के घर गई। वहां पर बीते कल मुंह बोला जीजा हरी राय नाबालिगा को चॉकलेट का प्रलोभन देकर माटीगाड़ा भांगापुल के पास सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद नाबालिगा अपने घर में आकर पूरी घटना के बारे में परिवार वालों बताया। इसके बाद बीते कल माटीगाड़ा थाना में घटना की लिखित शिकायत दर्ज करायी गई।

शिकायत के आधार पर मामले की जांच करते हुए माटीगाड़ा थाना की पुलिस बीते कल रात को माटीगाड़ा से आरोपी मुंह बोले जीजा हरी राय को गिरफ्तार कर लिया। आज पुलिस आरोपी को नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज कर सिलीगुड़ी अदालत में पेश की है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# डागापुर इलाके से चार बदमाश गिरफ्तार

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। प्रधान नगर थाना की सफेद पोशाक पुलिस की सतर्कता के कारण एक बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले ही डकैत गिरोह के 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया।

रात में पेट्रोलिंग करने के दौरान दागापुर चाय बगान स्थित बदमाशों का एक दल संदिग्ध हालत में खड़ा देखकर पुलिस को संदेह हुआ। पूछताछ और तलाशी लेने के दौरान इस डकैत गिरोह के मंसूबों का खुलासा हुआ। मनसूबो का खुलासा होते ही सफेद पुलिस ने गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के नाम शिवा बर्मन, खोकन महंतो, राकेश साह और मिठुन खनिक है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते कल रात को एसएनटी इलाके एक सुनसान जगह पर 10-12 लोगों का गिरोह जमा हुआ था, लेकिन पुलिस को देख कर वहां से कई लोग फरार हो गये, लेकिन पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

# पत्नी पर अत्याचार का आरोपी पति छपरा से गिरफ्तार

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। पत्नी पर अत्याचार करने के आरोप में भक्ति नगर थाना की पुलिस छपरा से फरार पति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम एमडी चांद हुसैन है। वह भक्ति नगर थाना के असरफ नगर इलाके का निवासी बताया गया है।

जानकारी मिली है कि करीब एक वर्ष पहले एमडी चांद हुसैन की असरफ नगर इलाके की एक लड़की से विवाह किया था, लेकिन शादी के बाद से ही दोनों के बीच में विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि पति चांद और ससुराल वाले लड़की पर शारीरिक और मानसिक अत्याचार करते थे।

बेटी के ऊपर हो रहे अत्याचार की खबर सुनकर करीब अढ़ाई महीने पहले लड़की के पिता भक्ति नगर थाना में एमडी चांद हुसैन और उसके परिवार वालों पर घरेलू हिंसा और हत्या की कोशिश का आरोप लगाकर भक्ति नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी। शिकायत के बाद मामले की जांच करने पर पता चलता है कि लड़की का पति एमडी चांद हुसैन फरार है।


इसके बाद पुलिस उसकी तलाश शुरू की। शिकायत के अढ़ाई महीने बाद कल गुप्त सूत्रों की मदद से छपरा से एमडी चांद हुसैन को गिरफ्तार कर आज सिलीगुड़ी लाया गया। इसके बाद आज पुलिस आरोपी पति एमडी चांद हुसैन को घरेलू हिंसा के तहत मामला दर्ज कर जलपाईगुड़ी अदालत में पेश की है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में युवक जख्मी, लोगों ने की सड़क जाम



बागडोगरा (निज संवाददाता)। उत्तर बंग राज्य परिवहन निगम की यात्री बस और ई-स्कूटर के बीच आमने-सामने की टक्कर में ई-स्कूटर चालक की बस के पहिये से कुचलकर स्कूटर चालक का हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आज दोपहर को सिलीगुड़ी से रायगंज जाने के दौरान उत्तर बंग राज्य परिवहन निगम की एक सरकारी बस ने नियंत्रण खो दिया और विधाननगर के सहदरगंज अस्पताल मोड़ के सामने एक ई-स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटर चालक बस की चपेट में आ गया। स्कूटी चालक का दाहिना हाथ बस के पहिये के नीचे आ जाने से उसे गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत स्कूटी चालक को बचाया और उसे विधाननगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से उसे उत्तर बंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इसी बीच बस चालक मौके से भाग गया। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने राजमार्ग 31 को जाम कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

लोगों ने आरोप लगाया कि राजमार्ग 31 गत तीन महीने से खराब स्थिति में है, कई बार राजमार्ग प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर पर शिकायत की गयी, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। तीन माह से विधाननगर के बस स्टैंड से सटे इलाके से लेकर सहदरगंज तक राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत खराब है, जिस कारण एक लेन से ही वाहन चल रहे हैं। इस सड़क के खराब होने के कारण कई बार बस और ट्रक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। वाहनों की तेज रफ्तार के कारण सड़क की धूल घरों में घुस रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने कुछ देर के लिए राजमार्ग 31 को जाम कर दिया। आखिरकार विधाननगर थाने की पुलिस मौके पर आयी और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर प्रदर्शन खत्म कराया। वहीं उत्तर बंग राज्य में ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस को के थाने ले जाया गया।

॥ श्री राज श्यामाजी सदा सहाय ॥

परमहंस डा. संत शिरोमणि श्री सदानन्द जी महाराज के द्वारा
श्री मद्भागवत सार दिव्य प्रवचन एवं गुरुजी श्री 108 मोहनप्रियाचार्य जी द्वारा वाणी चर्चा
दिनांक : 21 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024
कथा का समय
21 सितम्बर को सायं 3 से 6 बजे तक
22 सितम्बर को सुबह 9 से 11 एवं सायं 3 से 6 बजे तक
23 सितम्बर को सुबह 8 से 10 बजे पूर्णाहुति
कथा स्थल
श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, सिलीगुड़ी
अशोक गोयल 98320-94475 -: सौजन्य से :- मंजू गोयल 70019-82460
आप सभी भक्तजन सुंदरसाथ सादर आमंत्रित हैं

सोक संवाद

अत्यंत दुःख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय
श्याम सुन्दर महेश्वरी (करवाँ)
(पुत्र : स्व. मदन लाल महेश्वरी (करवाँ)
का स्वर्गवास आज शनिवार दिनांक 21.09.2024 को हो गया है।
अन्तिम यात्रा
रविवर दिनांक 22.09.2024 को सुबह 11.30 बजे
निज निवास, गोकुल धाम अपार्टमेंट, विद्यासागर रोड, खालपाड़ा
सिलीगुड़ी से रामघाट के लिए प्रस्थान करेगी।
प्रतिष्ठान
मदन लाल मनोज कुमार
नया बजार, मोब: 9434131825
शिवम टी कॉर्पोरेशन
नया बजार, मोब: 9832040797
डीकॉम कॉर्पोरेशन
नया बजार, मोब: 9832107300
श्री श्याम इंडस्ट्रीज, फुलबाड़ी
शोकसंतप्त:
राधा देवी (धर्मपत्नी)
मनोज-लक्ष्मी (पुत्र-पुत्रवधू)
रमेश, सुरेश, गोबिन्द, नरेश (भाई)
पूनम-अमित जी (पुत्री-जमाई)
प्रियंका-मनमोहन जी (पुत्री-जमाई)
गौरव, केशव, कृष्णा (भतीजा)
युवराज (पौत्र)
एवं समस्त करवाँ परिवार

एक दिन कि बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की हमारी प्रिय बहन
गीता देवी अग्रवाल
(धर्मपत्नी स्वर्गीय रामनिवास अग्रवाल)
का स्वर्गवास दिनाक 15.09.2024 (रविवार) किशनगंज में हो गया है।
एक दिन कि बैठक
आज दिनाक 22.09.2024 (रविवार) को दोपहर 3.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक निज निवास
Community Hall, Nirvana Homes, Opposite Nirmala Convent School, 2.5 Mile, Sevoke Road, Siliguri
में होगी।
शोकाकुल
पवन-मीना (भाई-भाभी)
सुशीला (भाभी)
अजय, विजय, अकाश, विकाश, आशीष (भतीजा)
एवम समस्त मित्तल परिवार।
प्रतिष्ठान
Car Plus (Siliguri)
Mittal Soap Factory (Oodlabari)
No: 9800061000

॥ १६वीं पुण्यतिथि ॥

स्व. रतनलाल अग्रवाल
बैकुण्ठवास दिनांक 22-09-2008
आदर्श-सत्य-धर्म-परिजन हेतु अर्पित जीवन पाया...
प्रेम-प्यार-समर्पण का आपने पाठ पढ़ाया...
सुख-दुख के हर मौसम में हमको चलना सिखलाया...
रहेगी आपके सत्कर्मों की हम पर, अमिट-अनमोल छाया...
हम आपके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने का प्रयास करते रहेंगे।
-:: श्रद्धावनत् ::-
गीता देवी अग्रवाल (धर्मपत्नी)
पवन-निधि, राजेश-पूनम, मनोज-मोनिका, अमित-गोल्डी (पुत्र-पुत्रवधू)
हुनर, दिया, विधि, दिशा, निहाल, तनधन, देवांश, निश्चय, रेयान (पौत्र पौत्री)
Ashok Hardware Agencies
Sevoke Road, Siliguri - 734001, Ph. : 0353 2430035
Ragi Mercantile Pvt. Ltd.
P-93A CIT Road, Scheme - VI M, Kolkata - 700054

# स्टेट इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्चुअल एसोसिएशन ने बिल नहीं चुकाने पर पूजा से पहले काम बंद करने की दी धमकी



जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल स्टेट इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्चुअल एसोसिएशन की जलपाईगुड़ी जिला कमेटी ने पूजा से पहले बकाया बिल नहीं मिलने पर जिले भर में बिजली विभाग के तहत सभी आपातकालीन सेवाएं बंद करने की चेतावनी जारी की है। शुक्रवार को संगठन की जिला कमेटी ने बिजली विभाग को पत्र भेजकर 20 करोड़ बकाया की मांग करते हुए काम बंद करने की धमकी दी है। इस बीच, मालदा जिले को छोड़कर उत्तर बंगाल के शेष 7 जिलों में इस बकाया की कुल राशि 105 करोड़ है। बकाया भुगतान नहीं होने के कारण ठेकेदार पूजा से पहले श्रमिकों को वेतन और बोनस का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए श्रमिकों ने कहा है कि वे गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी काम बंद कर देंगे। बिल नहीं चुकाने पर पूजा के समय ही सभी तरह का काम बंद कर देने की चेतावनी दी गयी है। इस बीच विद्युत विभाग की ओर से ठेकेदारों को आश्वस्त करने की बात कहने पर भी वे बिल नहीं मिलने तक काम नहीं करने पर अड़े हुए हैं।

संगठन के सूत्रों के अनुसार, जिले में माल डिविजन पर 8 करोड़ रुपये और जलपाईगुड़ी डिविजन में 12 करोड़ रुपये बकाया है। संगठन के जलपाईगुड़ी जिला सचिव रिंटू दत्ता ने कहा कि हम सिर्फ घर के अंदर का काम नहीं करते हैं। ट्रांसफार्मर लगाने से लेकर बिजली लाइनों की मरम्मत, नई लाइन डालने, आंधी पानी में बिजली लाईन की मरम्मत करने के अलावा पूजा के दिनों में भी सांस लेने की फुरसत नहीं मिलती। जिले में 3000 मजदूर और कर्मचारी काम कर रहे हैं। अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। पूजा के दौरान सभी को अपनी मेहनत का पैसा मिलने की उम्मीद रहती है। लेकिन बिल पिछले एक साल से बकाया है, अब भी भुगतान नहीं होगा तो हम क्या कर सकते हैं। हमारी पीठ दीवार से सटी हुई है, इसलिए हमने पूजा से पहले काम बंद करने का फैसला किया है। रिंटू दत्ता ने कहा कि पूजा से पहले बकाया चुका दिए जाने पर हमलोग काम करेंगे। अन्यथा काम बंद कर देंगे।

विद्युत वितरण विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय मंडल ने कहा कि ठेकेदारों के बकाया के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। उम्मीद है कि पूजा से पहले बकाया राशि का भुगतान कर दिया जायेगा। इस बीच, विभाग को अच्छी तरह से पता है कि पूजा के दौरान बकाया राशि नहीं मिलने पर ठेकेदार काम में शामिल नहीं होंगे। अगर काम बंद कर दिया गया, तो पूजा के दौरान विभाग की आपातकालीन सेवाएं बंद कर दी जाएंगी।

## बाढ़ प्रभावित इलाके में एक व्यक्ति लापता, स्पीड बोट से तलाश शुरू

मालदा। मालदा जिला अंतर्गत मानिकचक ब्लॉक में बाढ़ के कारण भूतनी के पुलिनटोला में एक व्यक्ति लापता हो गया। प्रशासन सूत्रों के मुताबिक, लापता व्यक्ति का नाम सौमेन मंडल है। आपदा प्रबंधन टीम शनिवार सुबह से ही उसकी तलाश में जुट गई है। तलाशी स्पीड बोट से चलाई जा रही है। खबर लिखे जाने तक लापता व्यक्ति का पता नहीं चल पाया था। प्रशासनिक सूत्रों का अनुमान है कि व्यक्ति के बचने की संभावना बहुत कम मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में गंगा तट पर रह रहे लोग बाढ़ के कारण परेशान हैं। नदी तटों को काट रही है और गांव उजड़ रहे हैं। खेत, घर, स्कूल, मंदिर सब पानी में समाते जा रहे हैं। ये पूरा मामला राज्य सरकार बनाम केंद्र सरकार बन कर रह गया है।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन

उदलाबाड़ी। शहर से दूर एलेनबाड़ी चाय बागान के सुदूरवर्ती इलाके में शनिवार को आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब दो सौ लोगों को प्राथमिक उपचार और मुफ्त दवाएं दी गयी। एलेनबाड़ी चाय बागान के स्वास्थ्य केंद्र में जीएचआर पीस फाउंडेशन की निदेशक दीपिका बंदा और संपादक बिंदू शर्मा ने कहा, दिन के शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला डॉक्टर के अलावा एक सामान्य चिकित्सक मौजूद थे। दिन में गर्भवती महिलाओं की उपस्थिति महत्वपूर्ण थी। शिविर में निशुल्क दवा व इलाज के अलावा हीमोग्लोबिन, एनीमिया, ब्लड शुगर, प्रेशर आदि की जांच भी की गयी।

# मंत्री उदयन गुहा ने पूजा आयोजकों को सौंपे अनुदान के चेक



दिनहाटा। उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने दिनहाटा शहर में दो पूजा पंडालों का दौरा किया और सरकारी अनुदान राशि के चेक वितरित किए। शुक्रवार रात को पंडाल का दौरा किया गया और पैसे के चेक बांटे गए। जिन दो पूजा समिति के आयोजकों को चेक वितरित किए गए हैं वे दिनहाटा शहीद कॉर्नर दुर्गा पूजा समिति और दिनहाटा नाट्य संस्था दुर्गा पूजा समिति हैं। मंत्री उदयन गुहा के साथ दिनहाटा पुलिस के एसडीपीओ धीमान मित्रा, दिनहाटा थाने के आईसी जयदीप मोदक और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। इस सरकारी चेक वितरण के मौके पर दिनहाटा नाट्य संस्थान की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहां बोलते हुए मंत्री उदयन गुहा ने कहा, दुर्गोत्सव बंगाली जीवन का त्योहार है। कई वर्षों से यह दुर्गोत्सव दिनहाटा में भव्य तरीके से आयोजित किया जाता रहा है। इस साल भी कई पूजा उद्यमियों ने दिनहाटा शहर और उपनगरों में बड़े बजट की पूजा का आयोजन किया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग यहां प्रतिमा दर्शन व पूजा पंडाल का दर्शन करने आयेंगे। दिनहाटा शहर में बड़ी संख्या में पर्यटक आएंगे। दुर्गोत्सव के दिनों में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसे लेकर प्रशासन भी काफी सक्रिय है। उदयन गुहा ने उसी मंच पर थिएटर कंपनी के उद्यमियों को सरकारी अनुदान का चेक सौंपा।

# उत्तर बंगाल में रेलवे पर आतंकी हमले की आशंका! डीआरएम ने उठाए कदम



अलीपुरद्वार। उत्तर बंगाल में रेलवे के बुनियादी ढांचे में आतंकवादी तोड़फोड़ का खतरा है। एसआरपी सिलीगुड़ी ने नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के अलीपुरद्वार के डिविजनल रेलवे मैनेजर को इस आशंका से आगाह किया है। अलीपुरद्वार रेलवे डिवीजन ने पहले से ही एहतियाती कदम उठाये हैं। जीआरपी के अनुसार अपुष्ट सूत्रों से खबर है कि उत्तर बंगाल में रेलवे के बुनियादी ढांचे में तोड़फोड़ हो सकती है। ऐसे में जीआरपी और आरपीएफ के साथ रेलवे ट्रकों की संयुक्त गश्त जरूरी है। हर स्टेशन मास्टर और स्टेशन मैनेजर को अलर्ट करने को कहा गया है। साथ ही कहा गया है कि विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा के लिए खोजी कुत्ते का इस्तेमाल किया जाए। जीआरपी की ओर से विभिन्न स्टेशनों की तोड़फोड़ रोधी टीमों को अलर्ट करने का संदेश रेलवे विभाग को दे दिया गया है। रेलवे को इनपुट के साथ जीआरपी का सहयोग करने के लिए कहा गया है। नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के अलीपुरद्वार के डिवीजनल रेलवे मैनेजर अमरजीत गौतम ने कहा, हमें जीआरपी सिलीगुड़ी से मेल द्वारा सूचित किया गया है कि रेलवे के बुनियादी ढांचे में तोड़फोड़ का खतरा है। हम सतर्क हैं। हमने हर स्टेशन मास्टर एवं आरपीएफ को सूचित कर दिया है। जगह-जगह चेकिंग की जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर हम हमेशा नजर बनाए रखें। कई दिनों से विभिन्न रेलवे लाइनों पर लोहे के पाइप, पत्थर और सिलेंडर रखकर ट्रेनों को पटरी से उतारने की कोशिश की जा रही है। हाल ही में मंगपु इलाके में रेलवे लाइन पर ड्रम गिराने की घटना हुई थी। सितंबर की शुरुआत में शिवराजपुर इलाके में रेलवे ट्रैक पर एलपीजी सिलेंडर रखकर प्रयागराज से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश की गई थी।

# बुजुर्ग भिखारी कूपन खरीदकर नागरिक संसद के साथ हुए खड़े



जलपाईगुड़ी। इस बार बुजुर्ग भिखारियों ने आरजी कर के मुद्दे पर आंदोलनरत्त जलपाईगुड़ी नागरिक संसद के पास खड़ी हुई है। नागरिक संसद की सदस्य दीपा सरकार जलपाईगुड़ी के डीबीसी रोड पर 10 रूपये के कूपन के साथ पैसे इकट्ठा कर रही थीं। चह स्थानीय एक मंदिर में गयी हुयी थी। कूपन देखने के बाद भिखारियों ने पूरा मामला जानने के बाद 10-10 रूपये वाले कूपन खुद ही एकत्र कर लिए और 13 भिखारी आर्थिक मदद के साथ खड़े हो गए। इस घटना से कई लोग चकित रह गए। भिखारी नयनतारा सूत्रधार ने कहा कि वह भी एक मां थीं, उन्हें पता है कि जब एक मां की बेटी मर जाती है तो उस पर क्या बीतती है। लेकिन वह चाहती है कि आरजी कर की महिला डॉक्टर की हत्या के मामले में दोषियों को सजा मिले। नागरिक संसद की सदस्य दीपा सरकार ने कहा कि वह खुद भिखारियों के लिए कूपन लेकर नहीं गईं, जब उन्होंने देखा कि मैं कूपन से पैसे इकट्ठा कर रही हूं तो वे सभी आगे आए।

## कुएं की सफाई के लिए उतरे व्यक्ति की मौत

बीरपाड़ा। कुएं की सफाई के दौरान एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। यह दर्दनाक हादसा शनिवार सुबह फालाकाटा ब्लॉक के पश्चिम झार बेलताली इलाके में हुआ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार रंजीत सरकार आज सुबह घर के कुएं की सफाई करने के लिए कुएं के अंदर गये थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद जब उन्हें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो स्थानीय लोग आगे आये। तुरंत फालाकाटा थाने को सूचित किया गया। इसके अलावा फालकाटा अग्निशमन विभाग के कर्मी भी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों की काफी कोशिशों के बाद व्यक्ति का शव बरामद किया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना से इलाके में मातम छा गया। स्थानीय निवासी असीम दास ने कहा कि कुएं की सफाई के लिए नीचे उतरने के बाद ऑक्सीजन की कमी के कारण व्यक्ति की मौत हो गई होगी।

## विभिन्न पूजा समितियों को दिए गए सरकारी अनुदान के चेक




दक्षिण दिनाजपुर। दक्षिण दिनाजपुर जिले में दुर्गा पूजा समितियों को अनुदान के चेक का वितरण शुरू हो गया है। दुर्गा पूजा के अवसर पर शनिवार को दक्षिण दिनाजपुर जिला प्रशासन के तत्वावधान में दक्षिण दिनाजपुर जिले की दुर्गा पूजा समितियों और क्लबों के साथ बालुरघाट में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक बालूरघाट के बलूछाया ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की गई। दक्षिण दिनाजपुर जिले के जिलाधिकारी बिजिन कृष्णा, दक्षिण दिनाजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक चिन्मय मित्तल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्तिक चंद्र मंडल, जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुदीप दास, पश्चिम बंगाल राज्य बिजली आपूर्ति कंपनी लिमिटेड के मुख्य अभियंता शुभोदीप बनर्जी, डिविजनल फायर ऑफिसर शिवानंद बर्मन आदि लोग उपस्थित थे। आज की बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन की अनुमति के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने के दिशा-निर्देश और पूजा समितियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में मौजूद अधिकारियों ने दुर्गा पूजा समितियों को सुरक्षा को लेकर अपनाए जाने वाले दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। बैठक के अंत में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पूजा समितियों के प्रतिनिधियों को राज्य सरकार के अनुदान का चेक सौंपा। बैठक में पुलिस अधीक्षक चिन्मय मित्तल ने अपने संबोधन में उत्पीड़न मुक्त, दुर्घटना मुक्त दुर्गा पूजा के मुद्दे पर प्रकाश डाला और सुरक्षा को लेकर प्रमुख पूजा समितियों की जिम्मेदारी पर रौशनी डाली। दक्षिण दिनाजपुर जिले के जिला शासक बिजिन कृष्णा ने इस दिन अपने भाषण में दक्षिण दिनाजपुर जिले में शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

# खुदरा दवा दुकानों में लटकाया जा रहा नो डिस्काउंट का बोर्ड




उदलाबाड़ी। दवाओं की बेलगाम कीमत बढ़ने का सिलसिला जारी है, उस पर तुक्का यह कि खुदरा दवा दुकानों में एक बार फिर नो डिस्काउंट का बोर्ड लटका दिया गया है, जिससे आम आदमी की जेब पर असर पड़ रहा है। राज्य के कई अन्य स्थानों की तरह, उदलाबाड़ी, मालबाजार आदि इलाकों में दवा दुकानों ने हाल ही में नो डिस्काउंट का बोर्ड लटकाना शुरू कर दिया है। जब दुकान मालिकों से अचानक इन बोर्डों को लगाने का कारण जानना चाहा गया, तो उन्होंने अपने संगठन बेंगल केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (बीसीडीए) के नेताओं से पूछने को कहा। बीसीडीए के मॉल जोनल कमेटी के सचिव गौतम सेन ने कहा, दरअसल, यह देखा गया है कि ग्राहकों को दवाओं की प्रिंट कीमतों पर छूट देने के दौरान कई दवा दुकानों को बंद करने की नौबत आ रही है। कई लोग ऐसा करने के लिए मजबूर हैं। इस स्थिति से राहत पाने के लिए बीसीडीए राज्य समिति के निर्णय के बाद दवाओं पर छूट नहीं देने का निर्णय लिया गया है। हमने अपने जोन के दवा दुकानों में कोई छूट नहीं, का बोर्ड भी लगाने को कहा है। बीसीडीए मॉल ज़ोन कमेटी के उपाध्यक्ष विकास रंजन पाल ने कहा, अगर हमारे लाभ का कुछ हिस्सा छूट देने में चला जाता है, तो हमलोगों का चलेगा कैसे? दूसरी ओर, ब्रतिन सिकदार, तुलु भौमिक, शेखर दे जैसे आम लोग बीसीडीए के इस तर्क को मानने को तैयार नहीं हैं। इस संदर्भ में ब्रतिन सिकदार ने कहा कि खुदरा दवा कारोबार में लाभ की मात्रा अधिक रहती है इसलए वे ग्राहकों को आसानी से कुछ छूट दे सकते हैं। तुलु भौमिक ने कहा कि लगभग हर महीने, जीवन रक्षक दवाओं से लेकर सामान्य बुखार, सिरदर्द, पेट खराब, सर्दी आदि की हर दवा की कीमत असामान्य दर से बढ़ रही है। हर महीने दवा की कीमत बढ़ा रहे हैं। ऐसे में 10-15 फीसदी की छूट से ग्राहकों को थोड़ी राहत मिलती है। बीसीडीए को यह फैसला वापस लेना चाहिए। शेखर दे ने एक बार फिर दवा की कीमतों में बढ़ोतरी को नियंत्रित करने के लिए दवा निर्माता कंपनियों पर सख्त सरकारी निगरानी की मांग की है। ऐसे में क्या बीसीडीए आम लोगों की मांगों को स्वीकार करेगा, इस पर सभी की निगाहें हैं।

# दक्षिण दिनाजपुर जिला को स्कॉच अवार्ड में स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित




कालियागंज। जिला शासक सुरेंद्र कुमार मीणा के लगातार कोशिशों एवं अथक प्रयासों के चलते उत्तर दिनाजपुर जिले को स्कॉच ग्रुप द्वारा स्कॉच अवार्ड में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है।

स्कॉच ग्रुप के इस पहल का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को उनके शारीरिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को बढ़ावा देने के लिए टिकाऊ, आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से निर्मित सहायक उपकरण करना है। जिससे विकलांगता के प्रभाव को कम किया जा सके और उनकी शैक्षिक और आर्थिक क्षमता में वृद्धि हो सके। जीवन की तलाश में सक्षम बनाने के लिए समान अवसर मुहैया करवाना ग्रुप का उद्देश्य है। एक मजबूत और समावेशी समाज का निर्माण करना, जहाँ विशेष आवश्यकता वाले व्यक्ति उत्पादक, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें। विशेष आवश्यकता वाले ऐसे व्यक्तियों और उनके परिवारों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं की बेहतर समझ के लिए व्यापक अभियानों के माध्यम से एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना भी ग्रुप का उद्देश्य है। विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों के अधिकारों के लिए खड़े होने के लिए परिवारों, मित्रों और गैर सरकारी संगठनों/सीएसओ द्वारा निभाई गई भूमिका की सार्वजनिक रूप से सराहना करना भी ग्रुप की गतिविधियों में शामिल है। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति इस परियोजना के लिए ग्रुप की भागीदार थी। इस परियोजना के परिणामस्वरूप 25 दिनों की अवधि में 5 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित शिविरों के दौरान 11458 लाभार्थियों ने पंजीकरण कराया। इन शिविरों से 9954 लाभार्थियों को सहायक उपकरण और सहायक उपकरण प्रदान किए गए। विशेष रूप से कृत्रिम हाथ और अंग तैयार करके प्रदान किए गए। विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों के अधिकारों और सम्मान के बारे में जन-जागरूकता पैदा की गई। वित्तीय सहायता के लिए ऐसे विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को विभिन्न सामाजिक लाभ कार्यक्रमों जैसे कि मानसिक और विकलांगता पेंशन योजना में शामिल किया गया। विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों के लिए अधिक समावेशी बुनियादी ढाँचा बनाने की योजना भी ग्रुप की गतिविधियों में शामिल है।

## 5000 बोतल कफ सिरप और 1500 याबा टैबलेट के साथ युवक धराया



दिनहाटा। बीएसएफ ने बांग्लादेश में तस्करी के लिए रखे गए 5000 बोतल कफ सिरप और 1500 याबा टैबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। शनिवार की सुबह शीतलकुची सीमा से कफ सिरप और याबा टैबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। शनिवार को युवक को शीतलाकुची पुलिस को सौंप दिया गया। बीएसएफ सूत्रों के मुताबिक, कूचबिहार के शीतलकुची ब्लॉक में शीतलकुची सीमा के गोलेनाहाटी इलाके के एक घर में बड़ी मात्रा में कफ सिरप और याबा टैबलेट का भंडारण किया गया था। यह खबर संबंधित सीमा की बीएसएफ को गुप्त सूत्रों से पता चली। बीएसएफ 157 बटालियन के जवानों ने उस घर को घेर लिया। तलाशी के दौरान बीएसएफ ने 5,000 बोतल कफ सिरप और 1,500 याबा टैबलेट बरामद किए। इसके अलावा, बीएसएफ ने बांग्लादेश में तस्करी के लिए अवैध कफ सिरप और याबा टैबलेट जमा करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। बाद में युवक को बीएसएफ ने पुलिस को सौंप दिया।

# चांचल साप्ताहिक बाजार में दुकानों के वितरण में भ्रष्टाचार का आरोप




मालदा। चांचल सदर इलाके के चांचल साप्ताहिक बाजार में दुकानों के वितरण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सत्तारूढ़ दल के श्रमिक संगठन के ट्रेड यूनियन द्वारा अनुमंडलीय पदाधिकारी को प्रतिनियुक्ति दी गई। हालांकि तृणमूल नेतृत्व ने आश्वासन दिया है कि नियमानुसार सिर्फ हाट व्यवसायियों को ही दुकान मिलेगा। बताते चलें कि चांचल सदर के साप्ताहिक बाजार में दैनिक विनियमित विपणन समिति से लगभग 9 करोड़ रुपये की आवंटित राशि से एक पक्की इमारत का निर्माण किया गया था। भवन में दुकान आवंटित करने के लिए स्थायी दुकानदारों से दस्तावेज पहले ही ले लिए गए हैं और दुकान आवंटन करने के लिए समिति की ओर से डाक से सूचना की व्यवस्था की गई है। जिससे व्यापारियों को डर है कि यह व्यवस्था भ्रष्टाचार का खाका तैयार कर सकती है। कुछ स्थानीय जन प्रतिनिधि बड़ी रकम लेकर अस्थाई दुकान व बिना व्यवसायी जैसे लोगों को दुकान दे सकते हैं ऐसे में जो लोग लंबे समय से दुकान कर रहे हैं वे गायब हो जायेंगे। इसी मुद्दे पर आज दोपहर को तृणमूल की सामसी हटवारी यूनियन की चांचल शाखा की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। मांग की गई है कि नियमों का पालन करते हुए केवल बाजार के स्थाई व्यापारियों को ही दुकान मिले। जिसमें किसी भी प्रकार से कोई अनियमितता न हो। ज्ञापन सौंपेंगे के क्रम में हाटवारी संघ के अध्यक्ष मानवेंद्र बनर्जी, श्रमिक संगठन के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवब्रत सिंह समेत अन्य हाट व्यवसायी मौजूद थे। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष ने कहा कि अनियमितता हुई तो हाट की दुकानों को बंद कर देंगे। साथ ही मांग करते हुए कहा कि झोपड़ी में दुकान चलाने वालों को बीस रुपये साप्ताहिक देना होता है। लेकिन अब 600 रुपये प्रति माह देने का आधिकारिक नोटिस जारी कर दिया गया है। इस फैसले को वापस लिया जाना चाहिए। सुनने में आया है कि कुछ स्थानीय नेता हैं जो यहां पैसे का खेल खेलने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में अगर उन्हें घर नहीं मिला या फिर उनसे पैसे मांगे गए तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सरकारी बस की चपेट में आ एक व्यक्ति जख्मी



बागडोगरा (निज संवाददाता)। बस के पहिये से एक व्यक्ति का पैर कुचल गया। गंभीर रूप से घायल इस व्यक्ति को उत्तर बंग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना आज दोपहर बागडोगरा बिहार मोड़ पर घटी। उत्तर बंग राज्य परिवहन निगम की एक बस मुर्शिदाबाद के उमरपुर से सिलीगुड़ी जा रही थी।

बिहार मोड़ पर जब बस यात्रियों को उतारने के लिए रुकी तो कुछ यात्री उतर गए। लेकिन उक्त व्यक्ति बस से उतरते वक्त सड़क पर गिर गया और बस का एक पहिया उसके पैर के ऊपर से गुजर गया। उसके चिल्लाने पर स्थानीय लोग दौड़े और चोपड़ा के रसाखोवा निवासी फजीरुल रहमान नामक उक्त व्यक्ति को गंभीर हालत में उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है।

हालांकि बस चालक मौका पाकर बस छोड़कर भाग गया। लेकिन बस के कंडक्टर रबीउल इस्लाम को बागडोगरा ट्रैफिक गार्ड के कर्मियों ने पकड़ लिया। रबीउल ने कहा कि वह व्यक्ति बस का यात्री नहीं था, उसने बिहार मोड़ पर ट्रैफिक प्वाइंट पर लाल बत्ती पर बस को रुके देखा और बस की ओर दौड़ पड़ा। इसी बीच बत्ती हरी होने पर बस चल पड़ी और उक्त व्यक्ति दुर्घटना का शिकार हो गया।

# वृद्ध का शव बरामद होने से फैली सनसनी

अलीपुरद्वार (निज संवाददाता)। फालाकाटा ब्लॉक के जटेश्वर अलीनगर बांध के किनारे वाले इलाके में एक वृद्ध का शव बरामद होने से सनसनी फैल गयी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार शनिवार की दोपहर स्थानीय लोगों ने वृद्ध का शव बिरकिटी नदी में बहते हुआ देखा। इसी बीच खबर पाकर जटेश्वर चौकी की पुलिस मौके पर आई और शव को बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया। शव को बीरपा स्टेट जनरल हॉस्पीटल भेजा दिया गया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है।

# कालियागंज में पूजा समितियों को सौंपे गये सरकारी अनुदान राशि के चेक

कालियागंज (निज संवाददाता)। पुलिस एवं नगरपालिका प्रशासन के अधिकारियों ने कालियागंज शहरी क्षेत्र की विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों को राज्य सरकार के अनुदान के चेक सौंपे। शुक्रवार की रात कालियागंज शहर के विभिन्न मोहल्लों में जाकर दुर्गापूजा समितियों को पूजा अनुदान के लिए 85 हजार रुपये के चेक सौंपे गये।

इस चेक वितरण कार्यक्रम में कालियागंज थाना के आईसी देवब्रत मुखजी, नगरपालिका अध्यक्ष रामनिवास साहा, उपाध्यक्ष ईश्वर रजक भी उपस्थित थे। कालियागंज में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर सरकार द्वारा अनुमोदित दुर्गा पूजा समितियों की संख्या 134 है। पुलिस के अनुसार, शहर में पूजा अनुदान चेक वितरण शुरू होने के बाद कालियागंज के ग्रामीण इलाकों में क्षेत्रवार चेक वितरण प्रक्रिया चरण दर चरण जारी रहेगी। पिछले साल की तुलना में दुर्गा पूजा का अनुदान 15 हजार रुपये बढ़ाकर 85 हजार रुपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घोषणा के अनुसार, 2025 में दुर्गा पूजा का अनुदान एक लाख रुपये होगा। आगामी दो अक्टूबर को महालया के दिन से ही मुख्यमंत्री के हाथों कोलकाता समेत बंगाल के विभिन्न जिलों में दुर्गा पूजा का समारोहपूर्वक उद्घाटन हो सकता है।

# महकमाशासक व अन्य अधिकारियों ने पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

## ● पूजा मंडप में नियमों के पालन के संबंध में की गयी पूछताछ



धूपगुड़ी (निज संवाददाता)। पूजा मंडप की तैयारी के दौरान धूपगुड़ी के महकमा शासक समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पूजा मंडप के गेट पर पानी जमा होने, आम लोगों की सुविधाओं व कठिनाइयों, बिजली विभाग की निगरानी, आग बुझाने की व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों की जांच की। महकमाशासक पुष्पा डोल्मा लेप्चा ने शनिवार को धूपगुड़ी शहर की विभिन्न पूजा समितियों की पूजा व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद समितियों को जरूरी एहतियाती कदम उठाने को कहा है। इस निरीक्षण में महकमाशासक के साथ धूपगुड़ी ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अंकुर चक्रवर्ती, पंचायत समिति की अध्यक्ष अर्चना सूत्रधर, धूपगुड़ी पुलिस स्टेशन के आईसी अनिंद्य भट्टाचार्य, अग्निशमन अधिकारी विप्लव ठाकुर, बिजली विभाग के स्टेशन प्रबंधक अखिलेश कुमार उपस्थित थे। इस दिन दुर्गा पूजा समितियों से पूछा गया कि क्या पूजा मंडप में काम करने वाले सभी कर्मचारी वहीं रह रहे हैं या वहीं खाना बना रहे हैं और खा रहे हैं, क्या उनका पानी कहीं जमा हो रहा है, क्या वे आग का इस्तेमाल कर रहे हैं, क्या बिजली में कोई त्रुटि है या नहीं। इसके अलावा मुख्य सड़क से पूजा के गेट निर्माण में कितनी जगह छोड़ी गई और मंडप के निर्माण में किस किस चीज का उपयोग किया जा रहा है, इस संबंध में भी पूछताछ की गयी।

निरीक्षण के बाद महकमाशासक पुष्पा डोल्मा लेप्चा ने कहा, हम यह निरीक्षण जिलाशासक और जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कर रहे हैं। यह देखा जा रहा है कि इस्तेमाल किए गए संग्रहित पानी से मच्छरों का प्रकोप तो नहीं हो रहा या सभी नियमों को मान कर पूजा की जा रही है या नहीं।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

कूचबिहार (निज संवाददाता)। कूचबिहार जिला पुलिस की पहल और मेखलीगंज थाने के सहयोग से शनिवार को जमालदह में वृक्षारोपण कार्यक्रम और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पुलिस अधीक्षक द्युतिमान भट्टाचार्य ने किया। इस मौके पर माथाभांगा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गड़ाई, मेखलीगंज महकमा पुलिस अधिकारी आशीष पी सुब्बा, मेखलीगंज पुलिस थाने के ओसी मणि भूषण सरकार और अन्य उपस्थित थे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन जमालदह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यहां विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गये। इसी दिन जमालदह पुलिस चौकी में वृक्षारोपण के साथ-साथ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

वहां आम लोगों के साथ पुलिसकर्मी भी रक्तदान करने के लिए आगे आए। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के अलावा कूचबिहार जिला पुलिस द्वारा वर्ष भर विभिन्न सामाजिक कार्य किये जाते हैं। स्थानीय विधायक परेश चंद्र अधिकारी, जमालदह ग्राम पंचायत प्रधान गीता बर्मन, उचुलपुकुरी ग्राम पंचायत प्रधान गायत्री बर्मन, चेंगड़ाबांधा ग्राम पंचायत प्रधान मानिक रहमान और कई अन्य लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

# पूर्व प्राचार्य एसके मोक्तान को विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि

दार्जिलिंग (निज संवाददाता)। पूर्व प्राचार्य एसके मोक्तान को पूर्व छात्रों ने सम्मानित किया। हाल ही में सेवानिवृत्त हुए रेलिंग हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक एसके मोक्तान का आज वर्ष 1995 के पूर्व छात्रों के साथ वर्तमान समय के छात्रों के साथ नवगठित संगठन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया गया।

रेलिंग हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व और वर्तमान छात्रों ने व्यापक रूप से भाग लिया, जबकि शिक्षक एसके मोक्तान अपने जीवन के 37 वर्षों से अधिक समय रेलिंग हायर सेकेंडरी स्कूल में योगदान देने के बाद सेवानिवृत्त हुए।

आज के स्मरणोत्सव कार्यक्रम के आयोजक पूर्व छात्र संघ समिति के अध्यक्ष बिमल शर्मा, संजय छेत्री, गोपाल लामा, सुजान राई, बिनय देवान, नरजीत राई, इंद्र शर्मा, मुकेश पोखरेल, ओम शर्मा, दीपक गुरुंग और सुबास गुरुंग रहे। यह जानकारी पूर्व छात्र गोपाल लामा ने दी।

# राधिकापुर से दिल्ली तक चलायी जायेगी नई ट्रेन, डीआरएम ने किया परिदर्शन

कालियागंज (निज संवाददाता)। रायगंज के नवनिर्वाचित सांसद कार्तिक पाल के अनुरोध पर दिल्ली के लिये ट्रेन शुरू करने के लिए शनिवार को कटिहार के डीआरएम सुरेंद्र कुमार ने राधिकापुर स्टेशन का परिदर्शन किया। इस दिन दोपहर करीब 12 बजे डीआरएम ने रायगंज सांसद के साथ राधिकापुर से नई ट्रेन शुरू करने से पहले जरूरी निरीक्षण किया।



इस परिदर्शन के दौरान पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के चिफ ऑपरेशन मैनेजर और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। परिदर्शन के बाद डीआरएम ने कहा कि राधिकापुर से दिल्ली के लिए एक नयी ट्रेन चलायी जायेगी। यह नई ट्रेन कब शुरू होगी और इसके लिये किस तरह की व्यवस्था करने की जरूरत है? इस पर सांसद से चर्चा की गयी। डीआरएम ने कहा कि अगले दो सप्ताह के अंदर राधिकापुर से दिल्ली के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि राधिकापुर-दिल्ली सीमांचल लिंक ट्रेन कोविड के वक्त हुए लॉकडाउन के बाद से बंद है। इसके अलावा 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणा के एक दिन पहले ही रेलवे बोर्ड ने राधिकापुर-दिल्ली साप्ताहिक ट्रेन शुरू करने की अधिसूचना जारी कर दी थी।

# इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु साइकिल रैली



जयगांव (नि.सं)। इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल के तहत भूटान के पारो से पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। आज अलीपुरद्वार जिला प्रशासन ने भारत-भूटान सीमा से सटे जयगांव के जीएसटी मोड़ से इस साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 11 अंतरराष्ट्रीय साइकिलिस्टों की भागीदारी वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत जीएसटी मोड़ से हुई, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट और विमला, अलीपुरद्वार के पुलिस अधीक्षक वाई रघुवंशी, जेडीए चेयरमैन गंगा प्रसाद शर्मा आदि मौजूद थे उन्होंने हरी झंडी दिखाकर समारोह की अध्यक्षता की। बताया गया है कि यह रैली यहां से डुआर्स के खूबसूरत रूट को कवर करते हुए कामलीपोंग तक जाएगी जिसमें डुआर्स के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस रैली का आयोजन जयगांव ट्रैवल वेलफेयर एसोसिएशन और नॉर्थ ईस्टर्न हिमालय एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के सहयोग से किया गया था।

# वालीबॉल टीम के खिलाड़ियों की वापसी पर किया गया भव्य स्वागत

मिरिक (निज संवाददाता)। पश्चिम बंगाल और उत्तर पूर्व का प्रतिनिधित्व करते हुए मिरिक के लुईस इंग्लिश स्कूल और सौरेनी ग्रीन लॉन इंग्लिश स्कूल की 17 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की वालीबॉल टीम ने तमिलनाडु में आयोजित सीआईएससीई राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। सौरेनी गीनलन अंग्रेजी स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। घर लौटने पर कोच आनंद जोहन, जितेन तामांग और टीम मैनेजर बिनीता सुब्बा के नेतृत्व में लड़कियों की वालीबॉल टीम का बागडेगरा हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया।

अंडर 17 लड़कियों की वालीबॉल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों ने भाग लिया। बिहार ने झारखंड, केरल, गुजरात और महाराष्ट्र स्कूल को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा पश्चिम बंगाल और नॉर्थ ईस्ट का प्रतिनिधित्व करते हुए लुईस इंग्लिश स्कूल और सप्तश्री ज्ञानपीठ की लड़कियों ने अंडर 14 वर्ग के मैच में भाग लिया, वे क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। हालांकि लुईस इंग्लिश स्कूल की दो छात्राएं काव्या घीसिंग और मंजुश्री तामांग ने बाजी मारी। सीआईएससीई की राष्ट्रीय बालिका वालीबॉल टीम छठे स्थान पर है। मिरिक की इस बालिका वालीबॉल टीम ने न केवल मिरिक बल्कि पहाड़ों का भी सिर ऊंचा किया है और पूरे पहाड़ का नाम रोशन किया है।

# मिरिक महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का स्थापना दिवस 24 सितंबर को

मिरिक। मिरिक महाविद्यालय की एनएसएस इकाई 24 सितंबर को अपना स्थापना दिवस मनाएगी। मिरिक महाविद्यालय एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी बिक्रम राई और पेमू शेर्पा ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मिरिक महकमा समिति के सहयोग और व्यवस्थापन में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है।

सभी गणमान्य व्यक्तियों से रक्तदान जैसी मानवीय सेवाओं के लिए मदद करने का आह्वान किया है।


**डिपो के लिए बालास्ट की आपूर्ति का प्रावधान**

**ई-निविदा सूचना संख्या. GMW-062024-MLG तारीखः 18-09-2024।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. GMW-062024-MLG कार्य का नामः** डीवाई.सीई/ट्रैक/मालीगॉव के अधीन पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के लिए पाकुर/तिलभिटा बालास्ट के डिपो के लिए आपूर्ति का प्रावधान कराना। **अनुमानित निविदा राशिः** ₹40,36,27,500/-। **बोली सुरक्षा जमाः** ₹21,68,100/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 18-10-2024** तारीख के **15.00** बजे में एवं खुलेगीः **18-10-2024** तारीख के **15.05** बजे में। विस्तृत तथ्यों के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर अवलोकन करें।

उप मुख्य अभियंता/ट्रैक, मालीगॉव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में



**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**

**e-Tender Notice**

**Office of the B.D.O., Banarhat Block, Jalpaiguri**

Notice inviting eTender by the undersigned for different works vide NIT No. **BANARHAT/EO/NIT-02/2024-25(3rd Call).** Last date of online bid submission **25/09/2024 at 02.00 PM respectively.** For further details you may visit ***https://wbtenders.gov.in***

*Sd/-*
*B.D.O.,*
*Banarhat Block*



**बरहरवा में गिट्टी की डिपो आपूर्ति का प्रावधान**

**ई-निविदा सूचना सं. जीएमडब्ल्यू-052024-एमएलजी; दिनांकः 18-09-2024।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** जीएमडब्ल्यू-052024-एमएलजी। **कार्य का नामः** डीवाई. सीई/ट्रैक/मालीगांव के अंतर्गत पू. सी. रेल के लिए बरहरवा (बीएचडब्ल्यू) में गिट्टी की डिपो आपूर्ति का प्रावधान। निविदा मूल्यः ₹26,90,85,000/-; बिड सिक्युरिटीः ₹14,95,400/-। **ई-निविदाएं** 18-10-2024 को 15.00 बजे **बंद होंगी** और 18-10-2024 को 15.05 बजे **खुलेंगी**। विवरण के लिए www.ireps.gov.in पर पधारें।

उप मुख्य अभियंता/ट्रैक, मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कटिहार मंडल में व्यापक रखरखाव का अनुबंध**

**निविदा सूचना संख्याः 14-AMC-COMP-KIR-24; दिनांकः** 19-09-2024; निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** कटिहार मंडल के कोचिंग डिपो कटिहार, किशनगंज और न्यू जलपाईगुड़ी, आरओएच डिपो न्यू जलपाईगुड़ी और डेमू शेड सिलीगुड़ी जंक्शन में 02 वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया गया 10 एयर कंप्रेसर का व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी)। **निविदा मूल्य :** ₹27,22,100/-; **बोली सुरक्षा :** ₹ 54,400/-; निविदा के **बंद** करने की **तिथि** और **समय 14-10-2024** को **15:00** बजे और खोलने की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

सीनियर डीएमई, कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**खुली ई-निविदा**

निम्नलिखित ***ई-निविदाओं*** को **www.ireps.gov.in** लिंक के अंतर्गत देखा जा सकता है। ऐसी ई-निविदा के प्रस्ताव केवल **www.ireps.gov.in→लॉगिन→ई-निविदा स्टोर/सप्लाई** लिंक पर जाकर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। विक्रेता विशेष निविदा या आईआरईपीएस से संबंधित जानकारी, यदि कोई हो, के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं, उप सीएमएम/मुख्यालय/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन, **0341-2525594** या एसएमएम/सीओएन/मुख्यालय, **0341-2535631**।

**[ए] सं. सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई-टेंडर/19/0162, दिनांकः 16/09/2024। क्रमांकः [1]। निविदा सं.: 70245008ए। मद का संक्षिप्त विवरणः** संलग्न अनुलग्नक एवं आरेखों के अनुसार 12 संख्यक ट्रांसफॉर्मरों के लिए सहायक उपकरणों की खरीददारी। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। **मात्राः 1.00 सेट। बयाना राशि जमा :** रु. 2,05,330.00। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय (भामास): 05/10/2024 को 11:00 बजे।**

**[बी] सं. सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई-टेंडर/19/0162, दिनांकः 18/09/2024। क्रमांकः [1]। निविदा सं.: 75244054। मद का संक्षिप्त विवरणः** सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन हेतु डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको/श्रेणी-संरचनात्मक के लिए लघु फैब्रिकेटेड मदें (एसएस)-1 (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने], **मात्राः 600.00 सेट। बयाना राशि जमा :** रु. 3,53,060.00। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय (भामास): 15/10/2024 को 11:00 बजे।**

**[PR4/644]** पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन

हमें अनुसरण करें: www.facebook.com/clwrailways


# खानीखोला ब्रिज के नीचे चलाया गया स्वच्छता अभियान

रंगपो (निज संवाददाता)। टाइटन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से श्रमदान स्वच्छता ही सेवा पहल के तहत खानीखोला ब्रिज के नीचे जल निकायों को साफ करने के लिए एक बड़ा सफाई अभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण और जल निकायों की सफाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान रंगपो नगर पंचायत के मझिटार की पार्षद श्रीमती संजू मंगर के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान में स्थानीय निवासियों, नगर निगम के कर्मचारियों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी की, जो क्षेत्र में जल निकायों से कचरा और मलबा हटाने के लिए मिलकर काम कर रहे थे। यह पहल बड़े स्वच्छता ही सेवा आंदोलन का हिस्सा थी, जो पूरे देश में स्वच्छता प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। श्रीमती संजू मंगर ने स्वच्छ जल स्रोतों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और समुदाय से श्रमदान (स्वैच्छिक श्रम) के माध्यम से ऐसे प्रयासों में योगदान जारी रखने का आग्रह किया।

# अमेरिका में पीएम मोदी के खिलाफ पोस्टर, राहुल गांधी पर बरसी भाजपा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमेरिका में लगाए गए पोस्टर के लिए लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह भारत विरोधी नफरत की दुकान का विज्ञापन है।

आईएएनएस से बातचीत करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी अमेरिका से लौटकर आए हैं, मैं कहना चाहूंगा कि भारत विरोधी शक्तियों के स्थापित और प्रायोजित मोहरों के साथ भारत के विरुद्ध होने वाली सियासत की जमात पर जो गलबहियां करके वो आए हैं, मुझे लगता है यह उसका आफ्टर इफेक्ट दिखाई दे रहा है। यह वही नफरती जमात है, जिनकी नफरत की इस दुकान में निंदनीय विज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति में यह संदेह पैदा होता हैटाइमलाइन को देखकर, कहीं इसके पीछे वही लोग तो नहीं हैं, जो राहुल गांधी से भारत विरोधी शक्तियों की मुलाकात कराकर, भारत विरोधी सियासत को बढ़ा रहे थे। फिर चाहे अंकल सैम से हों या कोई भी हो और अधिक दुख इस बात का होता है कि उस प्रधानमंत्री के लिए है, जिसने भारत को 10 वर्षों में फ्रेजाइल फाइव से टॉप-5 इकोनॉमी में पहुंचाया है, जिसने 26 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। जिसने डिजिटल वर्ल्ड में भारत को सिरमौर बनाया, जिसने आंतरिक और बाह्य सुरक्षा इतनी सुधारी कि 10 साल पहले भारत का कोई ऐसा राज्य या बड़ा शहर नहीं था, जहां आतंकी हमले ना होते हो। पीएम मोदी ने भारत को वहां से निकाला, आत्मरक्षा में भारत को मजबूत बनाया। नरेंद्र मोदी एकमात्र प्रधानमंत्री हैं, जिसे मॉर्निंग कंसल्ट ने लगातार विश्व के लोकप्रिय नेता के रूप में माना है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हाल ही में पीएम मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ गले मिलते हुए दिखाई दिए। यह कूटनीतिक क्षमता प्रधानमंत्री मोदी के सिवाय और किसी में नहीं थी। पीएम मोदी ने ऐसा करके भारत के अंदर हुए सामाजिक परिवर्तन का एक बड़ा प्रतीक भी दिखाया है, क्योंकि वह भारत के पहले ओबीसी प्रधानमंत्री हैं, जिसने सबका साथ पाते हुए भारत ही नहीं, दुनिया भर में भारत का मस्तक ऊंचा किया है।

# डीवीसी से पानी छोड़ने के बारे में बंगाल के अधिकारियों को दी गई जानकारी : पाटिल

## ● केंद्रीय जलशक्ति ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर कहा है कि दामोदर घाटी निगम जलाशयों से पानी छोड़े जाने के बारे में प्रदेश के अधिकारियों को हर स्तर पर सूचित किया गया जो किसी बड़ी आपदा को रोकने के लिए आवश्यक था।

अपने पत्र में पाटिल ने डीवीसी जलाशयों से पानी छोड़े जाने के कारण आने वाली बाढ़ के बारे में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की चिंताओं का जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि पानी छोड़ने का प्रबंधन दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति (डीवीआरआरसी) द्वारा किया जाता है, जिसमें केंद्रीय जल आयोग, पश्चिम बंगाल, झारखंड और डीवीसी के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

इससे पहले दिन में ममता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि उनका राज्य दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ सभी संबंध तोड़ देगा क्योंकि उसने 'एकतरफा पानी छोड़ा' जिससे दक्षिण बंगाल के जिलों में बाढ़ आई। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में 50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और उन्होंने आग्रह किया कि बाढ़ से बड़े पैमाने पर हुई तबाही से निपटने के लिए तत्काल केंद्रीय धनराशि स्वीकृत कर जारी की जाए। अपने पत्र में पाटिल ने डीवीसी जलाशयों से पानी छोड़े जाने के कारण आने वाली बाढ़ के बारे में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की चिंताओं का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि पानी छोड़ने का प्रबंधन दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति (डीवीआरआरसी) द्वारा किया जाता है, जिसमें केंद्रीय जल आयोग, पश्चिम बंगाल, झारखंड और डीवीसी के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

# महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन

मंगन। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जूनियर हाई स्कूल, नामपतम में पोषण माह कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हेडमास्टर, जूनियर हाई स्कूल (नामपतम), शिक्षक, छात्र, पर्यवेक्षक (मंगन जोन), जिला समन्वयक (मंगन), विशेष शिक्षक (मंगन), एलएचवी (मंगन अस्पताल), एएनएम (मंगन अस्पताल), माताएं और किशोरियां, एसएचजी सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (एडब्ल्यूडब्ल्यू), आंगनवाड़ी सहायक (एडब्ल्यूएच), डाटा एंट्री ऑपरेटर, पोषण निरीक्षक उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगन जोन की सुपरवाइजर सुनीता अधिकारी के उद्घाटन भाषण से हुई, जिन्होंने आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित किया। उन्होंने पोषण अभियान के तहत पोषण और समग्र कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रीफिंग के बाद पोषण निरीक्षक सतीश शर्मा ने पोषण, विकास निगरानी के महत्व, पूरक आहार के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध भोजन को शामिल करने, मध्याह्न भोजन को पौष्टिक बनाने, संतुलित आहार, स्वस्थ खाने की आदतों और बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में अच्छे पोषण की भूमिका पर जानकारीपूर्ण बातचीत की। मंगन शिक्षा विभाग की जिला समन्वयक श्रीमती डिकी डोमा लेप्चा और विशेष शिक्षक श्रीमती लीजुम लेप्चा ने समावेशी शिक्षा और संशोधित आरपीडब्ल्यूडी (विकलांग व्यक्ति के अधिकार अधिनियम) 2016 पर प्रकाश डाला।

एएनएम (मंगन जिला अस्पताल) और एलएचवी (मंगन जिला अस्पताल) ने एनीमिया, इसके लक्षण, रोकथाम, उपचार और एलएचवी द्वारा समुदाय को प्रदान की जाने वाली विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं पर एक व्याख्यान दिया। डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ) छिरिंग लेप्चा ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) का अवलोकन प्रस्तुत किया, जो गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। नामपतम जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय पोषण माह, 2024 के तहत बेहतर पोषण परिणामों के लिए जन आंदोलन को जारी रखने का मुख्य बिंदु दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जो एक मजबूत और स्वस्थ समुदाय के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण तत्व हैं।

यह कार्यक्रम एक शानदार सफलता थी, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने सक्रिय भागीदारी की तथा इसने बच्चों, माताओं और समग्र समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार के प्रति महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# पीयूष गोयल ने लाओस में आसियान मंत्रियों के साथ की द्विपक्षीय बैठकें

वियनतियाने (आईएएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को लाओस में 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान म्यांमार और दक्षिण कोरिया के अपने समकक्षों के साथ बैठक की।

बैठक के बाद गोयल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के आर्थिक मंत्रियों की बैठक के अवसर पर म्यांमार के निवेश और विदेशी आर्थिक संबंध मंत्री डॉ. कान जॉ के साथ बैठक की।

मंत्रियों ने दाल, डीजल, गैसोलीन, इलेक्ट्रिक वाहन आदि क्षेत्रों में संभावित सहयोग तथा दोनों देशों के बीच रुपया-क्यात मुद्रा तंत्र सहित द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटी आईजीए) की समीक्षा और आगामी संयुक्त व्यापार समिति की बैठक से संबंधित चर्चाओं में भी शामिल हुए।

दक्षिण कोरिया के व्यापार, उद्योग एवं ऊर्जा मंत्री के साथ गोयल की बैठक के दौरान अधिक संतुलित व्यापार पर चर्चा हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा, कोरिया गणराज्य के व्यापार, उद्योग एवं ऊर्जा मंत्री श्री इंक्यो चियोंग के साथ सार्थक बातचीत हुई। अधिक संतुलित व्यापार करने, भारत-कोरिया व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) को मजबूत करने, रोजगार सृजन से जुड़े निवेश को बढ़ावा देने तथा हमारे आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने पर विचार-विमर्श किया गया।

इससे पहले शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ने विएंतियाने में 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों (एईएम-भारत) बैठक में भाग लिया। बैठक में आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा में हुई प्रगति पर ध्यान दिया गया, इससे व्यापार और आर्थिक संबंध और गहरे होंगे तथा व्यवसायों के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, दो-तरफा व्यापार के महत्व पर जोर दिया गया। इससे दोनों क्षेत्रों के बीच मजबूत आपूर्ति श्रृंखला संपर्क और जीवीसी एकीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे पूरे क्षेत्र के व्यवसायों और लोगों को लाभ होगा। दरअसल, गोयल की दो दिवसीय लाओस यात्रा में 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों (एईएम-भारत) और 12वीं पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन आर्थिक मंत्रियों की बैठक (ईएएस ईएमएम) में भागीदारी शामिल थी। ये वार्षिक बैठकें, जिनमें आसियान और उसके संवाद साझेदार शामिल होते हैं, इस वर्ष लाओस द्वारा आयोजित की जा रही हैं। वह 2024 के लिए आसियान का अध्यक्ष है।

# कर्सियांग में दशहरा के सीजन पर पड़ रहा है ऑनलाइन मार्केटिंग का असर

कर्सियांग (निज संवाददाता)। कर्सियांग में दशहरा के सीजन पर आनलाइन मार्केटिंग का असर पड़ रहा है। इस वर्ष-2024 के दशहरा का सीजन आरंभ होने के बावजूद कारोबार काफी मंदा चल रहा है। अभी तक कारोबार में सुधार नहीं दिख रहा है। कारोबार में व्यापक असर बरकरार है। उन्होंने बताया कि आज से तकरीबन दस-पन्द्रह वर्ष पहले तक दशहरा का सीजन आरंभ होने के कई दिनों पहले से ही आवश्यक सामग्रियों की खरीददारी करने खातिर लोगों की काफी भीड़ बाजार के दुकानों में जमती थी परंतु अभी वैसी हालात नहीं है।

एक कपड़े के दुकानदार ने बताया कि पहले दशहरा व दीपावली में पहननेवाले कपड़े की सिलाई का ऑर्डर काफी अधिक मात्रा में आने के कारण हम लोग इसकी ऑर्डर लेना विश्वकर्मा पूजा के बाद से बंद कर देते थे।

यहां तक कि इसकी सूचना देते हुए अपनी दुकान में पोस्टर चिपकाने का कार्य करते थे परंतु आजकल रेडीमेड कपड़ों का प्रचलन अधिक होने के कारण यह कार्य भी प्रायः नहीं के बराबर चलता है। अभी तो हालात ऐसी है कि लोग चाहे तो सुबह कपड़े सिलाई करने की ऑर्डर देकर शाम तक अपना कपड़ा ले सकते हैं। स्थिति नाजुक होने के कारण कई टेलर तो आजकल लॉटरी आदि बिक्री करना आरंभ कर दिया है।

एक बेकरी दुकानदार ने बताया कि बेकरी सामानों की बिक्री में भी काफी गिरावट हो गया है। आजकल बेकरी के तहत आनेवाले कई सामान भी चालानी यानी रेडिमेड मिल जाने से लोगों का झुकाव भी इस पर अधिकतर दिखने लगा है। फलस्वरूप बेकरी दुकानों में असर पड़ना स्वाभाविक है। जानकारी के अनुसार बाजार में लोगों की काफी भीड़-भाड़ दिखने के बावजूद कुछेक दुकानों को छोड़कर अधिकतर दुकानों में कारोबार बिलकुल मंदा चल रहा है। दशहरा का सीजन होने के बावजूद दिनभर में इक्के-दुक्के ही ग्राहक मुश्किल से दुकानों में नजर आ रहे हैं।

गौरतलब है कि ऑनलाईन मार्केटिंग के प्रति आये दिन लोगों का झुकाव बढ़ने के कारण दिन-प्रतिदिन व्यवसाय पर भी असर पड़ने का क्रम जारी है। आजकल प्रायः घर-घर में लोगों की जरूरतमंद अधिकतर सामानों को हॉकर भी पहुंचा देते हैं। यह भी एक प्रमुख कारण है व्यापार में असर पड़ने का, जिसे नकारा नहीं जा सकता। यहां तक कि आजकल छोटे-छोटे सामानों का तो क्या कहना, बड़े-बड़े सामानों के तहत फ्रीज, वासिंग मशीन, स्टील आलमारी, फर्नीचर आदि भी ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिये लोग मंगाने का कार्य करने लगे हैं। इसके कारण भी दुकानदारी में काफी असर पड़ता है।

अपना नाम प्रकाश में नहीं लाने का आह्वान करते हुए एक दुकानदार ने बताया कि कर्सियांग में विगत वर्ष -2023 से स्मार्ट प्लाजा खुल गया है। एक सामान्य हार्लिक्स भी यहां से खरीददारी करने पर तकरीबन पचास रूपये कम लगता है। ऐसे ही कई कारणों से यहां के व्यवसाय में असर पड़ रहा है।


**रंगिया मंडल के अंतर्गत बहुउद्देशीय स्टॉल इकाइयों के लिए ई-नीलामी**

रंगिया मंडल के अंतर्गत 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल इकाइयों के लिए ई-नीलामी सूची। विवरण नीचे दिये गये है। **नीलामी कैटलॉग सं.:** आरएनवाई-एमपीएस-2। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय (सभी लॉट): 03-10-2024 को 11:00 बजे। नीलामी बंद होने की तिथि एवं समयः 03-10-2024 को 15:00 बजे। दर इकाईः** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **फेरे/दिन:**1826।

| क्र. सं. | लॉट नं. | स्टेशनों |
|---|---|---|
| एए/1 | एमपीएस-आरएनवाई-बीएनजीएन-एमपीएस-31-23-1 | बंगाईगांव |
| एए/2 | एमपीएस-आरएनवाई-बीपीआरडी-एमपीएस-6-23-1 | बरपेटा रोड |
| एए/3 | एमपीएस-आरएनवाई-एनएलवी-एमपीएस-25-23-1 | नलबाड़ी |
| एए/4 | एमपीएस-आरएनवाई-एसबीई-एमपीएस-27-23-1 | सरभोग |
| एए/5 | एमपीएस-आरएनवाई-डीकेजीएन-एमपीएस-22-23-1 | डेकारगांव |
| एए/6 | एमपीएस-आरएनवाई-एनएमएम-एमपीएस-26-23-1 | न्यू मिसामारी |
| एए/7 | एमपीएस-आरएनवाई-आरएनवाई-एमपीएस-10-23-1 | रंगिया जं. |
| एए/8 | एमपीएस-आरएनवाई-आरएनवाई-एमपीएस-9-23-1 | रंगिया जं. |
| एए/9 | एमपीएस-आरएनवाई-आरएनवाई-एमपीएस-18-23-1 | रंगिया जं. |
| एए/10 | एमपीएस-आरएनवाई-डीकेजीएन-एमपीएस-20-23-1 | डेकारगांव |
| एए/11 | एमपीएस-आरएनवाई-एनएलवी-एमपीएस-24-23-1 | नलबाड़ी |
| एए/12 | एमपीएस-आरएनवाई-बीपीआरडी-एमपीएस-3-23-1 | बरपेटा रोड |
| एए/13 | एमपीएस-आरएनवाई-जीएलपीटी-एमपीएस-23-23-1 | ग्वालपाड़ा टाउन |
| एए/14 | एमपीएस-आरएनवाई-बीपीआरडी-एमपीएस-4-23-1 | बरपेटा रोड |
| एए/15 | एमपीएस-आरएनवाई-आरएनवाई-एमपीएस-11-23-1 | रंगिया जं. |
| एए/16 | एमपीएस-आरएनवाई-बीएनजीएन-एमपीएस-32-23-1 | बंगाईगांव |
| एए/17 | एमपीएस-आरएनवाई-बीपीआरडी-एमपीएस-1-23-1 | बरपेटा रोड |
| एए/18 | एमपीएस-आरएनवाई-बीपीआरडी-एमपीएस-2-23-1 | बरपेटा रोड |
| एए/19 | एमपीएस-आरएनवाई-एनबीक्यू-एमपीएस-7-23-1 | न्यू बंगाईगांव जं. |
| एए/20 | एमपीएस-आरएनवाई-आरएनवाई-एमपीएस-8-23-1 | रंगिया जं. |
| एए/21 | एमपीएस-आरएनवाई-बीपीआरडी-एमपीएस-5-23-1 | बरपेटा रोड |
| एए/22 | एमपीएस-आरएनवाई-डीकेजीएन-एमपीएस-21-23-1 | डेकारगांव |

प्रेस अधिसूचना 18-09-2024 को ई-नीलामी पोर्टल www.ireps.gov.in के जरिये आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही अपलोड हो चुकी है।

मंडल रेल प्रबंधक (सी), रंगिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दिल्ली में 'आतिशी राज'

आम आमदी पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की जगह आतिशी द्वारा कमान संभालने के साथ ही दिल्ली में 'आतिशी राज' शुरू हो गया है। वह दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं, इसके पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित दिल्ली की कमान संभाल चुकी हैं। आतिशी ने पांच मंत्रियों के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ली है। अगर देखा जाए तो इसमें कोई दोमत नहीं है कि केजरीवाल ने उनको मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाया है, क्योंकि जेल से केजरीवाल के सरकार चलाने के पीछे चाहे जो भी राजनीतिक निहितार्थ रहे हों, सांविधानिक गरिमा के अनुकूल नहीं थी। दूसरी बात है कि जमानत पर रिहा होने के बाद भी उन पर जिस तरह की अदालती शर्तें थीं, एक मुख्यमंत्री की स्वतंत्र कार्य-प्रणाली में उनसे अड़चनें ही आतीं। लिहाजा नए मुख्यमंत्री का चुनाव न सिर्फ दिल्ली की जनता के हित में था, बल्कि खुद केजरीवाल के राजनीतिक भविष्य के मुफीद भी था। केजरीवाल ने सोची समझी रणनीति के तहत दिल्ली की ताज एक ऐसे महिला को सौंपा हैं, जो युवा होने के साथ ही इसके लिए योग्य हैं। लेकिन इनके पास अनुभव की कमी जरूरी हैं। विधायक के रूप में आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। जाहिर है, इस ताजपोशी के पीछे पार्टी के प्रति आतिशी की अटूट निष्ठा की अहम भूमिका है। पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर राजधानी के सरकारी स्कूलों के कायाकल्प में उन्होंने जैसा काम किया है, वह किसी से छिपा नहीं है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल जाने के बाद जिस तरह से उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकर्ताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। यही कारण है कि केजरीवाल ने उनको दिल्ली का ताज सौंप है। हालांकि देखा जाए तो आतिशी के दिल्ली का ताज कांटों भरा है, क्योंकि उनको आने वाले समय में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सबसे पहले आम आदमी पार्टी में मुख्यमंत्री के रूप में खुद को स्थापित करना भी उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। उन पर डमी सीएम की आमधारणा को तोड़ने की भी चुनौती है। आतिशी की छवि को जनता में अरविंद केजरीवाल की डमी या कठपुतली के रूप में बीजेपी ने पेश किया है। आतिशी को इस छवि से बाहर निकलने की सबसे बड़ी चुनौती होगी। इसके बाद आतिशी के सामने सबसे कठिन काम एलजी कार्यालय के साथ स्वस्थ संबंध स्थापित करना होगा, क्योंकि दिल्ली सरकार के विभिन्न प्रकार के शासन के साथ-साथ कल्याण और विकास संबंधी कार्यों के लिए उनकी मंजूरी की आवश्यकता है। दिल्ली में एडमिनिस्ट्रेशन स्ट्रक्चर बेहद जटिल है। यहां उप राज्यपाल के पास महत्वपूर्ण शक्तियां हैं। आतिशी को प्रभावी शासन करने के लिए उप राज्यपाल से कोआर्डिनेट करना होगा। एलजी पर केंद्र सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगता रहा है। ऐसे में आतिशी के लिए शासन-सत्ता पर प्रभाव बनाए रखने बेहद चुनौतीपूर्ण है। पिछले करीब दो साल न केवल आम आदमी पार्टी के लिए बल्कि दिल्ली सरकार के लिए भी इस मायने में चुनौतीपूर्ण रहे कि एक-एक कर उसके कई बड़े नेता और मंत्री जेल भेज दिए गए। आप सरकार पर दिल्ली शराब नीति घोटाला सहित कई आरोप लगे हैं। आतिशी को भ्रष्टाचार के लगे आरोपों से भी निपटना और अपनी सरकार की छवि को बेहतर करने की चुनौती होगी। उन्हें पार्टी की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए जनता का विश्वास बहाल करने और इन मुद्दों को सीधे संबोधित करने पर काम करने की आवश्यकता होगी। दिल्ली को हाल ही में बाढ़ सहित कई बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। आम आदमी पार्टी सरकार को इसके लिए काफी आलोचना सहना पड़ा। अब आतिशी के सामने बुनियादी ढांचा को बेहतर करने, वोटर्स का विश्वास बहाल करने की चुनौती होगी। यह स्पष्ट है कि आतिशी को इस पद पर बहुत ज्यादा समय नहीं मिलने वाला। उनके हिस्से में यह पद तब आया जब पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने कह दिया कि वे नए सिरे से जनादेश हासिल करने के बाद ही पद पर बैठेंगे। अगर पार्टी जनादेश हासिल नहीं कर पाती तब तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा, अगर पार्टी चुनाव जीतती है तब भी मुख्यमंत्री पद से उनका हटना लगभग तय है। केजरीवाल ने समय से पहले चुनाव कराने की मांग की है, अगर चुनाव आयोग उनकी बात नहीं मानता है और समय पर चुनाव होता है, तब भी उनके पास फरवरी तक यानी पांच महीने का समय है। इस बीच आतिशी के सामने बुनियादी ढांचा को बेहतर करने, वोटर्स का विश्वास बहाल करने की चुनौती होगी। पानी की कमी जैसे संकटों के प्रबंधन के अपने पिछले अनुभव को देखते हुए आतिशी को अपनी नई भूमिका में मजबूत संकट प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन की चुनौती होगी। विशेष रूप से सार्वजनिक शिकायतों का तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाब देने में उनको काम करना होगा। दिल्ली में स्कूली शिक्षा में सुधार का सबसे अधिक श्रेय आतिशी को जाता है। अब मुख्यमंत्री के रूप में इन सुधारों को जारी रखना और उसे बेहतर करने की चुनौती होगी। हकिकत यह है कि आतिशी के सामने अगले कुछ महीनों में शुरू की जाने वाली लंबित परियोजनाओं और नई पहलों की एक लंबी सूची है। सीएम आतिशी को सरकार के कामकाज में तेजी लाने होंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए जमीन पर उतरना होगा कि अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने की वजह से धीमी पड़ी प्रमुख परियोजनाएं और योजनाएं फिर से पटरी पर आ सके। जैसे अपने मंत्रियों को विभाग सौंपना, ग्रुप-ए पोस्टिंग के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण का नेतृत्व करना और सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी को पुनर्जीवित करना, दिल्ली ईवी नीति 2.0 और सौर नीति जैसी महत्वपूर्ण नीतियों के अनुमोदन की देखरेख करना। उन्होंने बताया कि नए मुख्यमंत्री के कार्यभार संभालने के बाद आने वाले हफ्तों में मोहल्ला क्लीनिक और प्रीमियम बसें, अस्पतालों, स्कूलों और लाईओवरों का उद्घाटन और नई पहल जैसी परियोजनाएं और योजनाएं मूर्त रूप ले सकती हैं। केजरीवाल की जगह चुने जाने के बाद आतिशी ने कहा था कि अगले कुछ महीनों में उनके दो लक्ष्य होंगे, जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आप सरकार द्वारा चलाई जा रही मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, महिलाओं के लिए बस यात्रा, बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा जैसी योजनाओं को रोकने के कथित प्रयासों के खिलाफ दिल्लीवासियों के हितों की रक्षा करना शामिल है। नि:संदेह उनके समक्ष चुनौतियां हैं, मगर उम्मीद यही की जा सकती है कि वह एक बेहतर मुख्यमंत्री साबित होगी और दिल्लीवासियों के आशाओं और आकांक्षओं पर खरी उतरेंगी।

## साइबर अपराधों के नए-नए तरीके, अपने आपको सुरक्षित कैसे रखें



अशोक अग्रवाल

भाग -1

हाल ही के सालों में डिजिटल व्यवस्था, कैशलेस लेनदेन में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। जीवन के हर क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग एवं डिजिटल इंडिया का स्वरुप साकार होता नजर आ रहा है। इन सालों में आर्थिक लेनदेन, बच्चों की पढ़ाई, ऑनलाइन खरीदारी, बचत योजनाओं में रकम जमा करनी, शेयर एवं म्यूचुअल फण्ड में निवेश आदि कार्यों के लिए संपूर्ण तौर पर डिजिटल माध्यम का ही सहारा लिया जा रहा है। सबकुछ वर्चुअल होने के फायदे तो दिख ही रहे हैं, लेकिन इससे भी कई गुना ज्यादा सरदर्द साइबर ठगी करने वालों की फौज ने पैदा की है।

साइबर ठगबाजों ने साधारण जनमानस को हिला कर रख दिया है। ऐसे साइबर ठगी कोई नयी बात नहीं है लेकिन हाल के वर्षो के दौरान तो इनकी संख्या कई गुना बढ़ चुकी है। साइबर थानों से लेकर साइबर विशेषज्ञों तक को यह साइबर ठग छकाते नजर आ रहे हैं। इन ठगी के शिकार पहले तो सिर्फ बुजुर्ग लोग ही होते थें, जो इन डिजिटल तकनीकों के बारों में ज्यादा नहीं जानते एवं सहज ही इन धोखेबाजों के चंगुल में फंस कर अपनी खून पसीने की कमाई गंवा बैठते हैं। लेकिन इन दिनों में इसकी चपेट में अच्छे खासे पढ़े लिखे लोग भी इन ठगों के झांसे में आ जाते हैं।

हमारे देश के साइबर विशेषज्ञ एवं इंजीनियर कितने भी सुरक्षा के उपाय कर लें, साइबर आतंकी इनसे भी आगे निकलकर नये-नये साइबर हमले की तकनीक ढूंढ निकालते हैं। चिंता का विषय यह है कि दूसरे प्रकार के पारम्परिक धोखाधड़ी में पुलिस की सहायता से अपराधी पकड़े भी जाते हैं, लेकिन साइबर अपराधों के अपराधी को पकड़ पाना पुलिस के लिए भी करीब-करीब असंभव ही है। समझदारी इसी में है कि हम साधारण लोग एवं बुजुर्गों को भी जितनी जल्दी हो सके इस डिजिटल तकनीक के बारे में जरुरी ज्ञान हासिल कर लेना चाहिए एवं धोखे के तकनीकों के बारे में वाकिफ होना चाहिए।

साइबर हमले के लिए कोई बंदूक तोप आदि लेकर मैदान में नहीं उतरना पड़ता, बल्कि बंद कमरे में हैकिंग के द्वारा कम्प्यूटर या लैपटॉप के सॉफ्टवेयर में प्रवेश करके सारा डाटा चुराकर साधारण जनमानस को बड़ा नुकसान पंहुचा देते हैं। देश के जाने माने कंप्यूटर विशेषज्ञ इन साइबर हमलों की रोकथाम के लिए जी जान से दिन-रात कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम जैसे साधारण जनमानस को भी सतर्क रहकर इन हमलों से कैसे बचा रहा जाये इनकी प्राथमिक जानकारी होनी चाहिए। हालांकि यह एक बहुत बड़ा विषय है, मैं अपने अनुभव एवं जैसा मैंने जगह-जगह पढ़ा, सुना, इनके आधार पर ऐसे कुछ नए नए धोखाधड़ी के तरीकों के बारे में चर्चा करूंगा जिनके बारे में हम सभी को सावधान रहना चाहिए एवं साथ ही इनसे बचने के लिए कुछ सरल उपाय बताना चाहूंगा, जिनके लागू करने से हम साधारण लोग काफी हद तक अपने आपको सुरक्षित रख सकते हैं।

कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, आदि तरीकों से आए दिन लोग इन ठगबाजों के चंगुल में फंसकर अपनी रकम गंवा रहे थे, लेकिन बैंकों द्वारा ओटीपी सिस्टम चालू करने के बाद से ऐसे फ्रॉड में कुछ कमी आयी है। जब भी ऐसे



कार्डों से पैसे निकाले जाते हैं तो उस एकाउंट से जुड़े हुए मोबाइल नंबर पर ओटीपी के साथ मैसेज आता है एवं वह ओटीपी डालने पर ही ऑनलाइन लेनदेन हो पता है। लेकिन आये दिन हम अखबारों में पढ़ते रहते हैं, साइबर ठग भोले-भाले साधारण लोगों को कई प्रकार के बहाने, जैसे बैंकों के प्रतिनिधि बनकर, अकाउंट लॉक हो गया है, पर्सनल लोन देने के नाम पर, बोनस देने के बहाने, स्वास्थ्य साथी कार्ड जैसी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी इत्यादि बहाना बनाकर डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड का नम्बर एवं पिन जान लेते है एवं मिनटों में ही सारा बैंक अकाउंट खाली हो जाता है। यहां एक और बात जानकारी देना चाहता हूं, जब कोई ठग विदेश में बैठकर हमारा क्रेडिट कार्ड पर लेनदेन करता है तो हमारे फोन पर ओटीपी नहीं आता है, एवं हमें पता तब चलता है जब हमारे क्रेडिट कार्ड से पैसे निकलने का मैसेज आता है।

आधार कार्ड को भी बैंक अकाउंट से जोड़ने के नाम पर, एटीएम मशीन के पास बुजुर्गों की मदद के नाम पर डेबिट कार्ड बदलकर पैसे निकालने के जैसे अनगिनत तरीकों से धोखाधड़ी के मामलें हम रोजाना ही सुनते आ रहे हैं। इसके अलावा धोखा देने की नियत से बैंकों की मिलती जुलती वेबसाइट की लिंक, जिसे हम तकनीकी भाषा में फिशिंग लिंक कहते हैं, भेजकर बैंक एकाउंट में प्रवेश कर पाना, ई-कॉमर्स वेबसाइट के नाम पर ठगी, किसी न किसी बहाने आपके फोन में कोई मोबाइल एप डाउनलोड करवा देना, आपके कम्प्यूटर या और किसी प्रकार की सेवा प्रदान करने के लिए रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के द्वारा आपके कंप्यूटर में पूरी तरीके से प्रवेश कर जाना, इलेक्ट्रिसिटी बिल अपडेट के बहाने, टेलीफोन बिल बकाया आदि अनगिनत तरीकों से लोग रोजाना इन ठगबाजों के हाथों ठगे जा रहे हैं।

लॉटरी के नाम पर पैसों की उगाही, ऑनलाइन जॉब देने के बहाने ठगी, वर्क फ्रॉम होम, कच्चा मॉल खरीद कर मोटा मुनाफा कमाने की तरकीब बताना, छतों पर मोबाइल के टावर लगाने पर एकमुश्त मोटी रकम, हर महीने अच्छा किराया एवं नौकरी का झांसा देकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बहाने हजारों लाखों रुपये की ठगी। अभी कुछ दिनों से सिलीगुड़ी शहर में बड़े-बड़े ठगी के मामले सामने आ रहे हैं- वेबसाइट में रिव्यू देने पर, इंवेस्टमेंट एप डाउनलोड करवाकर ठगी, क्रिप्टोकोरेंसी में ट्रेडिंग के बहाने ठगी, इन सभी ठगी में हजार नहीं लाखों की ठगी हो रही है। एक नई प्रकार की ठगी बहुत जोरों पर है- डिजिटल अरेस्ट। इसमें क्राइम ब्रांच से बोल रहे हैं। ऐसा डर दिखाकर किसी देश विरोधी काम में लिप्त है, ऐसा कहकर व्यक्ति को डराकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया है, ऐसा बोला जाता है। फिर वह व्यक्ति अपनी इज्जत के खातिर उन ठगों के चंगुलों में आकर लाखों की रकम दे बैठते हैं।

अभी आज ही मेरे मोबाइल पर फोन आया। ठगबाजों ने यह पता लगा लिया की मेरा अकाउंट आईसीआईसीआई बैंक में है। बैंक के कस्टमर केयर प्रतिनिधि के तौर पर मुझे समझाते हैं, नेटबैंकिंग में आप कोई नयी थर्ड पार्टी को जोड़ेंगे तो तीस मिनट का समय लगता है, एवं वे मुझसे रिमोट एक्सेस मांग रहे थे एवं कहा हम आपके कंप्यूटर में सेटिंग कर देंगे, ताकि तीस मिनटों के बजाय तुरंत पार्टी जुड़ जाएगी एवं आप तुरंत पेमेंट कर पाएंगे। मैं तो समझ ही गया बहुत शातिर यह साइबर ठग हैं। लेकिन हैरान था यह सोचकर कि कैसे कैसे नए तरीके निकाल रहे हैं। जनता को बेवकूफ बनाने के लिए। साधारण जनमानस कैसे इतनी तरह की चालबाजियों को समझें।

आजकल डिजिटल मीडिया में हमेशा ही देखने को मिलता है, बच्चा बीमार है, दिल्ली, गुडगांव के किसी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है एवं उसके बहाने मोटी रकम की मांग करते हैं। फोन भी आते हैं एवं ऐसी वेबसाइट के लिंक भी मोबाइल पर भेज देते हैं जो देखकर कुछ लोग तो रहम खाकर रकम भेज ही देते हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल साइटों पर फर्जी मित्र बनकर ठगना एवं ब्लैकमेल करना आम बात हो गयी है। कॉल सेंटरों के माध्यम से बड़े-बड़े फ्रेंड्स क्लब एवं सेक्स रैकेट चलाएं जा रहें हैं, जिनमे प्रतिष्ठित घरानों के महिला एवं पुरुष अनजान लोगों से मित्रता के चक्कर में फंसकर अपना सब कुछ गंवा बैठते हैं। इनके चंगुल में एकबार फंसने के बाद निकलना बहुत ही मुश्किल है। यह सारी प्रकार की ठगी को अंजाम देने में कंप्यूटर का उपयोग कर इंटरनेट का सहारा लेकर एवं सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से लोगों को ठगा जा रहा है। ठगी के तरीकों का कोई अंत नहीं है, जरुरत है हमें हर पल सतर्क रहने की। जैसा की मैंने शुरू में बताया, यह विषय महासमुद्र के समान है, एवं संक्षेप में इसपर लिखना एवं समझाना नामुमकिन है। लेकिन हम अगर पूरी सतर्कता बरतें एवं सुरक्षा के कुछ न्यूनतम उपाय कर लें, तो इन ठगी से काफी हद तक अपने को सुरक्षित रख पाएंगे। मैं कल इस लेख के अगले भाग में मेरे अनुभव के आधार पर सुरक्षा के उपायों के बारे में चर्चा करुंगा। मेरा यह निवेदन है, अखबार की यह कॉपी संभाल कर रखें एवं बीच-बीच में दोबारा पढ़ें।

***(इस लेख में लेखक के नितांत निजी विचार हैं। यह आवश्यक नहीं है कि जनपथ समाचार इससे सहमत हो। इससे जुड़े सभी दावे और आपत्ति के लिए केवल लेखक जिम्मेदार है।)***

(शेष अगली किस्त में .......)

फाउंडर, सिलीगुड़ी इंफोलाइन, सिलीगुड़ी


मो : 9434045738

### आज का सद्चिंतन

श्राद्ध व्यवस्था में पितर मुक्ति हेतु दान का संकल्प लिया जाता है। इसको सही परिप्रेक्ष्य में समझा जाना चाहिए। जिस कार्य से असमर्थों, अशक्तों को सहायता मिले, समाज में सत्प्रवृत्तियों का विस्तार हो, वह सच्चे अर्थों में दान है।

– पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

## बुजुर्ग ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचें



विजय मारू

आजकल हर किसी के हाथ में स्मार्टफोन जरूर रहता है और इस स्मार्टफोन से हम बहुत कुछ करते भी रहते हैं। अगर मोबाइल फोन के इतिहास में जाएं तो यह जानना जरूरी है कि भारत में पहली मोबाइल फोन सर्विस लॉन्च हुई थी 23 अगस्त 1995 को मोदी टेलस्ट्रा कंपनी द्वारा। यह कम्पनी आज के दिन वोडाफोन है। कोलकाता में मोबाइल फोन से बात करने की शुरुआत 31 जुलाई 1995 को पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री ज्योति बसु जी द्वारा की गई थी, जिन्होंने पहला कॉल, नोकिया के हैंडसेट, से केन्द्रीय टेलीकॉम मिनिस्टर सुखराम जी को दिल्ली किया था। इसके पश्चात अगले 29 वर्षों में यह सेवा कहां से कहां पहुंच गई है और आगे क्या होगा इसकी तो किसी को कल्पना भी नहीं है। आज हम अपने मोबाइल फोन से पैसे के लेनदेन, बैंक के ट्रांजैक्शंस, रेल और हवाई यात्रा की बुकिंग और न जाने क्या कुछ कर सकते हैं। सिक्योरिटी के लिए भी इसका खूब उपयोग हो रहा है। मैं कई ऐसे व्यक्तियों को जानता हूं जो अपने मोबाइल से ही अपने कारोबार के स्थान पर या अपने घर पर कैमरा लगा कर वहां की लाइव वीडियो तक देख लेते हैं और यह जान सकते हैं कि वहां कौन आ-जा रहा है। इसी तरह ईमेल, डिजाइनिंग करना, जूम मीटिंग करना, वगैरह आज के दिन हाथ में पकड़े इस छोटे से मोबाइल से संभव हो जाता है। इन सब सुविधाओं के बावजूद इसमें बहुत से रिस्क फैक्टर्स भी है जिस पर ध्यान देना जरूरी है। हम लोग अखबारों में रोज ही कोई ना कोई समाचार पढ़ते हैं कि कैसे ऑनलाइन फ्रॉड किए जा रहे हैं और लोगों के लाखों रुपए इस नई तकनीक से उनके बैंक अकाउंट से उड़ जाते हैं। कई बार तो ऐसा भी सुनने में आया की आपको कोई मैसेज मिला और अगर आपने उस मैसेज को खोल लिया तो आपके फोन का जितना भी डाटा है वह उस धोखेबाज व्यक्ति को उपलब्ध हो जाता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले इतने बढ़ गए हैं की सरकार भी सजग हो गई है और समय समय पर दिशानिर्देश देती है की ऐसे फ्रॉड से कैसे बचा जाए। अब सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स भी आ गए हैं जो इसका समाधान बताते हैं।

फ्रॉड के नए-नए हथकंडे रोज उपयोग होने लगे हैं। एक किस्सा सामने आया कि किसी व्यक्ति के फोन पर एक वीडियो कॉल आया किसी लड़की का और वह बात करके कुछ अश्लील कार्य करने को कहती है। जब तक आप लाइन काटे तब तक आपकी फोटो वह कैप्चर कर लेती है। उसके बाद आपके पास और किसी व्यक्ति का फोन आता है कि आप इस समय इस लड़की से अश्लील बातें कर रहे थे। इसको हम उजागर कर देंगे समाज के सामने अगर आप हमें इतना पैसा नहीं देंगे। यह सब ऐसी घटनाएं हैं जिसमे कि अनजाने में आम आदमी फंस जाता है। देश में कुछ छोटे-छोटे शहर जैसे कि झारखंड का जामताड़ा, हरियाणा का नूह तो बहुत फेमस हो गए हैं




ऑनलाइन ठगी के लिए। वैसे सभी राज्यों में ऐसे आपराधिक प्रवृति के लोग हर समय इसी फिराक में रहते है कि वो कैसे नए नए व्यक्तियों को अपने जाल में फंसाये। और शायद बुजुर्ग व्यक्ति इसके शिकार जल्द बन जाते हैं। इसका सकारात्मक पहलू भी देखें।

सही उपयोग से मोबाइल फोन से हम तमाम कार्य कर लेते हैं। पहले जहां हमको किसी जगह जाकर ही मीटिंग करनी होती थी, आज उसकी जगह हम जूम या और कई तरीको से घर बैठे ही यह कार्य सम्पन्न कर सकते हैं। बहुत से युवा साथी छोटी-छोटी वीडियो बनाकर यूट्यूब, इंस्टाग्राम वगैरह पर पोस्ट करके काफी पैसा कमा रहे हैं। इसी तरह लिंक्डइन पर पोस्ट करके युवा साथी आज के दिन अपनी नौकरी तलाश कर लेते हैं। बैंकिग के तो ज्यादातर काम अब ऑनलाइन हो रहे हैं। अखबारों में जब ऑनलाइन धोखाधड़ी का समाचार आता है तो ऐसा नहीं है कि किसी खास उम्र के लोग ही इससे प्रभावित होते हैं। युवा तो प्रभावित शायद कम होते हो लेकिन यह निश्चित है कि बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित होते हैं। इसका कारण है कि बुजुर्ग इतनी टेक्निकल चीजों को समझने में बहुत सक्षम नहीं होते हैं।

इसी कारण बुजुर्ग लोगों को बहुत ही सावधानीपूर्वक रहना होगा। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के सभी संभव उपाय को ध्यान में रखकर ही अपने मोबाइल से कोई वित्तीय ट्रांजैक्शन या किसी अंजान व्यक्ति से बात करने में सावधानी बरतनी होगी। सरकार भी इसके लिए बहुत सजग है और समय-समय पर काफी जानकारी आम लोगों को उपलब्ध कराती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी दो बुकलेट प्रकाशित की है जिसका शीर्षक है 1. राजू और चालीस चोर व 2. BE (A) WARE। ये बुकलेट आप ऑनलाइन आर.बी.आई की वेबसाइट पर देख सकते है।

फर्जी ईमेल और फर्जी नोटिस से संबंधित धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए गृह मंत्रालय ने कई बार लोगों को आगाह किया है कि वे इस तरह के नकली ईमेल व ईनोटिस से सावधान रहे। इनका जवाब देने के बजाय तुरंत इसकी शिकायत साइबर अपराध समन्वय केंद्र की वेबसाइट पर करें- http://i4c.mha.gov.in

अपने पासवर्ड को मजबूत बनाए और इसे कहीं लिख कर भी रखे। कई बार जब हमें इसकी आवश्यकता होती हैं हम अपने पासवर्ड को भूल जाते है। कुछ दिनो से एक बैंक द्वारा प्रसारित वीडियो में एक अच्छा सुझाव दिया गया है कि अपना पासवर्ड संस्कृत के शब्द से बनाए। अपने पासवर्ड को समय समय पर बदलते भी रहना चाहिए। एक ही पासवर्ड को हर जगह इस्तेमाल ना करें। कई बार हम सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करते हैं, जैसे कि एयरपोर्ट, रेलवे-स्टेशन, होटल वगैरह में। इससे बचना चाहिए। यह ज्यादा सुरक्षित नहीं होते हैं। अगर जरूरत पड़े तो ऐसे समय किसी वीपीएन सॉफ्टवेर का इस्तेमाल करें।

सबसे सही और आसानी से मिलने वाली जानकारी तो आपको अपने घर पर ही मिल जाएगी। आजकल छोटी उम्र में ही अपने बच्चे इतना कुछ हमें इस विषय पर सिखा सकते हैं। अगर कोई परिचित इस गोरखधंधे का शिकार हो चुका है तो उससे ज्यादा प्रेक्टिकल सुझाव, बचने के लिए, तो और कोई दे ही नहीं सकता। अपने को अखबार और सोशल मीडिया पर ऐसे धोखाघड़ी के समाचारों को बारीकी से देखना चाहिए। आधुनिकता अपनाने के इस युग का यह अनचाहा नकारात्मक पहलू है। हमें सजग रहना है। शत-प्रतिशत बचाव तो होना मुश्किल है, लेकिन अगर हम थोड़ी बहुत भी सावधानी रख सके तो काफी हद तक बचे रहेंगे।- vijay @ neversayretired.in

(विजय मारू नेवर से रिटायर्ड मिशन के प्रणेता है। साथ ही एकल, विद्या भारती और परम शक्ति पीठ के स्वयंसेवक हैं। उन्होंने **https://neversayretired.in** वेबसाइट लॉन्च किया है, जो राष्ट्र निर्माण की दिशा में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक संसाधन है। उनके फेसबुक ग्रुप नेवर से रिटायर्ड फोरम के आज कोई सोलह सौ सदस्य बन चुके है **https://neversayretired.in.)**

### ॥ अमृतवाणी ॥

#### स्वस्थ शरीर रुपी घर में आत्मा का सुवास

हमारी सफलता क्या है? हमारी सफलता है उस निज घर तक पहुंचना, जहां से हमारी आत्मा इस संसार में आई हुई है। भगवान ने हमारी आत्मा को इस शरीर रूपी मकान में रखा हुआ है। जब तक हमारा शरीर रुपी मकान ठीक स्वच्छ और बीमारियों से रहित रहेगा, तब तक हमारी आत्मा खुशी-खुशी इसमें वास करेगी। अगर हमारा शरीर कभी बीमारियों से ग्रस्त या कुछ और तरीके से नुकसान देह हो जाएगा, तो हमारी आत्मा भी इस शरीर रूपी मकान में रहना कभी भी पसंद नहीं करेगी।

– विहंगम योग

### ॥ अनमोल वचन ॥

* जीवन में वही लोग सफल होते है जो लोग सकरात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हैं।–अज्ञात
* बेहतर करना अच्छी बात है लेकिन किसी का बेहतर करना बहुत बड़ी बात है।–अज्ञात
* कमिया तो हर कोई निकाल देता है, लेकिन अच्छाई देखना आपकी काबिलियत को दिखाता है।–अज्ञात
* अब त्यौहार नहीं बल्कि लोगों के व्यवहार फीके हो गये है। इसलिए अब वो खुशिया नहीं दिखती।–अज्ञात
* जो आप बुरे वक्त में काम आये वही आपका सच्चा मित्र है।–अज्ञात
* जैसा सोचेगे वैसा ही बनेगे।–अज्ञात
* अनुशासन जीवन को महान बनाता है।–अज्ञात


**जनपथ समाचार** वर्ष 43 अंक 01 RNI: 34394/82

संस्थापक सम्पादक : स्व. राजेंद्र कुमार बैद

कार्यवाहक सम्पादक : विवेक बैद

सम्पादकीय : 0353-2541544,

फैक्स : 0353-2548396, विज्ञापन : 0353-2541544

E-mail : janpath.news@gmail.com

Postal Registration No.: WB/DE/006

विवेक बैद द्वारा मुद्रित और विवेक बैद द्वारा विवेक बैद (स्वामित्व) के लिए प्रकाशित और विवेक बैद, 3 माईल, सेवक रोड, सिलीगुड़ी प्रेस में मुद्रित और जनपथ समाचार भवन, श्रीलाल मार्केट, सिलीगुड़ी-734001 से प्रकाशित।


### ॥ आज का पंचांग ॥

22 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.25 बजे से |
| चंद्र | मेष में | तुला | 07.40 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 09.55 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.11 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 14.16 बजे से |
| शुक्र | तुला में | कुंभ | 16.02 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 17.35 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 19.06 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 20.46 बजे से |
| राहुकाल | 4.30 से 6.00 बजे तक | मिथुन | 22.44 बजे से |
| | | कर्क | 00.57 बजे से |
| | | सिंह | 03.14 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 266 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पंचमी 15.44 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 23.03 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 08.17 बजे तदनन्तर वज्र 05.27 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** तैतिल 15.44 बजे तदनन्तर गर 02.43 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 00° 12' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872110 **जूलियन दिन** 2460575.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 18 **विशेष** पंचमी श्राद्ध, शरत्काल विषुव।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### ॥ मंगलमय जन्मदिन ॥

22 सितम्बर 2024

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। आपका जन्म तारीख 22 सितम्बर है। अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का स्वामी ग्रह राहु है। आपका जन्मांक कुम्भ राशि के अन्तर्गत आता है। इस माह का अधिष्ठाता ग्रह बुध है। आपके ऊपर बुध एवं राहु ग्रह का सम्मिलित प्रभाव आजीवन बना रहेगा। बाधा आपके जीवन का प्रमुख अंग होगा। आपके जीवन में अनेकों बार उतार-चढ़ाव के क्षण आयेंगे। आप किसी भी विषय पर विचार करें लेकिन आप अपना विचार कब बदल देंगे कोई निश्चित नहीं रहेगा। आपमें किसी भी कार्य को जल्दी ही सीखने समझने की क्षमता होगी। आप स्वतन्त्र निर्णय लेने में असमर्थता महसूस करेंगे। कोई भी कार्य आप दूसरों की सलाह लेकर ही करेंगे। जनसम्पर्क सीमित होगा जिससे अकेलेपन की अनुभूति होगी। प्रेम-प्रसंगों में विफलता ही आपके हाथ लगेगी। आप यथार्थवादी होते हुए सदैव कल्पनालोक में खोये रहेंगे। आपमें सोचने समझने की शक्ति अधिक रहेगी। दृढ़ निश्चयी और कठिन परिश्रम ही आपके सफलता में सहायक सिद्ध होगा। आपका दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा। भोग-विलासिता के निमित्त आप अधिक व्यय करेंगे। आपमें स्वार्थ की भावना प्रबल रहेगी। जनकल्याण के कार्यो में आप अधिक रुचि रखेंगे। सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए अपने इष्ट देवी-देवता की पूजा-अर्चना नित्य करें। जीवन में चमकीले रंग की वस्तुओं का प्रयोग करें। शनिवार के दिन काले एवं भूरे रंग की वस्तुओं का दान भी करें। सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

**आपके लिए अनुकूल**

मन्त्र : ॐ रां राहुवें नम:
व्रत : शनिवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 4, 13, 22, 31
अंक : 1, 2, 7
मास : फरवरी, जून एवं अगस्त
वर्ष : 4, 13, 22, 31, 40, 49, 58, 67
रंग : काला, भूरा एवं स्लेटी
जन्मरत्न : गोमेद
उपरत्न : काला अकीक

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 13 | 8 | 15 |
| 14 | 12 | 10 |
| 9 | 16 | 11 |

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 मार्च से 28 अप्रैल, 10 जुलाई से 20 अगस्त

**बिमल जैन : हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न सलाहकार, अंक विज्ञानवेत्ता**

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो० : 09335414722

### ॥ आज आप का दिन ॥

रविवार, 22 सितम्बर 2024

**मेष**-आज दिन 6/10 बजे तक परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, कार्यों के प्रति उदासीनता, खर्च से परेशान। शेष समय अनुकूल, मन प्रसन्न, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

**वृषभ**-आज दिन 6/10 बजे तक समय आशाजनक, इच्छित पद की प्राप्ति, विवाद का समापन पक्ष में। शेष समय व्यवधानकारक, प्रतिष्ठा में कमी, धर्म के प्रति अरुचि।

**मिथुन**-अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, रचनात्मक क्रियाकलापों में रुचि, समस्या का निवारण, नवसमाचार मिलने से खुशी, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आकस्मिक लाभ।

**कर्क**-दिन शुभ, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, विशिष्टजनों से सम्पर्क, कुछेक मसला हल, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, यात्रा का लाभ।

**सिंह**-आज दिन 6/10 बजे तक इच्छित कार्यों में व्यवधान, आलस्य की अधिकता, एकाग्रता भंग। शेष समय में समस्याओं का समाधान, धनागम का सुअवसर।

**कन्या**-आज दिन 6/10 बजे तक उन्नति का सुयोग, योजना फलीभूत, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि। शेष समय में लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता, मनमुटाव।

**तुला**-दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों की सलाह से कामयाबी, व्यापार में धन निवेश, सुख-शांति का वातावरण, आपसी गलतफहमियां दूर होने को, पारिवारिक सौहार्द।

**वृश्चिक**-व्यावसायिक सफलता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, विशेष प्रयास सार्थक, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आकस्मिक लाभ, विचारित योजना पूर्ण।

**धनु**-आज दिन 6/10 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, अध्ययन में व्यतिक्रम, वाहन से भय, दुर्घटना संभव। शेष समय में सद्विचारों का उदय, धर्म में रुचि।

**मकर**-आज दिन 6/10 बजे तक व्यवसाय में सफलता, पठन-पाठन में रुचि, मानसिक शांति, विवाद का समापन। शेष समय में कार्य के प्रति उदासीनता, इच्छापूर्ति में बाधा।

**कुम्भ**-समय भाग्य के पक्ष में, आत्मशक्ति का विकास, कुछेक मसला सुलझने की ओर, आध्यात्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति।

**मीन**-ग्रहस्थिति अनुकूल, धन-सम्पत्ति विषयक मसला हल, मित्रों की गतिविधियों से मानसिक राहत, व्यवसाय के विस्तार, महत्वपूर्ण कार्यों से अपेक्षित सहयोग।

– विमल जैन

# आयुष्मान योजना को जान-बूझकर रोक रही है मान सरकार : सिरसा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर राज्य में जान-बूझकर आयुष्मान भारत योजना को रोकने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में सिख समुदाय को लेकर दिए गए बयान की निंदा करते हुए उनसे अपना बयान वापस लेने की मांग की।




भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए सिरसा ने आरोप लगाया कि जबसे भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री बने हैं, तबसे अपने हवाई जहाज पर और अरविंद केजरीवाल को उड़ाने पर दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर चुके हैं। लेकिन, पंजाब के गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के इलाज के लिए पैसे नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश के गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आयुष्मान योजना लेकर आए हैं। मोदी सरकार की इस सबसे सफल योजना आयुष्मान भारत के तहत अब तक करोड़ों गरीबों का इलाज हो चुका है। लेकिन, दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने आज तक इस योजना को लागू नहीं किया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से पहले ही यह योजना लागू हो चुकी थी, लेकिन अब पंजाब की आप सरकार जान-बूझकर इस योजना को रोक रही है।

पंजाब सरकार को आयुष्मान भारत के तहत 600 करोड़ रुपए प्राइवेट अस्पतालों को देने थे, जिसे भगवंत मान सरकार नहीं दे रही है। इस वजह से पंजाब के प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होम ने पंजाब के गरीबों का इलाज करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि जब तक उन्हें उनका बकाया नहीं मिलता है, तब तक वे पंजाब के गरीबों का इलाज नहीं करेंगे।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस योजना के तहत 60 फीसदी राशि भारत सरकार देती है और राज्य सरकार को सिर्फ 40 फीसदी राशि ही देनी पड़ती है। लेकिन, इसके बावजूद मान सरकार अपने हिस्से का पैसा नहीं दे रही है। उन्होंने पंजाब के मोहल्ला क्लीनिक की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो काम केजरीवाल ने दिल्ली में किया, वही काम भगवंत मान पंजाब में कर रहे हैं। मान करोड़ों रुपए मोहल्ला क्लीनिक की पेंटिंग पर, प्रचार पर खर्च कर रहे हैं। हवाई यात्रा और हवाई जहाज के लिए दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर चुके हैं। लेकिन, गरीबों, किसानों और मजदूरों के प्राइवेट अस्पतालों में बेहतर इलाज के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं।

राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में सिख समुदाय को लेकर दिए गए बयान का विरोध करते हुए सिरसा ने यह जानकारी दी कि देश के कई राज्यों के गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से जुड़े लोगों और देश भर के सिख समाज से जुड़ी कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने राहुल गांधी के बयान को लेकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की है। सिरसा ने बताया कि सिख समुदाय से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को राहुल गांधी के बयान के बारे में बताते हुए जानकारी दी कि उनके इस बयान के कारण सिख समाज में बहुत रोष का माहौल है।

देश में डर और भय का माहौल पैदा हो गया है। कांग्रेस ने इसी तरह का माहौल 1980-1982 में बनाना शुरू किया था और उसके बाद 1984 में सिखों के साथ क्या हुआ, यह सब जानते हैं। राहुल गांधी के बयान का फायदा पन्नू जैसे देशविरोधी तत्व भी उठाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने भी उनकी बातों से सहमति जताते हुए राहुल गांधी के बयान की तीखी आलोचना की। सिरसा ने कहा कि उन्हें लगता है कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों द्वारा लिखकर देने के बाद अब राहुल गांधी सिखों की भावना की कद्र करते हुए अमेरिका में दिए गए अपने बयान को वापस ले लेंगे।

दिल्ली में नए मुख्यमंत्री के शपथ को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आतिशी तो सिर्फ चेहरा हैं, मुख्यमंत्री तो अभी भी अरविंद केजरीवाल ही हैं, जो सबसे भ्रष्ट सीएम रहे हैं और आप के मुखिया भी हैं। केजरीवाल से तो अभी भी उनके वही सवाल हैं कि शराब घोटाले में केजरीवाल ने अपने करीबियों को फायदा क्यों पहुंचाया। इसके साथ ही सिरसा ने यह भी जोड़ा कि वे आतिशी से यह आग्रह करेंगे कि मुख्यमंत्री बनते ही वो भी केजरीवाल की तरह घोटाले करना न शुरू कर दें।

कुमारी शैलजा को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दलितों का अपमान करना कांग्रेस और गांधी परिवार की पुरानी आदत रही है। इन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर का भी अपमान किया था और अब हरियाणा में कुमारी शैलजा के साथ भी ऐसा ही व्यवहार कर रहे हैं।

# दस साल दिल्ली बेहाल बाय-बाय फर्जीवाल

## ● दिल्ली की सड़कों पर केजरीवाल के खिलाफ लगाए गये पोस्टर

नई दिल्ली (आईएएनएस)। आतिशी ने आज दिल्ली के छठे मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली। शपथ ग्रहण के पहले दिल्ली की सड़कों पर देर रात पोस्टर लगाए गए हैं। दिल्ली की सड़कों पर देर रात चस्पा पोस्टर्स में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को निशाने पर लिया गया है।




यह पोस्टर दिल्ली बीजेपी नेता कपिल मिश्रा की ओर से लगवाए गए हैं। लिखा है कि दस साल दिल्ली बेहाल बाय-बाय फर्जीवाल निवेदक कपिल मिश्रा। दिल्ली के प्रमुख चौराहे आईटीओ, राजघाट, आईटीआई से नोएडा और लक्ष्मी नगर की तरफ जाने वाले रास्तों के साथ-साथ अन्य जगहों पर यह बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए हैं। कपिल मिश्रा पहले आप नेता थे, लेकिन मतभेद के कारण पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर अक्सर मुखर रहे हैं और खुलकर विरोध करते आए हैं।

आप नेता कपिल मिश्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो संदेश भी जारी किया। उन्होंने कहा कि आज एक कम्युनिस्ट को बैक डोर से दिल्ली का सीएम बनाया जा रहा है। दिल्ली देश का ऐसा चौथा राज्य बन गया है, जिसका सीएम कम्युनिस्ट है। दिल्ली में कम्युनिस्ट ताकतों को सत्ता में बैठाने की साजिश रची गई है। आतिशी के माता और पिता जी ने अफजल गुरु की फांसी पर सवाल उठाए थे। वो उस कमेटी का हिस्सा रहे, जिन्होंने अफजल गुरु को फांसी दिए जाने के विरोध में अभियान चलाया।

देश के खिलाफ बोलने का इतिहास केवल माता-पिता ने नहीं बनाया है, खुद आतिशी भी अपने परिवार के उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। आने वाला समय दिल्ली के लिए चुनौती रहने वाला है। दिल्ली का हाल बेहाल होने वाला है। बता दें कि दिल्ली में शराब घोटाले में घिरी आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेता जमानत पर बाहर है। केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी को विधायक दल का नेता चुना गया। इससे पहले कालकाजी सीट से विधायक आतिशी, दिल्ली सरकार में कई विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं।

उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना आतिशी और उनके मंत्रिपरिषद को शपथ दिलाए। चार मौजूदा मंत्री गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन अपनी जगह बरकरार रखेंगे, जबकि दलित विधायक मुकेश अहलावत कैबिनेट में नया चेहरा होंगे। एक मंत्री पद अभी भी खाली रहेगा। सुषमा स्वराज और कांग्रेस की शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी।

# ट्रंप पर हमले के दौरान हुई लापरवाही

## ● यूएस सीक्रेट सर्विस ने स्वीकारी गलती

वॉशिंगटन (आईएएनएस)। 13 जुलाई को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की नाकाम कोशिश में असफल रहने की बात यूएस सीक्रेट सर्विस ने स्वीकारी है। बता दें पेंसिल्वेनिया की रैली में हुए इस हमले में एक शख्स की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, एजेंसी की आंतरिक समीक्षा रिपोर्ट में शुक्रवार को सामने आया कि हमलावर ने घटना से कुछ घंटे पहले रैली स्थल के ऊपर ड्रोन उड़ाया था, लेकिन एजेंटों ने उस तकनीक का इस्तेमाल करने में लापरवाही बरती, जिससे हमलावर की पहचान हो सकती थी। रिपोर्ट में हमले से पहले सीक्रेट सर्विस की एडवांस टीम के स्टेट और लोकल एजेंसियों के साथ कोआर्डिनेशन पर सवाल खड़े किए गए।

रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप की सुरक्षा की देखरेख के लिए जिम्मेदार सीक्रेट सर्विस, लोकल पुलिस स्नाइपर को पास की छत को सुरक्षित करने का निर्देश देने में नाकाम रही। ट्रंप पर हुए इस हमले के बाद एजेंसी की भूमिका को लेकर उपजे व्यापक आक्रोश के बीच सीक्रेट सर्विस के निदेशक किम्बर्ली चीटल ने इस्तीफा दे दिया था। हालांकि इससे पहले कांग्रेस की सुनवाई में कई सांसदों ने उनसे पूछा था कि एजेंसी छत को सुरक्षित करने में क्यों विफल रही।

शुक्रवार को एक समाचार ब्रीफिंग में कार्यवाहक निदेशक रोनाल्ड रोवे ने ट्रंप की रैली के लिए सिक्योरिटी प्लानिंग में सीक्रेट सर्विस की ओर से स्पष्टता की कमी का जिक्र किया। रोवे ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हम 13 जुलाई की विफलताओं के लिए स्वयं को जिम्मेदार ठहराएं और इससे सीखे गए सबक का इस्तेमाल इस तरह करें कि हम दोबारा विफल न हो। इस घटना के दो महीने बाद रविवार को फ्लोरिडा के गोल्फ कोर्स में ट्रंप को ऐसी परिस्थितियों का सामना दोबारा करना पड़ा। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति पर हमले के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया। यह तब हुआ, जब सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने झाड़ियों में एक राइफल की नली देखी। हालांकि ट्रंप को इस घटना में कोई नुकसान नहीं पहुंचा। दूसरे हत्या के प्रयास के कुछ ही दिनों बाद अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से एक विधेयक को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के लिए सीक्रेट सर्विस प्रोटेक्शन को बढ़ाना है।

# पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं राहुल गांधी, माफी से कम कुछ मंजूर नहीं : मंत्री कश्यप

लखनऊ (आईएएनएस)। योगी सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला।

आईएएनएस से खास बातचीत में नरेंद्र कश्यप ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने विदेश की धरती पर पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करने का ऐलान किया है, उससे पूरे देश के पिछड़ों में रोष, गुस्सा और आक्रोश है। ओबीसी मोर्चा आज लखनऊ में अपने समर्थकों के साथ बड़ा आंदोलन करेगा। हम राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान के खिलाफ आंदोलन करेंगे। प्रदेश और देश की जनता को जागृत कर राहुल गांधी को मजबूर करेंगे कि या तो वह अपने बयान को वापस लें या देश के पिछड़े समाज के लोगों से माफी मांगे। हम कांग्रेस पार्टी की आरक्षण विरोधी सोच को उजागर करने का काम करेंगे।

तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर नरेंद्र कश्यप ने कहा कि तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मछली का तेल या पशुओं की चर्बी मिलना एक बहुत गंभीर और खतरनाक घटना है। उन्होंने कहा कि मामले में देश के स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा जी ने जांच की बात कही है। ऐसी घटनाएं देश में हिंदुओं का अपमान और मंदिरों की प्रतिष्ठा को कम करती है। ऐसी साजिशों का पर्दाफाश होना चाहिए, जो लोग इसमें शामिल हैं, उन्हें दंड मिलना चाहिए।




आतिशी के दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, दिल्ली और देश की जनता इससे आश्चर्यचकित है कि आखिर यह हो क्या रहा है। केजरीवाल जब जेल में थे, तब भाजपा आवाज उठाती थी कि उन्हें इस्तीफा देकर दूसरा सीएम बनाना चाहिए, लेकिन केजरीवाल बोलते थे कि मैं जेल से सरकार चलाऊंगा। जब सुप्रीम कोर्ट से बेल मिल जाती है, तो केजरीवाल इस्तीफा दे देते हैं। इसका मतलब साफ है कि केजरीवाल अपनी सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर को खत्म करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता की हमदर्दी प्राप्त करने के लिए केजरीवाल नौटंकी कर रहे हैं। आतिशी दिल्ली की डमी सीएम साबित होंगी। आने वाले समय में केजरीवाल फिर से सीएम पद पर काबिज होने की कोशिश करेंगे।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से एनकाउंटर पर सवाल उठाए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का प्यार अपराधियों के प्रति कम नजर नहीं आता। उत्तर प्रदेश की जनता पूछना चाहती है कि उनको अपराधियों से, दंगाइयों से, डकैतों से, बलात्कारियों से आखिर इतनी हमदर्दी क्यों है? इतना लगाव क्यों है? कभी उनकी भी बात करिए, जिन बच्चियों के साथ बलात्कार हुआ। कभी उनकी बात भी करिए, जिन घरों में डकैती हुई। उत्तर प्रदेश की जनता जनार्दन के हित में बोलने के बजाय अखिलेश यादव अगर अपराधियों के पक्ष में बोलते हैं, तो मतलब साफ है कि समाजवादियों ने अभी भी अपनी मनोवृत्ति को बदला नहीं है। सपा के इस चरित्र को जनता नजदीक से देख रही है और आने वाले चुनाव में जवाब देने के लिए तैयार है।

# तिरुपति विवाद के बीच राजस्थान सरकार चलाएगी शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान

जयपुर (आईएएनएस)। तिरुपति मंदिर के लड्डूओं में पशुओं की चर्बी और मछली का तेल पाए जाने को लेकर चल रहे विवाद के बीच, राजस्थान के खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मंदिरों में भोग और प्रसाद की गुणवत्ता की जांच के लिए 23 से 26 सितंबर तक एक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान के तहत सवामणी और मंदिरों में नियमित रूप से दिए जाने वाले प्रसाद के नमूनों की जांच की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया, मुख्यमंत्री की पहल पर राजस्थान में चलाए जा रहे शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत यह जांच की जाएगी। इसमें सभी बड़े मंदिरों में जहां प्रतिदिन भोग के रूप में प्रसाद बनता है, वहां खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी।

अब तक राज्य के 54 मंदिरों ने भोग प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है। प्रसाद की गुणवत्ता के साथ-साथ स्वच्छता की भी जांच की जाएगी। इसके लिए राजस्थान के संबंधित विभागों को सूचित कर दिया गया है। यह अभियान एक विशेष टीम द्वारा चलाया जाएगा। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएस एसएआई) ने ईट राइट पहल के तहत भोग के लिए प्रमाणन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत धार्मिक स्थलों पर प्रसाद और खाद्य पदार्थ बेचने वाले विक्रेताओं को प्रमाण पत्र दिया जाता है।

# तूफान यागी का कहर, वियतनाम की मदद के लिए यूएन ने जारी किए 2 मिलियन डॉलर

संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)। संयुक्त राष्ट्र ने वियतनाम में तूफान यागी से हुई व्यापक तबाही से निपटने के लिए 20 लाख डॉलर की धनराशि जारी की। तूफान की वजह से देश में अब तक 290 लोगों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को कहा, राष्ट्रीय प्राधिकारियों ने 290 से अधिक लोगों की मृत्यु, 237,000 घरों के क्षतिग्रस्त होने और 30 लाख लोगों के प्रभावित होने की रिपोर्ट दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक ओसीएचए ने कहा कि एक्टिंग यूएन इमरजेंसी रिलीफ कोऑर्डिनेटर जॉयस मसूया ने सरकार की मदद के लिए यूएन सेंट्रल इमरजेंसी रिस्पॉन्स फंड (सीईआरएफ) से 2 मिलियन डॉलर की धनराशि आवंटित की है।



- **देश में अब तक 290 लोगों की हो चुकी है मौत**
- **30 लाख लोगों के प्रभावित होने की दी रिपोर्ट**

कार्यालय ने कहा, यह धनराशि अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) को दी जाएगी, ताकि सबसे अधिक प्रभावित प्रांतों येन बाई और लाओ काई में तत्काल जीवन-रक्षक जरुरतों को पूरा किया जा सके। तूफान यागी ने दो सप्ताह पहले उत्तरी वियतनाम में दस्तक दी थी। यह 7 सितंबर की सुबह राजधानी हनोई के पास से गुजरा था।

वियतनाम में तूफान यागी ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। ऐसा माना जा रहा है कि इसकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था भी सुस्त पड़ सकती है। तूफान के प्रभाव के कारण 2024 में वियतनाम की आर्थिक वृद्धि पिछले अनुमान की तुलना में 0.15 प्रतिशत कम रह सकती है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को योजना एवं निवेश मंत्री गुयेन ची डुंग के हवाले से बताया कि तूफान यागी के कारण अर्थव्यवस्था में इस साल 6.8 से सात प्रतिशत तक की वृद्धि के अनुमान की तुलना में 0.15 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

मंत्रालय के अनुसार तूफान यागी की वजह से अब तक 40 ट्रिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर) का अनुमानित नुकसान हुआ है। तूफान ने जिन इलाकों को प्रभावित किया उनमें देश की अर्थव्यवस्था का 41 प्रतिशत और जनसंख्या का 40 प्रतिशत हिस्सा आता है।

# शाही मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट से सिर्फ एक याचिका वापस ली : तनवीर अहमद

मथुरा (आईएएनएस)। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही मस्जिद ईदगाह विवाद में सुप्रीम कोर्ट में चल रही याचिकाओं में एक याचिका शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने वापस ले ली। यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी, जिसमें हाईकोर्ट ने शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के खिलाफ कुछ मामलों में रिटेन स्टेटमेंट दाखिल नहीं करने की बात कहकर एक्स पार्टी आदेश कर दिया था।



हालांकि हाईकोर्ट ने उस आदेश को वापस ले लिया। इसके बाद शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली। इस पूरे मामले पर शाही ईदगाह कमेटी के सचिव तनवीर अहमद ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद में इस मामले की सुनवाई चल रही है। 12 अगस्त को एक आदेश पारित हुआ था कि कुल मुकदमों में 12 नंबर और 16 नंबर के मुकदमों में मेरा रिटेन स्टेटमेंट दाखिल नहीं है, जबकि नवंबर में ही उन्हें दाखिल कर दिया था। वह किसी वजह से न्यायालय के संज्ञान में नहीं आ पाया था। इसलिए यह आदेश पारित किया गया। उस आदेश के खिलाफ हमने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। साथ ही उच्च न्यायालय इलाहाबाद में भी एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसमें हमने न्यायालय का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया कि हमारा रिटेन स्टेटमेंट पहले से ही दाखिल है। इसके बाद उच्च न्यायालय ने उस आदेश को रिकॉल कर लिया। साथ ही एक्स पार्टी आदेश को निरस्त कर दिया। इस मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी। अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का कोई औचित्य नहीं रह जाता है, क्योंकि अपने आदेश को उच्च न्यायालय ने ही निरस्त कर दिया था। इसलिए वह याचिका हमने वापस ले ली है।

उन्होंने कहा, अब भ्रम की स्थिति यह फैलाई जा रही है कि शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी की तरफ से सारी याचिकाएं वापस ले ली गई हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। जिस ऑर्डर को हमने चैलेंज किया था वह ऑर्डर हमारी मांग पर स्वत: ही निरस्त हो गया। बाकी सारी याचिकाएं चल रही हैं। आगामी चार नवंबर को इस पर सुनवाई भी होनी है। इसलिए बाकी पक्ष के जो लोग, भ्रम की स्थित उत्पन्न कर रहे हैं, उसमें कोई सच्चाई नहीं है।

शेष पृष्ठ एक का.............................

## संदीप घोष के करीबी विरूपाक्ष और ......

उन्हें धमकी देते हुए सुना जा सकता है, हालांकि विरूपाक्ष ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। वहीं, अभीक दे को उत्तरबंग लॉबी का उभरता नेता माना जाता है और उन पर भी कई गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि अभीक पिछले कुछ वर्षों से मेडिकल कॉलेजों और जिला स्तरीय अस्पतालों में सिंडिकेट चला रहे थे। आरजी कर कांड के बाद अभीक की वहां मौजूदगी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। सीबीआई इन सभी मामलों पर इन दोनों डॉक्टरों से पूछताछ कर रही है। इस बीच आरजी कर अस्पताल में महिला जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले को लेकर 43 दिनों तक विरोध प्रदर्शन के बाद जूनियर डॉक्टर आज शनिवार से इमरजेंसी सेवाओं में काम पर लौट आए हैं।

## सिलीगुड़ी में दुष्कर्म का आरोपी पुलिस ...

दुष्कर्म का आरोप लगा कर लिखित शिकायत दर्ज करवाती है।

गिरफ्तारी के बाद, आज आरोपी पुलिस ऑफिसर को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में रखने का निर्देश दिया। वही इस विषय पर सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन के डीसीपी विश्व चंद ठाकुर ने बताया कि एक महिला ने जुलाई महीने में उनके महकमे के एक एएसआई पुलिस ऑफिसर पर दुष्कर्म के आरोप में शिकायत दर्ज करवाया था। शिकायत के बाद एएसआई पुलिस ऑफिसर अमर वीर को संस्पेंड कर दिया गया था। कल माटीगाड़ा थाना की पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## आतिशी बनीं दिल्ली की तीसरी महिला ...

फिर अरविंद केजरीवाल को चुनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल को नहीं चुना गया, तो भाजपा दिल्ली की जनता का हाल बुरा कर देगी, ना उन्हें मुफ्त बिजली मिलेगी और ना ही मुफ्त पानी। अरविंद केजरीवाल मेरे बड़े भाई हैं, गुरु हैं। उन्होंने मुझे आज इतना बड़ा मौका दिया, इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन यह मेरे लिए और हम सबके लिए एक बहुत भावुक क्षण है। आतिशी ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल ने बीते 10 सालों में दिल्ली के आम लोगों के दर्द को अपना समझा है। दिल्ली की जनता के लिए उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण काम किए हैं। अरविंद केजरीवाल को पीएमएलए कोर्ट में जमानत मिलना आसान नहीं था। उन्हें जमानत देकर सुप्रीम कोर्ट ने बहुत बड़ा उदाहरण दिया है।

उन्होंने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल की जगह कोई और होता तो बाहर आते ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ जाता। लेकिन, उन्होंने नैतिकता और ईमानदारी के दम पर अपना त्यागपत्र दे दिया और दिल्ली की जनता से कहा कि अगर मैं ईमानदार हूं, तो मुझे अगली बार जरूर चुनकर ले आना।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी को विधायक दल का नेता चुना गया। आतिशी कालकाजी सीट से विधायक हैं और दिल्ली सरकार के कई विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की कथित शराब घोटाला मामले में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी थी। लेकिन, जमानत के दौरान केजरीवाल पर कई प्रतिबंध भी लगाए गए थे। दिल्ली में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं।

## आरजी कर पीड़िता ने दवाओं की खराब ..

दवाइयां प्रभावी नहीं हो रहीं, जिससे संक्रमण बढ़ने का खतरा पैदा हो रहा है। कुछ मामलों में तो ऑपरेशन सफल होने के बावजूद मरीजों की जान चली गई। शिकायतों के बावजूद, इन मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

चिकित्सकों का कहना है कि सर्जरी के बाद दी जा रही एंटीबायोटिक दवाइयां अपना काम नहीं कर रही हैं। एक शल्य चिकित्सक ने कहा, बहुत से मामलों में, घाव साफ करने वाला तरल पदार्थ सिर्फ रंगीन पानी जैसा होता है, जो संक्रमण को कम करने के बजाय बढ़ा देता है। ऐसे कई मरीजों को हमने खो दिया, जो ऑपरेशन के बाद ठीक हो सकते थे।

बच्चों के इलाज में भी दवाइयों की प्रभावशीलता को लेकर शिकायतें आई हैं। बच्चों के विभाग के कुछ चिकित्सकों ने भी अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया था कि कई बच्चों को दवाइयों के असर न करने के कारण नहीं बचाया जा सका है। लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## नौवीं बार अमेरिका पहुंचे पीएम मोदी का ..

इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्वीट किया, 'आज मैं प्रधानमंत्री अल्बनीज (ऑस्ट्रेलिया), मोदी और किशिदा का अपने घर डेलावेयर में स्वागत करूंगा। ये नेता न केवल एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं- वे मेरे और हमारे राष्ट्र के दोस्त हैं। शिखर सम्मेलन में हम जो कुछ भी हासिल करेंगे, उसे लेकर मैं आशान्वित हूं।'

क्वाड नेताओं की छठी बैठक अमेरिका के स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे आर्कमेरे अकादमी में होनी है, जहां बाइडन ने हाई स्कूल में पढ़ाई की थी। भारतीय समयानुसार यह बैठक रविवार सुबह 1.30 बजे शुरू होगी। प्रधानमंत्री मोदी बैठक के अतिरिक्त राष्ट्रपति बाइडन और क्वाड समूह के दूसरे नेताओं के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी करेंगे।

## एयर मार्शल एपी सिंह नये वायु सेना प्रमुख ..

रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र एयर ऑफिसर एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार के फिक्स्ड और रोटरी विंग विमानों पर 5000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है।

अपने करियर के दौरान एपी सिंह ने एक ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और एक फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान संभाली है। परीक्षण पायलट के रूप में उन्होंने मास्को, रूस में मिग-29 अपग्रेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम का नेतृत्व किया। वह राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र में परियोजना निदेशक (उड़ान परीक्षण) भी थे और उन्हें लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, तेजस की उड़ान परीक्षण का काम सौंपा गया था। उन्होंने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में वायु रक्षा कमांडर और पूर्वी वायु कमान में वरिष्ठ वायु स्टाफ अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियां की हैं। वायु सेना उप प्रमुख का पदभार संभालने से पहले वह मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे।

विशिष्ट सेवा के लिए एयर मार्शल को 26 जनवरी, 2019 को भारत के राष्ट्रपति ने अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया था। उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# 300 साल पुराने तिरुपति प्रसाद की मिठास में कैसे आई कड़वाहट

## ● प्रसाद की क्वालिटी को लेकर पहली बार 80 के दशक में उठे थे सवाल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर के प्रसाद (लड्डू) में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल होने की बात सामने आने के बाद देशभर में सियासी हंगामा मचा हुआ है। इस मामले को लेकर हर कोई सवाल उठा रहा है।

आरोप लग रहा है कि प्रसाद में मिलावट करके हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है। हालांकि, ये पहली बार नहीं है, जब तिरुपति मंदिर के प्रसाद ने विवाद को जन्म दिया है। करीब 40 साल पहले भी ऐसे ही सवाल उठे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंदिर के प्रसाद की क्वालिटी को लेकर पहली बार सवाल 80 के दशक में उठे थे। एक रिटायर्ड अफसर ने दावा किया था कि उन्होंने तिरुपति मंदिर से जो लड्डू लिए थे, उस प्रसाद में फफूंदी और कील निकली थी। अधिकारी के इन आरोपों के बाद मामले ने तूल पकड़ा और विवाद आंध्र प्रदेश विधानसभा तक पहुंच गया।



प्रसाद की क्वालिटी गिरने को लेकर सवाल उठाए गए और फिर इसकी जांच भी की गई। रिपोर्ट्स के अनुसार इस संबंध में 1985 में एक रिपोर्ट भी सामने आई। इसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री एनटी रामाराव ने एक्शन लिया और कई कर्मचारियों को काम से निकाल दिया गया। साथ ही प्रसाद को बनाने में वैज्ञानिक तरीके के इस्तेमाल को मंजूरी दी गई थी। हालांकि, नए विवाद ने 300 साल पुराने तिरुपति प्रसाद की मिठास में कड़वाहट ला दी है।

बता दें कि तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के पहाड़ी शहर तिरुमला में स्थित है। यह मंदिर भगवान विष्णु के एक रूप भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि वे मानव जाति को परेशानियों से बचाने के लिए पृथ्वी पर प्रकट हुए थे। इसलिए इस स्थान को कलियुग बैकुंठ भी कहा जाता है।

इस मंदिर को तिरुमाला मंदिर, तिरुपति मंदिर और तिरुपति बालाजी मंदिर जैसे अन्य नामों से भी पुकारा जाता है। इस मंदिर को तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा चलाया जाता है, जो आंध्र प्रदेश सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। तिरुपति का इतिहास भी सदियों पुराना है, लेकिन इसे लेकर भी इतिहासकारों में काफी मतभेद देखने को मिलता है।

कहा जाता है कि चोल, होयसल और विजयनगर के राजाओं ने इस मंदिर के निर्माण में खास योगदान दिया था। इस मंदिर के प्रसाद का इतिहास भी 300 साल पुराना बताया जाता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंदिर में प्रसाद बनाने की प्रथा साल 1715 के आसपास शुरू हुई थी, जिन्हें साल 2014 में जाई टैग भी दिया गया।

# आरजी कर मामले का विरोध करने पर शिक्षक और पूर्व मंत्री ने छात्राओं को क्लास से निकाला



बांकुड़ा (हि.स.)। आर.जी. कर मामले में दोषियों को सजा देने की मांग को लेकर कॉलेज गेट के बाहर स्ट्रीट पेंटिंग की थी। इस कारण बांकुड़ा जिला अंतर्गत सारदामणि महिला कॉलेज के भूगोल विभाग के प्रमुख और पूर्व राज्य मंत्री श्यामल सांतारा पर कॉलेज की दो छात्राओं को क्लास से बाहर निकालने का आरोप लगा है। इस घटना को लेकर शनिवार सुबह से ही कॉलेज परिसर में तनाव था। इस दिन शिक्षक और पूर्व मंत्री के खिलाफ छात्राओं के विरोध प्रदर्शन में कॉलेज की पूर्व छात्राओं और आम लोगों ने भी हिस्सा लिया। श्यामल ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि राजनीतिक उद्देश्यों के लिए पर्चे बांटे जा रहे थे। उन्होंने इसे रोक दिया।

शनिवार को विरोध प्रदर्शन में शामिल छात्राओं ने बताया कि आर.जी. कर मामले के विरोध में उन्होंने आंदोलन के लिए आवेदन दिया था। लेकिन कॉलेज प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी। इसके लिए कुछ लोगों ने कॉलेज गेट के बाहर स्ट्रीट पेंटिंग की। आरोप है कि मामले की जानकारी होने पर कॉलेज के भूगोल विभाग के अध्यक्ष ने अपनी कक्षा की अपर्णा मंडल और प्रेयसी टुडू नामक पांचवें सेमेस्टर की दो छात्राओं को अपमानित किया।

प्रेयसी ने कहा कि जब हमने आर.जी. कर घटना के विरोध में स्ट्रीट पेंटिंग की तो श्यामलबाबू ने हमें क्लास से बाहर निकाल दिया। यह भी थ्रेट कल्चर है। हम विभागाध्यक्ष के इस कार्य को स्वीकार नहीं कर सकते। हम कक्षा में वापस जाना चाहते हैं। एक अन्य छात्रा अपर्णा ने कहा कि आर.जी. कर घटना के विरोध में दुनिया भर से लोग सड़कों पर उतर आए हैं। कई बाधाओं के बावजूद हमने कॉलेज के गेट के बाहर स्वयं विरोध किया। उस अपराध के लिए ही उन्होंने हमें क्लास से निकाल दिया! उन्होंने आगे कहा कि हम कॉलेज टीचर को अभिभावक मानते हैं। लेकिन हम सोच भी नहीं सकते कि कोई वे ऐसा व्यवहार करेंगे। हमने इस घटना के खिलाफ आंदोलन का आह्वान किया है।

बांकुड़ा जिला सरदामणि महिला कॉलेज के टीचर-इंचार्ज देवव्रत मुखोपाध्याय ने कहा, विभाग प्रमुख ने क्या किया, इसकी मुझे जानकारी नहीं है। लेकिन चूंकि मैं कॉलेज का प्रमुख हूं, इसलिए इस घटना की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। जल्द ही इन दोनों छात्राओं को कक्षा में वापस लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# पूजा के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए सियालदह शाखा में रेल प्रबंधन ने की विशेष तैयारी




कोलकाता (हि.स.)। दुर्गा पूजा में कुछ ही दिन बाकी है। पूजा पंडालों की तैयारी जोरों पर है। इस बीच पूजा के दौरान सियालदह शाखा की ट्रेनों में उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेल प्रबंधन विशेष तैयारी कर रहा है। पूर्वरेल सूत्रों के अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए कई व्यवस्थाएं की जाएंगी। नौ से 12 अक्टूबर तक विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिनमें रेल लाइन के किनारे पंडालों में भीड़ नियंत्रण, सियालदह स्टेशन पर ट्रॉली की आवाजाही पर प्रतिबंध के अलावा ट्रेनों को समय पर चलाना शामिल है। पूजा की तैयारियों के मद्देनजर रेलवे की तरफ से निनलिखित इंतजाम किये जा रहे हैं।

सियालदह शाखा गेलोपीन ट्रेनें नौ से 12 अक्टूबर तक पूजा के दिनों में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी। ट्रेनों के आवागमन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सियालदह शाखा के विभिन्न स्थानों पर रेलवे लाइन के 10-20 मीटर के भीतर कम से कम 50 पूजा मंडप हैं। जिसके चलते काफी भीड़ होगी। इसे नियंत्रण करने और यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन जगहों पर आरपीएफ की तैनाती की जाएगी। स्थानीय पुलिस उनकी मदद करेगी।

सियालदह, दमदम, कोलकाता स्टेशनों पर दर्शनार्थियों के लिए स्व सहायता बूथ होंगे। यहां स्थानीय पुलिस स्टेशन, अस्पताल, अग्निशमन विभाग का आपातकालीन नंबर मिलेगा। पूजा के दौरान बारासत, खड़दह, बालीगंज, बैरकपुर, सोनारपुर, बनगांव, बारुईपुर, राणाघाट और बहरमपुर स्टेशनों पर लेवल क्रॉसिंग को संभालने की जिम्मेदारी आरपीएफ की होगी। यहां दर्शनार्थियों की सहायता के लिए स्वयंसेवक भी उपलब्ध रहेंगे। सियालदह स्टेशन के व्यस्त घंटों के दौरान विशेष रूप से त्योहार के दिनों में शाम छह बजे से सुबह पांच बजे तक कोई ट्रॉली नहीं चलेगी।

प्रत्येक स्टेशन पर अतिरिक्त लाइटें लगाई जाएंगी। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, स्टेशन रोड पर कोई भी निर्माण सामग्री न छोड़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। सियालदह स्टेशन पर पांच अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले जायेंगे। इन काउंटरों के लिए अस्थायी टिकट बुकिंग क्लर्क नियुक्त किये जायेंगे। स्टेशनों पर अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। सभी बूथों पर पर्याप्त सं या में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध रहेंगे। सियालदह, बिधाननगर, दमदम, नैहाटी, बालीगंज, सोनारपुर, कोलकाता, कांचरापाड़ा, बैरकपुर, माझेरहाट, कृष्णानगर आदि स्टेशनों पर ट्रेन संबंधी घोषणाओं और समय सारिणी पर विशेष नजर रखी जाएगी। पूजा के दिनों में सभी स्टेशनों पर पर्याप्त पेयजल उपलब्ध रहेगा।

यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल कोच जोड़े जाएंगे। त्योहार के दौरान महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए जीआरपी के सहयोग से विशेष सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। राज्य प्रशासन के निर्देशानुसार अवकाश के दौरान चफ्रेल का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। यात्रियों का मार्गदर्शन करने के लिए वरिष्ठ स्काउट्स, नागरिक सुरक्षा कर्मियों को शाम छह बजे से रात एक बजे तक तैनात किया जाएगा। वहां सेंट जॉन्स एंबुलेंस भी रहेगी। सियालदह, दमदम, नैहाटी, बारासात जैसे प्रमुख स्टेशनों पर बीमार यात्रियों की देखभाल के लिए डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी होंगे। अन्य स्टेशनों पर पर्याप्त प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स भी उपलब्ध होंगे।

# अनुब्रत की जमानत से समर्थकों में खुशी, तृणमूल कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में की पूजा



कोलकाता (हि.स.)। तृणमूल कांग्रेस नेता अनुब्रत मंडल दुर्गा पूजा से पहले बीरभूम लौट रहे हैं। शुक्रवार को उनकी जमानत मंजूर होने के बाद, शनिवार सुबह से तृणमूल कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। सिउड़ी के रक्षकालीतला मंदिर परिसर में ढाक बजाते हुए गुड़, बताशा और मिठाई बांटी गई। अनुब्रत की जमानत से उनके समर्थक स्वाभाविक रूप से खुश हैं। पूजा से पहले, अनुब्रत मंडल अपनी बेटी को साथ लेकर घर लौटेंगे। इसी कारण बीरभूम के इलाके में तैयारियों का माहौल है। तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल (केस्टो) के घर में रंग-रोगन का काम शुरू हो गया है। सफाई और घास-पत्तियों की कटाई भी चल रही है।

दो साल पहले अगस्त के महीने में ही अनुब्रत को सीबीआई ने गाय तस्करी मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद, बोलपुर के नीचुपट्टी के निवासी अनुब्रत का नया ठिकाना आसनसोल जेल बना।

वहां से ईडी ने तृणमूल नेता को अपनी हिरासत में लिया और फिर उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया गया। इसी मामले में अनुब्रत की बेटी सुकन्या मंडल को भी पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया था। बाद में, उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया और तिहाड़ जेल भेजा गया। करीब एक हफ्ते पहले सुकन्या की जमानत मंजूर हुई थी और अब अनुब्रत भी जेल से बाहर आ रहे हैं। शनिवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष अदालत ने तृणमूल नेता की जमानत मंजूर की। उन्हें 10 लाख रुपये का बांड भरना होगा और जमानत के साथ कुछ शर्तें भी लगाई गई हैं।

# समुद्र की लहरों में डूबा ट्रॉलर, नौ मछुआरे लापता



डायमंड हार्बर (दक्षिण 24 परगना) (हि.स.)। समुद्र में चक्रवात के कारण शुक्रवार देर रात नदी तट से 60 किमी दूर एक ट्रॉलर डूब गया। इस घटना में नौ मछुआरे लापता हैं जबकि आठ मछुआरों को बचा लिया गया।

हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रॉलर का नाम एफबी बाबा गोविंद है। शनिवार सुबह लापता मछुआरों की तलाश शुरू की गई है। काकद्वीप मछुआरा कल्याण संघ के सूत्रों के अनुसार शुक्रवार रात ट्रॉलर चक्रवात के कारण समुद्र में पलट गया। आसपास के ट्रॉलरों के मछुआरों ने इस घटना को देखा और उन्होंने आठ लोगों को बचाया। हालांकि, नौ मछुआरे अभी भी लापता बताये जा रहे हैं।

बचाये गये मछुआरों के अनुसार बाकी लोग ट्रॉलर के केबिन रूम के अंदर फंसे हुए हैं। पांच ट्रॉलर डूबते ट्रॉलर को खींचने की कोशिश कर रहे हैं। लापता लोगों की तलाश जारी है। हादसे की खबर मिलते ही लापता मछुआरों के परिवारों में शोक का माहौल है।

# पश्चिम बंगाल के हावड़ा, हुगली व पश्चिम मेदिनीपुर अभी भी बाढ़ की चपेट में



कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के दक्षिणी जिलों में बाढ़ की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन हावड़ा, हुगली और पश्चिम मेदिनीपुर के बड़े हिस्से अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। हालांकि जलस्तर कुछ हद तक कम हुआ है, फिर भी कई गांव कमर और घुटने तक पानी में डूबे हुए हैं। बाढ़ पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए स्थानीय पुलिस-प्रशासन नावों का उपयोग कर रहा है। इसके साथ ही बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने में भी नावों की मदद ली जा रही है।

हर साल की तरह इस बार भी पश्चिम मेदिनीपुर के घाटाल क्षेत्र के निवासियों को बाढ़ की मार झेलनी पड़ी है। पिछले सप्ताह के निम्न दबाव और लगातार बारिश के कारण इस क्षेत्र की नदियों में जलस्तर बढ़ गया था। साथ ही दामोदर घाटी निगम के बांधों और जलाशयों से पानी छोड़े जाने के कारण पश्चिम मेदिनीपुर के घाटाल, चंद्रकोणा, डेबरा और केशपुर क्षेत्रों में बाढ़ का संकट उत्पन्न हुआ। हालांकि नए सिरे से बारिश नहीं होने और दामोदर घाटी निगम द्वारा छोड़े जा रहे पानी की मात्रा में कमी आने से बाढ़ की स्थिति में थोड़ी राहत मिली है। जलस्तर कम होने के कारण घाटाल राज्य मार्ग पर यातायात बहाल हो गया है लेकिन कई जगहों पर लोग अभी भी नावों और डिंगियों का उपयोग कर रहे हैं।

# 43 दिनों की हड़ताल के बाद काम पर लौटे जूनियर डॉक्टर



कोलकाता (हि.स.)। 43 दिनों की हड़ताल के बाद जूनियर डॉक्टर ड्यूटी पर लौट आए हैं। शनिवार सुबह से ही आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल सहित विभिन्न सरकारी अस्पतालों के आपातकालीन सेवाओं में जूनियर डॉक्टर फिर से काम पर लौट आए।

आरजी कर अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग में वे अपनी ड्यूटी निभाने लगे हैं। जूनियर डॉक्टरों की वापसी से इलाज करवाने आए मरीजों ने भी राहत की सांस ली है। आरजी कर और अन्य अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को पुनः सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। शनिवार सुबह जिन जूनियर डॉक्टरों की ड्यूटी थी, उन्होंने आरजी कर अस्पताल के ट्रॉमा केयर भवन में पहुंचकर काम संभाला। राज्य के अन्य 25 मेडिकल कॉलेजों में भी जूनियर डॉक्टर इमरजेंसी में चिकित्सा सेवा में लौट आए हैं। हालांकि फिलहाल ओपीडी में जूनियर डॉक्टरों की उपस्थिति नहीं दिखी है।

उल्लेखनीय है कि नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल की एक युवा महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या हुई थी। इस घटना के बाद से जूनियर डॉक्टर न्याय की मांग और कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। हालांकि, शनिवार से उन्होंने काम पर वापसी कर ली है लेकिन पीड़िता के लिए न्याय की मांग को लेकर उनका सांकेतिक आंदोलन जारी रहेगा।

# कक्षा के दौरान गिरा पंखा, तीन छात्र घायल

हुगली (हि.स.)। हुगली जिला अंतर्गत पोलबा के बेलगारिया प्राइमरी स्कूल में कक्षा के दौरान पंखा गिरने से तीन छात्र घायल हो गए। इस घटना के बाद छात्रों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं।

पोलबा के बेलगारिया प्राइमरी स्कूल में अन्य दिनों की तरह शनिवार को भी कक्षाएं शुरू चल रही थीं। इसी दौरान कक्षा की छत से लटक रहा पंखा गिर गया। इस घटना में छात्र रंजीत सांतरा का सिर फट गया। उसे लहूलुहान हालत में पांडुआ ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। वहां उनके सिर पर पांच टांके लगाने पड़े। दो अन्य घायल छात्रों आकाश और रिकी सांतरा को भी प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय पोलबा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। स्कूल के मुख्य शिक्षक दिलीप दास ने कहा, चौथी कक्षा में क्लास के दौरान अचानक पंखा गिर गया जिसके परिणामस्वरूप यह हादसा हुआ। घायल छात्रों को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

# 24 घंटे बाद खोली गई झारखंड-बंगाल सीमा

## भाजपा का ममता पर तीखा हमला

कोलकाता (हि.स.)। लगभग 24 घंटे तक बंद रहने के बाद झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच अंतरराज्यीय व्यापार के लिए ट्रकों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल सरकार ने दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) द्वारा अपने बांधों से पानी छोड़े जाने से दक्षिण बंगाल के जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की वजह से गुरुवार शाम को झारखंड से लगती सीमा को बंद कर दिया था।

राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया, अंतरराज्यीय सीमा अब खुल गई है और एनएच-2 और एनएच-6 पर फंसे हजारों मालवाही ट्रक रवाना हो गए हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल के ट्रक ऑपरेटरों ने कहा कि सीमा खुल चुकी है लेकिन 20-25 किलोमीटर लंबी ट्रकों की कतार को खत्म होने में समय लगेगा।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट किया, ममता बनर्जी केंद्रीय गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और झारखंड की जनता के संगठित प्रयासों के दबाव के आगे झुक गई हैं, जिन्होंने झारखंड से पश्चिम बंगाल जाने वाले वाहनों को रोकने के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। उन्होंने कहा, झारखंड से पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने वाले वाहनों को अब जाने की अनुमति दी गई है। मेरी तरफ से इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद ही चीजें तेजी से हुईं और मैं सभी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस अवैध अवरोध को समाप्त करने में अपना योगदान दिया।

अधिकारी ने ममता बनर्जी की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने हाल के दिनों में एक कदम आगे और चार कदम पीछे जाने की आदत बना ली है। आरजी कर अस्पताल मामले से लेकर उनके द्वारा उठाए गए सभी कदम विफल साबित हो चुके हैं। यह सिर्फ शुरुआत है, अब से ममता बनर्जी को लगातार अपने फैसले वापस लेने पड़ेंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि झारखंड की बांधों से पानी छोड़ने के कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई है और उन्होंने झारखंड से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने डीवीसी को मानव निर्मित बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उनकी सरकार डीवीसी से सभी संबंध समाप्त कर देगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने भी ममता बनर्जी पर सीमा सील करने के फैसले को लेकर तीखा हमला किया।

## अंकजाल - 7764

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 17 | 16 | 49 | 35 | | | 16 | 20 | |
| 21 | 5 | | 7 | | | | 5 | | 15 |
| 23 | | 2 | | 5 | | 8 | | 5 | 20 |
| | 3 | | 2 | | 3 | | 2 | | 35 |
| | | | | 9 | | 7 | | 5 | 33 |
| 38 | 7 | | 5 | | 8 | | | | |
| 35 | | 3 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| 14 | 3 | | 7 | | 8 | | 5 | | 29 |
| 16 | | 4 | | | | 7 | | 5 | 23 |
| | 18 | 13 | | | 35 | 51 | 13 | 19 | |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

### अंकजाल 7763 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 24 | 18 | 17 | | 32 | 14 | 26 | 7 | |
| 9 | 3 | 4 | 2 | | 6 | 7 | 9 | 3 | 25 |
| 14 | 7 | 2 | 5 | | 5 | 4 | 9 | 2 | 20 |
| 20 | 7 | 5 | 8 | | 5 | 3 | 8 | 2 | 18 |
| 28 | 7 | 7 | 2 | 5 | 7 | | | | |
| | | | | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 27 |
| 22 | 6 | 7 | 3 | 6 | | 4 | 5 | 2 | 11 |
| 18 | 5 | 6 | 3 | 4 | | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | | 6 | 8 | 7 | 21 |
| | 16 | 21 | 12 | 27 | | 19 | 24 | 22 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7716

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | व | दे | ह | रा | दू | न | ल | क |
| र | ल्मो | ल | रु | व | जी | ग | द | इ | ट | ली |
| ग | स | ड्ड | ल | द्र | छ | पु | चं | पा | व | त |
| क | ढ़ | ज | य | पु | प्र | न | प | न | ल | उ |
| क | क | वा | ग | श्री | लं | या | तू | ग | झ | ध |
| जी | क | ल | ल | ह | झ | पू | ग | ण | घ | म |
| उ | आ | नै | नी | ता | ल | ल | श | र | ला | सिं |
| क | त्त | दा | ई | धा | ब | क | फ | लो | श | ह |
| च | बा | र | न | ब्रा | जी | ल | री | ग | प | न |
| मो | पा | ल | का | व | ह | रि | द्वा | र | प | ग |
| ली | क | ल | प | शी | न | रा | बा | द | प | र |


शब्द जाल में उत्तरांचल के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अल्मोडा, चमोली, चंपावत, देहरादून, गढ़वाल, हरिद्वार, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी

### शब्दजाल - 7715 का हल




## काकुरो पहेली - 6870




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो - 6869 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल - 7112

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 8260



**बाएँ से दाएँ**

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम, संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

### शब्द पहेली -8259 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर होगी सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री



पटना (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक शनिवार को की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक हत्याएं भूमि विवाद के कारण होती हैं, जो अब घट रही है। जानकारी दी गयी है कि 46.69 प्रतिशत हो गया है, यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लैंड सर्वे एंड सेटलमेंट का काम तेजी से पूर्ण हो ताकि भूमि विवाद को लेकर होने वाली अपराध की घटनाओं में पूरी तरह कमी आये। प्रशासन और पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ असामाजिक तत्वों पर नजर बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गश्ती में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। रात्रि गश्ती और तेज करें। रात्रि एवं पैदल गश्ती को और प्रभावी बनाने के लिये वरीय पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर रात्रि में स्वयं औचक निरीक्षण करें। कानून व्यवस्था को बनाये रखने में सभी पूरी तन्मयता से काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अपराध अनुसंधान कार्य में तेजी लाएं और इसे ससमय पूर्ण करें ताकि दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस की संख्या बढ़ाने के लिये विभिन्न श्रेणियों में 2,29,139 पद स्वीकृत किये जा चुके हैं जबकि 1,06,436 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। शेष रिक्त पदों पर बहाली शीघ्र करें। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है जल्द-से-जल्द बचे हुए पदों पर पुलिस की बहाली होने से कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में और सहूलियत होगी। हमने वर्ष 2013 से ही पुलिस में महिलाओं के लिये 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। अभी बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या लगभग 30 हजार हो गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ने से थानों में जो महिलायें शिकायत लेकर आतीं हैं, उन्हें समस्याओं के समाधान में सहूलियत हो रही है और उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा है। महिला पदाधिकारी एवं महिला पुलिस कर्मियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अलग से व्यवस्था की गई है।

## बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास को झारखंड के विकास के लिए पूरा समय नहीं मिला : राजनाथ




चतरा (हि.स.)। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि झारखंड में अब तक के मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास को राज्य के विकास के लिए जितना समय मिलना चाहिए था उतना नहीं मिला। वे दावे के साथ कह सकते हैं कि इन तीनों नेताओं के राजनीतिक दामन पर एक भी भ्रष्टाचार के दाग नहीं लगे। उनका कार्यकाल बेदाग रहा।

झारखंड के चतरा जिले के इटखोरी स्थित भद्रकाली मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि झारखंड के लिए यह दुर्भाग्य की बात है कि यहां का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गया, जिसने भारत के स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के साथ खिलवाड़ किया। गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गया। लोकतंत्र के मर्यादाओं को तार-तार कर दिया। इसके बावजूद वह सीने का बटन खोलकर घूमता है।

राजनाथ ने कहा कि भाजपा पूरे राज्य में परिवर्तन यात्राएं निकाल रही है। झारखंड का एक नया इतिहास लिखने जा रहा है। झारखंड के भविष्य का फैसला नेता नहीं, यहां की जनता करने वाली है। यहां की जनता अब विकास, सुशासन, राजनीतिक सुचिता का नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि झारखंड का नया इतिहास लिखने के लिए कभी दागदार को मौका नहीं मिलना चाहिए। इससे पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक मनोज यादव सहित अन्य के साथ प्राचीन मां भद्रकाली मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद यहां आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया।

## झारखंड में 11 आईएएस के तबादले

रांची (हि.स.)। झारखंड सरकार ने 11 आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। देवघर जिले के मधुपुर में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण सरायकेला खरसावां का परियोजना निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार खूंटी के अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), पलामू जिले के हुसैनाबाद में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा को धनबाद का अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था, चक्रधरपुर के अनुमंडल पदाधिकारी रीना हंसदा को गुमला का समेकित जनजातीय विकास अभिकरण का परियोजना निदेशक, वित्त विभाग के अवर सचिव शताब्दी मजूमदार को जमशेदपुर के धालभूम का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है।

इसी प्रकार प्रतीक्षारत श्रुति राज लक्ष्मी को चक्रधरपुर का अनुमंडल पदाधिकारी, प्रतीक्षारत रवि कुमार को देवघर का अनुमंडल पदाधिकारी, प्रतीक्षारत दीपेश कुमारी को खूंटी का अनुमंडल पदाधिकारी, प्रतीक्षारत कृष्णकांत कनवाड़िया को पलामू के हुसैनाबाद का अनुमंडल पदाधिकारी, प्रतीक्षारत सुलोचना मीणा को मेदनीनगर (सदर) पलामू का अनुमंडल पदाधिकारी, प्रतीक्षारत प्रांजल ढांडा को अगले आदेश तक पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार देर रात अधिसूचना जारी की गयी है।

## झारखंड के नये चीफ जस्टिस बने न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव



रांची (हि.स.)। केंद्र सरकार ने आठ राज्यों के हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी है। न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव को झारखंड का नया चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। वह जस्टिस डा. बीआर सारंगी की जगह लेंगे। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने जस्टिस राव को झारखंड हाईकोर्ट का मु,य न्यायाधीश बनाने का प्रस्ताव किया था।

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस के पद पर कार्यरत जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को झारखंड हाईकोर्ट में स्थानांतरित किए जाने की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई, 2024 को की थी। यह नियुक्ति झारखंड हाई कोर्ट में लंबे समय से खाली पड़े चीफ जस्टिस के पद को भरेगी।

अभी झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद कार्य कर रहे हैं। इससे पहले, झारखंड सरकार ने राज्य के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति में देरी को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि चीफ जस्टिस की अनुपस्थिति ने झारखंड में न्याय प्रशासन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है।

ममीदन्ना सत्यरत्न रामचंद्र राव (जन्म 07 अगस्त 1966) वर्तमान में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं। वे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और तेलंगाना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं। उन्होंने तेलंगाना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया है।

## केन्द्रीय चुनाव आयोग की टीम 23 को झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों का लेगी जायजा




रांची (हि.स.)। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेने 23 सितंबर को केंद्रीय निर्वाचन आयोग की टीम रांची आयेगी। दो दिनों तक चलने वाले इस दौरे में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड और आईजी अभियान ने संयुक्त रूप से जिले के एसपी और डीसी के साथ निर्वाचन आयोग के आने से संबंधित तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान आयोग की समीक्षा के लिए पीटी की तैयारी, सुरक्षा बलों के रहने व मूलभूत सुविधा की तैयारी और लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान दायर वादों की स्थिति की समीक्षा की गयी थी।

झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एक ही जिले में तीन साल से पदस्थापित पुलिसकर्मियों का तबादला किया जा चुका है। राज्य पुलिस स्थापना परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद बीते 18 अगस्त को एक ही जिले की इकाई में तीन वर्ष या उसके अधिक समय अवधि तक पदस्थापित पुलिस निरीक्षक और परिचारी प्रभारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई थी। इसके अलावा एक ही जिले में तीन साल अधिक समय से पदस्थापित एसपी का भी तबादला किया जा चुका है। पदाधिकारियों का यह तबादला भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुआ था। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव से पूर्व स्थानांतरण-पदस्थापन कार्य पूरा करने संबंधित आदेश जारी किया था। इसके आलोक में तबादले की यह कार्रवाई हुई है। अब संभावना जताई जा रही है कि आईपीएस और आईएएस रैंक के अफसरों का तबादला सरकार की ओर से नहीं किया जायेगा।

## चौथे दिन डीएम के पहल पर चिकित्सकों ने तोड़ा अनिश्चितकालीन हड़ताल



अररिया (हि.स.)। फारबिसगंज में लगातार तीन दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन हड़ताल चौथे दिन शनिवार को टूट गया, जिसके साथ ही चिकित्सक काम पर लौट आए। डीएम के पहल पर चिकित्सकों का यह हड़ताल चौथे दिन टूटा।

दरअसल मामले की जांच को लेकर डीएम अनिल कुमार के द्वारा तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई थी, जिसमें सिविल सर्जन डा. के.के. कश्यप, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वसीम अहमद और चिकित्सक डा. जितेंद्र कुमार शामिल थे। तीन सदस्यीय जांच टीम के द्वारा डीएम को शनिवार को रिपोर्ट सौंपी गई, जिसके बाद रिपोर्ट के आधार पर सील बंद शकुंतला आरोग्य केंद्र नर्सिंग होम का मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद पीएचसी प्रभारी डा. राजीव बसाक ने ताला खोलकर ताला और चाभी अस्पताल के संचालक चिकित्सा डा. मनोरंजन शर्मा को सौंप दिया।

चिकित्सकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को आईएमए और भासा दोनों संगठनों का समर्थन प्राप्त था। चिकित्सक के फर्जी आधार पर अस्पताल के सील खोलने की मांग को लेकर अडिग चिकित्सकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को खत्म करने का ऐलान वरिष्ठ चिकित्सक और भासा के अधिकारी डा. अजय कुमार सिंह, आईएमए के डा. एम.पी. गुप्ता और डा. हरि किशोर सिंह ने किया। जिसके बाद शहर के तीन दिनों से बंद सभी निजी अस्पताल और क्लीनिक को खोलकर चिकित्सक काम पर लौट आए। चिकित्सकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का समर्थन भी प्राप्त था और चौबीस घंटे से सभी दवा दुकानदार भी हड़ताल पर थे।

डा. अजय कुमार सिंह ने बताया कि डीएम के आदेश पर गैर कानूनी तरीके से सील किए गए शकुंतला आरोग्य केंद्र नर्सिंग होम के सील को खोल दिया गया है। अवैध कहकर अस्पताल को सील किया गया था, जो कानून सम्मत नहीं था और डॉक्टरों की मांग में यह प्रमुख मांग थी कि अस्पताल का सील खोला जाय।

## समस्तीपुर में मुखिया की गोली मारकर हत्या

समस्तीपुर (वार्ता)। बिहार में समस्तीपुर जिले के हलई पुलिस आउट थाना क्षेत्र में अपराधियों ने वनवीरा पंचायत के मुखिया नारायण शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि मुखिया नारायण शर्मा डिहिया पुल के पास एक दाह संस्कार कार्यक्रम में गये हुये थे। इस दौरान अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। वह जिले के मोरबा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष भी थे।

पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने बताया कि इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पटोरी पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इधर हत्या के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने आज सुबह से ही जिले के हलई बाजार के पास समस्तीपुर-जन्दाहा मार्ग को जाम कर यातायात को बाधित कर दिया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित करने मे लगे है।

## 23 सितंबर से आयुष्मान भारत कार्ड बनाना प्रारंभ करें : डीएम

पूर्णिया (हि.स.)। पूर्णिया के जिला पदाधिकारी ने आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड बनाने के विशेष अभियान की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीपीएम राज्य स्वास्थ्य समिति और डीपीसी आयुष्मान भारत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 23 से 25 सितंबर 2024 तक सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों पर सुबह 8 बजे से आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का काम शुरू किया जाए। उन्होंने वीएलई की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया।पंचायती राज प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों और आशा कार्यकर्ताओं को पात्र लाभार्थियों को कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के वाहनों का उपयोग योजना के प्रचार-प्रसार के लिए करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनेगा, न कि केवल परिवार के मुखिया का। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्डधारक प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज संबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में करवा सकते हैं। सरकार का लक्ष्य सभी छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित करना है। इसलिए इस विशेष अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों का कार्ड बनाने पर जोर दिया गया।

## भोला पासवान शास्त्री एक आदर्श पुरुष थे : लेसी सिंह



पूर्णिया (हि.स.)। बिहार के तीन बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री की 111वीं जयंती शनिवार को पूर्णिया जिला प्रशासन ने राजकीय समारोह के रूप में मनाई। कार्यक्रम का आयोजन उनके पैतृक गांव बैरगाछी और खाझा कोठी स्थित प्रतिमा स्थल पर किया गया। समारोह में सर्वधर्म प्रार्थना सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल थे।

मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेसी सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने जिलाधिकारी कुन्दन कुमार के साथ पूर्णिया शहर के शास्त्री चौक पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद बैरगाछी और खाझा कोठी में भी समारोह आयोजित किए गए। मंत्री लेसी सिंह ने अपने संबोधन में शास्त्री जी के जीवन और उनकी ईमानदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी ने गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त की और अपने व्यक्तित्व एवं ईमानदारी के बल पर तीन बार मुख्यमंत्री बने। मंत्री ने बताया कि उनके प्रयास से शास्त्री जी के जन्मदिवस को राजकीय समारोह का दर्जा मिला और पूर्णिया में उनके नाम से कृषि महाविद्यालय खोला गया।

जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने शास्त्री जी के शिक्षा के प्रति समर्पण और उनके विकास कार्यों की सराहना की। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यफम का समापन जिला आपूर्ति पदाधिकारी रवि शंकर के संबोधन के साथ हुआ।

## गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि, कटिहार जिला प्रशासन ने जारी किए निर्देश

कटिहार (हि.स.)। गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने शनिवार को समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश जारी किया है। उन्होंने अधिकारियों को कुर्सेला, बरारी, मनिहारी और अमदाबाद में विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये हैं।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गंगा नदी के निकटवर्ती प्रभावित क्षेत्रों में वासित आबादी के आवागमन एवं बाढ़ को लेकर विस्थापित नागरिकों हेतु पर्याप्त नाव परिचालन किया जाए। साथ ही, नाव परिचालन के दौरान लाईफ जैकेट, छल्ला आदि नाव पर रखने एवं अन्य सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इसके अलावा नदी के निकटवर्ती प्रभावित क्षेत्रों में बीमार लोगों के उपचार हेतु पर्याप्त संख्या में चलन्त मेडिकल कैम्प चलाए जाएं एवं चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की जाए। जिन क्षेत्रों में सड़क मार्ग अवरूद्ध हो, वहाँ चिकित्सकों को बोट एम्बुलेन्स के साथ परिचालित किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ टीम को एलर्ट मोड में रखा जाए और आवश्यकता होने पर तुरन्त जिलास्तर पर रिपोर्ट की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ से विस्थापित आबादी के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप राहत शिविर एवं सामुदायिक रसोई के संचालन के लिए चिन्हित स्थानों पर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश एवं चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी ने लोगों से नहीं घबराने की अपील की और कहा कि जिला प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## भूमि विवाद में गोलीबारी, दो मौत के बाद एसपी सख्त

पूर्वी चंपारण (हि.स.)। दो दिनों में भूमि विवाद में हुई गोलीबारी की दो घटनाओं में एक युवक व एक किशोरी की मौत होने के बाद मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने सख्त निर्देश जारी करते हुए राज्य के बाहर पंजीकृत लाइसेंस जब्त करने का निर्देश दिया है।

शुक्रवार को कोटवा व शनिवार को मधुबन थाना क्षेत्र के बांकी गांव में जमीनी विवाद में गोलीबारी की घटना हुई है, जिसमें एक किशोरी की मौत हो गई। मधुबन की घटना में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा कोटवा थाना क्षेत्र के बंगरा चौक के पास कल शाम जमीन विवाद में हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित एक्स आर्मी मैन सुरेश पांडेय पर 25 हजार का इनाम घोषित किया है। बताया गया है कि सुरेश पांडेय की लाइसेंसी रायफल से ही घटना को अंजाम दिया गया है।

गोलीबारी की दो घटना सामने आने के बाद एसपी ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि लाइसेंसी हथियार का दुरुपयोग रोकने के लिए जिला के सभी लाइसेंसी हथियार और कारतूस का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। साथ ही लाइसेंस की शर्तों का उलंघन करने वाले का हथियार जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के बाहर नागालैंड, जम्मू-कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश सहित के अन्य राज्यों में पंजीकृत सभी हथियारों को जब्त किया जाएगा।

## पंचायती राज के कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा, मैं दिल से किशनगंज का निवासी बनना पसंद करता

किशनगंज (नि.सं)। शहर के सम्राट अशोक भवन परिसर में जिले के त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही विकास योजनाओं तथा जनप्रतिनिधियों के साथ हो रही समस्याओं से रूबरू हुए। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने त्रिस्तरीय सभी जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर किशनगंज जिले के इतिहास से भी अवगत होकर जिले वासियों का आभार प्रकट किया। साथ ही साथ बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि किशनगंज जिला गंगा जमुना तहजीब का एक मिसाल है। यहां सभी धर्म के लोग एकता, अखंडता के साथ रहते हैं। यहां के लोगों का स्वभाव काफी निराला है। मैं दिल से किशनगंज की निवासी बनना पसंद करता हूं। इस दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों को उनके विभिन्न समस्याओं को विधान पार्षद डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के समक्ष रखने तथा उनके द्वारा जनप्रतिनिधियों का समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उन्होंने हर संभव त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों का मदद करने की आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की समस्याओं तथा जिले के चौमुखी विकास करने के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही। कार्यक्रम में किशनगंज जिला पदाधिकारी विशाल राज ने बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, लेडी गवर्नर तथा बिहार सरकार के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल को चित्र प्रस्तुत कर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में किशनगंज उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता ने जिला परिषद अध्यक्ष रुकैया बेगम को चित्र प्रदान कर सम्मान किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के साथ-साथ जिला मुख्य संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि अखलाक हुसैन, जिला परिषद सदस्य खुसो देवी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि इमरान आलम, डॉ. इनामुल हक, मुखिया तैयबूर रहमान, मुखिया मतीउर रहमान, मुखिया जैद अजीज, मुखिया अबुल कासिम, सजदा बेगम, अशोक पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

## माता गुजरी यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल, किया गया स्वागत




किशनगंज (नि.सं)। महामहिम राज्यपाल बिहार राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर आज दूसरे दिन किशनगंज के कई कार्यक्रमों में शिरकत किए। पहले सरस्वती विद्या मंदिर पहुंचे, फिर डॉक्टर कलाम कृषि महाविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद महामहिम माता गुजरी यूनिवर्सिटी के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे, जहां बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल और एमजीएम मेडिकल कॉलेज के रजिस्टर इच्छित भारत के द्वारा महामहिम का पुरूजोर स्वागत किया गया। यहां सैकड़ों की संख्या में एमबीबीएस के छात्र-छात्रा भी मौजूद थे। इस दौरान महामहिम ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए हाथ जोड़कर अभिवादन किया। उन्होंने कहा, मैं खुद को गर्व महसूस करता हूं कि आप लोग डॉक्टर बनने के बाद भी अपना घर अमेरिका जैसे देश को अपना नहीं समझते बल्कि आज भारत इतना प्रसिद्ध हुआ है कि आप जैसे कुशल डॉक्टर की जरूरत भारत में ही अधिक है। और अब अधिकांश डॉक्टर अपने देश को ही अपना घर समझ कर यहीं लोगों का इलाज करते हैं। आपको बताते चले कि महामहिम राज्यपाल जी के साथ लेडी गवर्नर भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।



# बांग्लादेश को हराने से 6 विकेट दूर भारत

## खराब रोशनी के कारण स्टंप्स जल्दी; बांग्लादेश 158/4, टारगेट- 515

**चेन्नई।** भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट अब रोमांचक दौर में पहुंच गया है। भारत ने दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन पर घोषित की और बांग्लादेश के सामने 515 रन का लक्ष्य रखा। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 158 रन बना लिए हैं और उसे अभी और 357 रन बनाने हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खराब रोशनी के कारण जल्द समाप्त कर दिया गया है। भारत ने बांग्लादेश के सामने जीत के लिए 515 रनों का लक्ष्य रखा है। जवाब में बांग्लादेश की टीम ने चार विकेट पर 158 रन बना लिए हैं और उसे अभी जीत के लिए और 357 रन बनाने होंगे, जबकि भारत छह विकेट लेते ही यह मुकाबला अपने नाम कर लेगा। स्टंप्स के समय कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 60 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रन और शाकिब अल हसन 14 गेंदों पर पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट अपने नाम किया।

इससे पहले, भारत ने दूसरी पारी में शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से चार विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित करने का फैसला किया। शुभमन 176 गेंदों पर 10 चौकों और चार छक्कों की मदद से 119 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पंत ने 128 गेंदों पर 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से 109 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे और बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर ढेर कर 227 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। इस तरह भारत ने बांग्लादेश के सामने विशाल रनों का लक्ष्य रखा।

बांग्लादेश फिलहाल संघर्ष करता दिख रहा है, लेकिन गिरते विकेटों के बीच कप्तान ने दूसरे छोर से मोर्चा संभाले रखा और अर्धशतक लगाने में सफल रहे। वहीं, पहली पारी की तुलना में बांग्लादेश ने दूसरी पारी में सधी हुई बल्लेबाजी की, लेकिन अश्विन गेंदबाजी से प्रभावित करने में सफल रहे। बुमराह ने जहां दूसरी पारी में भी भारत को पहली सफलता दिलाई, वहीं दिन का खेल समाप्त होने तक अश्विन ने बांग्लादेश को तीन और झटके दिए।

## सार समाचार

### मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए हार्दिक पांड्या की हो सकती है वापसी; रणजी भी खेलने की संभावना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के एक बड़े दौरे के मद्देनजर, भारत के सफेद गेंद विशेषज्ञ हार्दिक पांड्या आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेकर ब्रेक के बाद एक्शन में लौटने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि भारत का यह ऑलराउंडर भी अपने राज्य के लिए रणजी ट्रॉफी खेलना चाहता है, जो रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी और फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने की उम्मीद का संकेत है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि 2024 में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के स्टार पांड्या के बड़ौदा के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने की संभावना है।

सूत्रों के मुताबिक, भारत के ऑलराउंडर ने बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को घरेलू सफेद गेंद क्रिकेट खेलने की इच्छा व्यक्त की है। सूत्र ने बताया, रणजी ट्रॉफी में भी हार्दिक खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज को ध्यान में रखते हुए वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी की तलाश में हैं। पांड्या मौजूदा दलीप ट्रॉफी में शामिल नहीं हैं, लेकिन ऐसा महसूस किया जा रहा है कि रणजी ट्रॉफी में खेलने की उनकी इच्छा प्रतिष्ठित पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल होने का एक प्रयास हो सकती है। हार्दिक ने आखिरी बार जून में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद जुलाई में पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ दो टी20 मैचों में सफेद गेंद से क्रिकेट खेला था।


### एम्मा राडुकानू पैर की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से रिटायर



**सोल, एजेंसी।** ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को लगातार पैर की चोट के कारण शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की डारिया कसात्किना के खिलाफ कोरिया ओपन के क्वार्टर फाइनल से रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा।

21 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने यू युआन के खिलाफ अपने पिछले मैच में असुविधा के लक्षण दिखाए थे, विश्व नंबर 13 के खिलाफ शुरू से ही संघर्ष करती रही। पहले सेट के पांचवें गेम के बाद राडुकानू को मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता थी, लेकिन खेल जारी रखने के प्रयासों के बावजूद उन्होंने शुरुआती सेट 6-1 से हारने के बाद अंततः रिटायर होने का फैसला किया। चोट से उबरना बहुत मुश्किल साबित हुआ, जिससे सोल में उनका अभियान छोटा हो गया।

# राशिद खान ने जन्मदिन पर रचा इतिहास



## तोड़ा 17 साल पुराना रिकॉर्ड

**शारजाह, एजेंसी।** गुरुवार 20 सितंबर को अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान का जन्मदिन था. इस खास मौके पर उन्होंने दो बेहद अनमोल तोहफे मिले. सबसे पहले उनकी टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की. अफगानिस्तान ने शारजाह में हुए दूसरे वनडे मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 177 रन से हराया और 3 मैचों की वनडे सीरीज पर 2-0 से कब्जा भी किया. दूसरी ओर राशिद खान ने 9 ओवर में सिर्फ 19 रन देकर 5 विकेट चटकाए. वनडे मुकाबले में अपने जन्मदिन पर ऐसा करने वाले वह दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं.

राशिद खान ने शारजाह में 311 रन को डिफेंड करते हुए टोनी डी जॉर्जी, ट्रिस्टियन स्टब्स, एडेन मार्करम, काइल वेरेने और वियन मुल्डर को पवेलियन का रास्ता दिखाया. जन्मदिन पर 5 विकेट का कारनामा करने वाले राशिद साउथ अफ्रीका को तो हराया ही, साथ ही 17 साल बाद उसी देश के दिग्गज गेंदबाज वर्नोन फिलेंडर के रिकॉर्ड को भी तोड़ा. फिलेंडर ने 2007 में अपने जन्मदिन पर वनडे में आयरलैंड के खिलाफ 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे. ऐसा करने वाले वो पहले खिलाड़ी बने थे. वहीं इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने 2010 में अपने जन्मदिन पर 4 विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी बने. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 44 रन देकर 4 विकेट लिए थे. राशिद ने दोनों दिग्गजों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है और वनडे में जन्मदिन पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं.

### साउथ अफ्रीका को किया पस्त

अफगानिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका को 312 रन का टारगेट दिया था. इसका पीछा करने पूरी टीम 134 रन ही सिमट गई. 73 रन के स्कोर पर कप्तान टेम्बा बावुमा के आउट होने के बाद राशिद खान ने 20 साल के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज नांगेलिया खरोटे के साथ गेंदबाजी की कमान संभाली. दोनों ने मिलकर 9 विकेट चटकाए और साउथ अफ्रीका को पूरी तरह पस्त कर दिया. खरोटे ने राशिद का साथ देते हुए 6.2 ओवर में सिर्फ 26 रन देकर 4 विकेट हासिल किए.

### राशिद खान के अन्य रिकॉर्ड्स

1998 में जन्मे राशिद खान अब 26 साल के हो गए हैं. उन्होंने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मुकाबले से ही इंटरनेशनल डेब्यू किया था. इसी साल जिम्बाब्वे के खिलाफ ही उन्होंने टी20 में भी एंट्री की और 3 साल बाद साल 2018 में भारत के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेला. अपने 9 साल के करियर में उन्होंने कई रिकॉर्ड्स बनाए. वो सिर्फ 17 साल की उम्र में आईसीसी की वनडे रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गए थे. ऐसा करने वाले वह सबसे युवा खिलाड़ी हैं. राशिद खान टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. उन्होंने सिर्फ 26 मैच में 50 विकेट चटका दिए थे. इस फॉर्मेट में सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है. ये कारनामा उन्होंने 44 मैचों में कर दिया था.

लीजेंड्स लीग क्रिकेट

# कोणार्क सूर्य ओडिशा ने मणिपाल टाइगर्स को दो रनों से दी मात

**जोधपुर, एजेंसी।** कोणार्क सूर्य ओडिशा ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अपने पहले मैच में गत चैम्पियन मणिपाल टाइगर्स को दो रन से हराकर अपनी पहली जीत हासिल की। यह कम स्कोर वाला मैच दोनों टीमों के गेंदबाजों द्वारा अच्छी तरह से नियंत्रित किया गया, लेकिन अंत में ओडिशा की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ दिया। टॉस जीतने के बाद, मणिपाल टाइगर्स के कप्तान हरभजन सिंह ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले इनिंग्स में बल्लेबाजी के लिए रिचार्ड लेवी और अम्बाती रायडू ने कोनार्क सूर्य ओडिशा के लिए पारी की शुरुआत की। उन्हें जल्दी ही एक झटका लगा, जब



अम्बाती रायडू (8) को अनुरीत सिंह ने केवल 14 के स्कोर पर 1.4 ओवर में आउट कर दिया। लेवी के साथ केविन ओब्रायन ने मध्य में बल्लेबाजी की।

ओडिशा की टीम फिर 3.3 ओवर में 28/3 पर पहुंच गई। रिचार्ड लेवी ने 6 गेंदों पर केवल 6 रन बनाए, जबकि केविन ओब्रायन ने 5 गेंदों पर 6 रन बनाए। दिलशान मुनावेरा (11) ने मध्य में कुछ इरादा दिखाया, लेकिन 32 के स्कोर पर ओबुस पिएनार द्वारा स्टम्प आउट कर दिया गया। कप्तान इरफान पठान ने 23 गेंदों में 18 रन की शानदार पारी खेली, इसके बाद उन्हें हरभजन सिंह ने क्लीन बोल्ड किया। यूसुफ पठान (3) और राजेश बिश्नोई (3) भी अच्छा स्कोर नहीं बना सके। रॉस टेलर केवल 28 गेंदों में 14 रन बना सके।

पारी के अंत में, नविन स्टीवर्ट ने 12 गेंदों पर 17 रन बनाए और विनय कुमार 5 गेंदों पर 11* रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे उनकी टीम 20 ओवर में 104/9 का कुल स्कोर खड़ा कर सकी। मणिपाल टाइगर्स के लिए, ओबुस पिएनार सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 2/10 के आंकड़े दर्ज किए। अनुरीत सिंह ने भी 4 ओवर में 2/26 लिए। कप्तान हरभजन सिंह, शेल्डन कॉट्रिल और राहुल शुक्ला ने इस इनिंग में एक-एक विकेट लिया।

106 के लक्ष्य का पीछा करते हुए, रॉबिन उथप्पा और सोलोमन मिरे ने मणिपाल टाइगर्स के लिए पारी की शुरुआत की। शाहबाज़ नदीम ने इनिंग्स की दूसरी गेंद पर उथप्पा को डक पर आउट करके पहला विकेट लिया।

मिरे को फिर मध्य में मनोज तिवारी का साथ मिला। वे 2.5 ओवर में 4/3 पर पहुंच गए। सोलोमन मिरे भी बिना खाता खोले आउट हो गए। मनोज तिवारी केवल 9 गेंदों पर 2 रन जोड़ सके, इसके बाद उन्हें बेन लॉफलिन ने आउट किया। सौरभ तिवारी प्रभाव खिलाड़ी के रूप में आए, लेकिन केवल 17 गेंदों में 5 रन ही बना सके।

# शाकिब अल हसन बने सबसे उम्रदराज बांग्लादेशी टेस्ट क्रिकेटर

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला रोमांचक नजर आ रहा है। दोनों ही टीमों के गेंदबाजों को पिच से खूब मदद मिल रही है, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने भी दमखम दिखाया और मैच में पकड़ मजबूत रखी। इस बीच शाकिब अल हसन के नाम एक खास रिकॉर्ड दर्ज हुआ।

शनिवार को बांग्लादेश क्रिकेट इतिहास में अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने अपना नाम दर्ज करा लिया। वह टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 37 वर्ष और 181 दिन की उम्र में शाकिब चेन्नई में भारत के खिलाफ बांग्लादेश के पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान पर उतरे और उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद रफीक का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2008 में आखिरी बार 37 वर्ष और 180 दिन की उम्र में टेस्ट मैच खेला था। एक दशक से भी ज्यादा



समय से बांग्लादेश क्रिकेट में अहम भूमिका निभाने वाले शाकिब ने इस नई उपलब्धि के साथ अपने शानदार करियर को और भी आगे बढ़ाया है।

खेल के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माने जाने वाले शाकिब काफी समय से खेल रहे हैं और टीम के लिए उनके योगदान ने क्रिकेट जगत पर बड़ी छाप छोड़ी है।

जबकि शाकिब की उपलब्धि महत्वपूर्ण है, सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स के नाम है, जिन्होंने 1930 में 52 वर्ष और 165 दिन की उम्र में अपना अंतिम टेस्ट खेला था। रोड्स का रिकॉर्ड, साथ ही उनका उल्लेखनीय 30 साल का टेस्ट करियर, क्रिकेट की सबसे लंबे समय तक चलने वाली उपलब्धियों में से एक है।

हालांकि, मैदान पर बांग्लादेश ने खुद को एक मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ मुश्किल स्थिति में पाया।

भारत-बांग्लादेश टेस्टः

## 6 साल के टेस्ट करियर में धोनी को पछाड़ गए ऋषभ पंत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने करीब दो साल बाद टेस्ट क्रिकेट में अपनी मजबूत वापसी कर ली है। बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में 39 रन बनाने वाले पंत ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन किया और 109 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

पंत ने अपनी पारी में 128 गेंदों पर 13 चौके और 4 छक्कों की मदद से 109 रन बनाए। 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डैब्यू करने वाले पंत का यह छठा शतक रहा। उन्होंने इतने कम वक्त में ही धोनी के टेस्ट शतकों का रिकॉर्ड बराबर कर लिया है।

### भारतीय विकेटकीपरों द्वारा सर्वाधिक टेस्ट शतक

6 - ऋषभ पंत (58 पारियां)
6 - एमएस धोनी (144 पारियां)
3 - रिद्धिमान साहा (54 पारियां)

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
PW(Roads) TENDER NOTICE
EE, Cob Hwy. Divn, P.W. (Roads) Dte. invites online e-tender for the work of (1) Jungle cutting and installation of necessary road safety Sign Boards alongside Changrabandha Mathabhanga-Cooch Behar road (SH-16) from 70.00km to 93.00km (In stretchs) under Cooch Behar Highway Division in the district of Cooch Behar during 2024-25. (2nd Call) NIT No. 04 (E) 2nd Call of 2024-25, (Sl No. 1) Estimated Amount : Rs. 9,62,716.00 Tender Id : 2024_SH_754197_1. Bid submission Start date (online) : 25.09.2024 from 9.00am, Bid submission closing date (online) : 21.10.2024 upto 02.00p.m. Corrigendum if any will be published in website only. Details of NIT and Tender documents may be downloaded from : https://wbtenders.gov.in Sd/- Executive Engineer, Cooch Behar Highway Division, Cooch Behar. ICA- T17377(4)/2024

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
PWD TENDER NOTICE
Executive Engineer (P.W.D.), Jalpaiguri Division, Jalpaiguri invites online tender for the work of "Repairing work of different rooms at Mal Sub Divisional Hospital Mal in Jalpaiguri District under "Ratter Sathi Scheme." NIeT No. 16 of 2024-25 (1st Call). Tender ID: 2024_PWD_753573_1. Estimated Amount Put to Tender: Rs. 8,56,568.00. Bid submission closing date (online): 27.09.2024 upto 12.00 Hrs. Technical Opening date (online): 30.09.2024 at 12.30 Hrs. Corrigendum if any will be published in website only. Details of NIT documents may be downloaded from: http://wbtenders.gov.in Sd/- EE, Jalpaiguri Division, PWD, Govt. of W.B.
ICA- T17344(2)/2024

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
Notice Inviting Quotation
Govt. of West Bengal Agriculture Notice Invited Quotation (NIQ), Dy. Director of Agriculture (Admn.), Dakshin Dinajpur, Balurghat invites online E-Quotation for the procurement of Micronutrients, Seed Treating Chemicals, Bio-Fertilizer, Insecticide, Fungicide and Bio-pesticide etc. vide e-NIQ no. **AGRI/DD/e-NIQ-01/2024-25 (2nd Call)**. Submission of bid will start (online) on 12.09.2024 from 12:00 P.M. Closing date of bid submission (Online) is 27.09.2024 upto 5:00 P.M. Bid opening date for Technical and Financial proposals is 30.09.2024 (Online) at 11:00 A.M. onwards and by weeks. Details will be available from the office of the undersigned on any working day between 11:00 A.M. to 4:00 P.M. or visit the e-tender portal of Govt. of West Bengal. Sd/- Pranab Kr. Mukhopadhyay, Dy. Director of Agriculture(Admn.), Dakshin Dinajpur, Balurghat. ICA- T17288(4)/2024

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
CORRIGENDUM
The Executive Engineer, Northern Mechanical Division, P.H.E. Dte, Siliguri on behalf of the Governor of West Bengal makes corrigendum of e_Tender "**WBPHED/EE/NMD/NIeT No. 14 of 2024-2025**" for (22) Twenty two nos works having Tender ID: **2024_PHED_741818_1 to 2024_PHED_741818_22** under Northern Mechanical Division, PHE Dte." The Tender documents collection and submission closing date enhanced up to **27-09-2024, 2:00 P.M.** For details visit on **"https://wbtenders.gov.in" The tender is also visible at departmental website: www.wbphed.gov.in** Sd/- Executive Engineer, NMD PHE Dte.
ICA- T17303(4)/2024

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
PWD TENDER NOTICE
EE, JCD, PWD, Jalpaiguri, invites e-Tender for the work of 'Repair and Rehabilitation of (G+1) Storied Psychiatric ward & Dialysis Unit (Dialysis Building) including construction of new boundary wall (back side 50m) of Jalpaiguri Govt. Medical College & Hospital (DH Campus), under Jalpaiguri Construction Division, PWD. (Raatierer Saathi) (Civil work).' WBPWD/EE/JCD/PWDte NIeT No. 22 of 2024-2025, Estimated Amount put to Tender Rs. 1818272.00, Tender Id: 2024_PWD_754245_1. Bid submission start date (online) 24.09.24 from 11.00 A.M. Bid submission closing date (online) 21.10.24. up to 01.00 P.M. Corrigendum if any will be published in website only. Details of NIT & tender documents may be downloaded from http://wbtenders.gov.in Sd/- EE, JCD, PWD, Jalpaiguri, Govt. of W.B. ICA- T17367(4)/2024

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
PWD TENDER NOTICE
**Executive Engineer, PWD, Malda Division, Malda** Notice Inviting e-Tender for the work of- 1. Construction and renovation of different Room and Toilet at different ward attached to Malda Medical College & Hospital under Malda Division, PWD, Malda, during the year of 2024-25. **Tender ID:** 2024_WBPWD_753193_1. **Estimated Amount: Rs.** 46,76,297.00; 2. Repair and renovation of Old Administrative Building and Construction of surface Drain, Toilet Block at Chanchal Sub-Divisional Hospital campus in the district of Malda under Malda Division, PWD, during the year 2024-25. **Tender ID:** 2024_WBPWD_753193_2. **Estimated Amount: Rs.** 11,60,864.00. e-NIT No. **13 of 2024-25 of the EE, PWD, Malda Division, Malda.** Bid submission start date & time (online): **23/09/2024 from 11:00 A.M.** Bid submission closing date & time (online): **21/10/2024 upto 04:00 P.M.** Corrigendum if any will be published in website only. Details of e-N.I.T. and tender documents may be downloaded from: **http://wbtenders.gov.in Sd/- Asit Kumar Saha, Executive Engineer, PWD Malda Division, Malda.** ICA- ICA-T17341(4)/2024

SILIGURI MUNICIPAL CORPORATION
ABRIDGED NOTICE INVITING e-TENDER
e-tender are invited by the Commissioner, Siliguri Municipal Corporation, from the resourceful Agencies who have carried out similar nature of works. The e-tenders will be held in two bid system i.e., Technical and Price Bids for works as per particulars given below.
Vide Notice Inviting e-tender No.: WBMAD/SMC/NIT - 05/ WS/ 24-25 Dated 09-09-2024

| | |
|---|---|
| Documents download/sell start date (Online) | 23-09-2024 at 9.00 AM. |
| Bid Submission closing (Online) | 21-10-2024 at 6.00 PM. |

For more details please visit website wbtenders.gov.in or contact Water Section, SMC during working hours.
Sd/-
Commissioner,
Siliguri Municipal Corporation

# भारत में विदेशी निवेश में 23.6 प्रतिशत की वृद्धि : आरबीआई




नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुताबिक, अप्रैल-जुलाई के दौरान भारत में विदेशी निवेश (एफडीआई) में 23.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले साल की इसी अवधि में 22.4 अरब डॉलर की तुलना में इस साल यह 27.7 अरब डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) में वृद्धि देखी, जो कुल एफडीआई निवेश में वृद्धि के कारण है।

आरबीआई के ताजा बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल-जुलाई की अवधि में एफडीआई 5.5 बिलियन डॉलर बढ़ा है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह सं या 3.8 बिलियन डॉलर थी। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रत्यक्ष तौर पर निवेश करने वालों की वापसी और विनिवेश में वित्त वर्ष 2024-25 के चार महीनों में 15.9 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जो एक साल पहले इसी वर्ष के दौरान 14.7 अरब डॉलर था। केंद्रीय बैंक के अनुसार, तीन-चौथाई से अधिक भारत में विदेशी निवेश के साथ प्रमुख स्रोत देश सिंगापुर, मॉरीशस, नीदरलैंड, अमेरिका, बेल्जियम और जापान थे। अप्रैल-जुलाई 2024 के दौरान नॉन-रेजिडेंट डिपॉजिट जमाराशि ने 5.8 अरब डॉलर का विदेशी निवेश दर्ज किया है, जबकि एक साल पहले यह तीन अरब डॉलर था।

इसमें मुख्य रूप से तीन खाताधारक शामिल हैं, जिनमें विनिर्माण, वित्तीय सेवा, संचार सेवा, कंप्यूटर सेवा, बिजली और अन्य ऊर्जा क्षेत्रों में कुल एफडीआई निवेश में तीन-चौथाई से अधिक का योगदान रहा है।

आरबीआई की अर्थव्यवस्था स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है, तीन-चौथाई से अधिक विदेशी निवेश के साथ प्रमुख स्रोत देश में सिंगापुर, मॉरीशस, नीदरलैंड, अमेरिका, बेल्जियम और जापान थे। पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 28 बिलियन डॉलर से घटकर 9.8 बिलियन डॉलर हो गया था। वित्त वर्ष 2021-22 में देश में कुल एफडीआई निवेश 38.6 बिलियन डॉलर था। अगस्त के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) 4.3 बिलियन डॉलर रहा है।

# अगले हफ्ते शेयर मार्केट में 10 आईपीओ खुलेंगे

## ● इनमें 2 आईपीओ मेन बोर्ड और 8 एसएमई बोर्ड के होंगे

नई दिल्ली। अगले हफ्ते फिर से आईपीओ की बहार आने वाली है। अगले हफ्ते 10 आईपीओ खुलने जा रहे हैं।

इनमें 2 आईपीओ मेन बोर्ड और 8 आईपीओ एसएमई बोर्ड के हैं। इन आईपीओ के जरिए कंपनियां करीब 900 करोड़ रुपये जुटाएंगी। इस समय आईपीओ में निवेशकों की सं या लगातार बढ़ रही है।

इसका कारण है कि आईपीओ ने निवेश करने से कम समय में ज्यादा रिटर्न मिलने का मौका रहता है। इस हफ्ते लिस्ट हुए बजाज हाउसिंग और पीएन गाडगिल इसके उदाहरण हैं। बजाज हाउसिंग के आईपीओ की 100 फीसदी से ज्यादा प्रीमियम पर लिस्टिंग हुई थी। वहीं पीएम गाडगिल की लिस्टिंग 74 फीसदी पर हुई थी।

**मेन बोर्ड के ये दो आईपीओ**

**खुलेंगे अगले हफ्ते**

1. मनबा फाइनेंस : यह कंपनी करीब 151 करोड़ रुपये का इश्यू लेकर आएगी। कंपनी 1.26 करोड़ शेयर के सारे फ्रेश इश्यू जारी करेगी। यह आईपीओ सोमवार यानी 23 सितंबर को बोली के लिए खुलेगा। निवेशक 25 सितंबर तक इसके लिए बोली लगा सकेंगे। जिन्हें शेयर मिलेंगे, उन्हें अलॉटमेंट 26 सितंबर को होगा। इसकी लिस्टिंग 30 सितंबर को होगी। इसके एक लॉट में 125 शेयर हैं। इसके लिए निवेशकों को 15 हजार रुपये निवेश करने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट बुक करा सकता है। इसके लिए 1.95 लाख रुपये निवेश करने होंगे। कंपनी आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए करेगी।




● **इन आईपीओ के जरिए कंपनियां करीब 900 करोड़ रुपये जुटाएंगी**

2. केआरएन हीट एक्सचेंजर : यह कंपनी करीब 342 करोड़ रुपये का इश्यू जारी करेगी। इसमें भी कंपनी 1.55 करोड़ शेयर जारी करेगी जो पूरी तरह फ्रेश इश्यू होंगे। यह आईपीओ 25 सितंबर को निवेश के लिए खुलेगा। निवेशक 27 सितंबर तक इसके लिए बोली लगा सकेंगे। अलॉटमेंट 30 सितंबर को होगा। जिन्हें शेयर मिलेंगे, वे डीमैट के एक अक्टूबर को क्रेडिट हो जाएंगे। इसकी लिस्टिंग 3 अक्टूबर को होगी। एक आईपीओ के एक लॉट में 65 शेयर हैं। इसके लिए निवेशक को 14,300 रुपये निवेश करने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट बुक करा सकता है। इसके लिए 1,85,900 रुपये निवेश करने होंगे। कंपनी आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल राजस्थान में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट खोलने में करेगी। ये यूनिट कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी KRN HVAC प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत खोली जाएंगी। साथ ही कंपनी रकम का कुछ हिस्सा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए भी करेगी।

ये एसएमई आईपीओ भी खुलेंगे : अगले हफ्ते 10 एसएमई आईपीओ भी खुलेंगे। इनमें Rappid Valves (India), WOL xD, TechEra Engineering, Thinking Hats Entertainment Solutions, Unile& Colours and Chemicals, Divyadhan Recycling Industries, Sahasra Electronics Solutions ¥õÚU Forge Auto International शामिल हैं। ये आईपीओ अलग-अलग तारीख को खुलेंगे। एसएमई आईपीओ में निवेश करने के लिए मेन बोर्ड की अपेक्षा बहुत ज्यादा रकम की जरूरत पड़ती है। इसके एक लॉट की कीमत एक लाख रुपये से ज्यादा होती है।

# एफआईआई ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में 14,064 करोड़ का निवेश किया

मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में 14,064 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो कि मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के बीच भारतीय बाजार की स्थिरता को दर्शाता है। शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के बीच भारतीय बाजार में मजबूती बनी रही।

एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 20 सितंबर तक कुल एफआईआई निवेश 33,699 करोड़ रुपये रहा, जिससे इस साल अब तक देश में कुल एफआईआई निवेश 76,585 करोड़ रुपये हो गया।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, आने वाले दिनों में एफआईआई की खरीदारी का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। बीडीओ इंडिया के मनोज पुरोहित के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने पिछले चार सालों में पहली बार ब्याज दर में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की है, जो अनुमान से ज्यादा था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) इस कदम के प्रति सचेत हैं तथा उन्होंने इस पर निष्क्रिय प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

मनोज पुरोहित ने कहा, भारतीय बाजारों ने मजबूत बुनियादी ढांचे और अपेक्षित जीडीपी ग्रोथ पर मजबूत अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आधार पर सकारात्मक रूप से अपने लचीलेपन को दर्शाया। सितंबर 2024 में निवेश की दर सबसे अधिक रही, पिछली बार मार्च में ऐसा हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में एफआईआई के निवेश से रुपये में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे एफआईआई की खरीदारी को और बढ़ावा मिल सकता है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत जैसे उभरते बाजारों को आकर्षक बनाने वाले प्रमुख कारक संतुलित राजकोषीय घाटा, भारतीय मुद्रा पर ब्याज दरों में कटौती का प्रभाव, मजबूत मूल्यांकन और ब्याज दरों में कटौती के बिना मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने का आरबीआई का दृष्टिकोण है। विश्लेषकों ने कहा कि इस साल घोषित आईपीओ ने विदेशी फंडों का एक बड़ा हिस्सा आकर्षित किया। इसके कारण भारतीय शेयर बाजार मजबूत हुआ। विदेशी निवेशक अन्य जोखिम भरे देशों की जगह भारत में निवेश करना चाहते हैं। भारतीय बाजार अब आकर्षक और सुरक्षित है।

अब सबकी निगाहें आरबीआई पर हैं कि क्या वह अक्टूबर में रेपो दर में कटौती करेगा या दिसंबर तक इंतजार करेगा। खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों में मामूली कटौती करने का एक मजबूत मामला है, घरेलू बचत से ब्याज में कमी आई है, जिससे बैंकों का खुदरा ऋण कारोबार प्रभावित होता है। बीडीओ इंडिया के मनोज पुरोहित ने कहा कि फेड की अब तक की कार्रवाई के बावजूद भारत की मौद्रिक नीति अधिक रूढ़िवादी रही है।

# कर्मचारियों के वेलफेयर पर ईपीएफओ वित्त वर्ष 2025 में 13 करोड़ करेगा खर्च

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारियों के वेलफेयर को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2025 में 145 कार्यालयों में कुल 15,529 कर्मचारियों के कल्याण के लिए 13.10 करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की है, जिसमें हॉलिडे होम्स के लिए 74.37 लाख रुपये शामिल हैं। कर्मचारी निधि संगठन ने एक सर्कुलर जारी कर कहा कि केंद्रीय पूल (मृत्यु राहत कोष) के रूप में 2 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा बजट में 94.25 लाख रुपए छात्रवृत्ति के लिए होगा। अन्य गतिविधियों में 1.88 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ओए-मेडिकल चेकअप के लिए आवंटित कल्याण निधि में 40 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए 3.97 करोड़ रुपये और 40 वर्ष से कम उम्र के कर्मचारियों के लिए 1.27 करोड़ रुपये शामिल हैं।

इसके अलावा, सभी 145 कार्यालयों में स्मृति चिन्हों पर 1.26 लाख रुपये, सांस्कृतिक बैठकों पर 29 लाख रुपये और कैंटीन पर 61 लाख रुपये आवंटित किए हैं। ईपीएफओ ने एक नए नियम की भी घोषणा की है, जिसके तहत जब कोई भी कर्मचारी नौकरी चेंज करता है, तो उसका पुराना पीएफ खाता खुद-ब-खुद का नई कंपनी में ट्रांसफर हो जाएगा। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के अनुसार, ईपीएफओ सदस्य अपने पीएफ खाते से 50,000 रुपये की पिछली सीमा के बजाय 1 लाख रुपये निकाल सकते हैं। सरकार ने अब नियमों को आसान बना दिया है और पीएफ खातों से एकमुश्त निकासी की सीमा बढ़ा दी है। उन्होंने इस सप्ताह कहा कि सरकार का लक्ष्य परिचालन को बढ़ाना और ग्राहकों के लिए चुनौतियों को कम करना है। इस वर्ष जून में ईपीएफओ ने 19.29 लाख सदस्य जोड़े, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 7.86 प्रतिशत ज्यादा है। इस महीने की शुरुआत में, केंद्र ने केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) को मंजूरी दी, जिससे कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत 78 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा। जो ईपीएफओ का हिस्सा है, जिसे 1 जनवरी 2025 से भारत में कहीं भी, किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। अगले चरण में, सरकार आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीआईपीएस) में परिवर्तन करेगी।

# ओयो करेगी मोटेल 6 का अधिग्रहण, 52.5 करोड़ डॉलर में होगी डील

नई दिल्ली। अमेरिका की बजट होटल चेन मोटेल 6 अब स्टार्टअप ओयो का हिस्सा बनेगी। प्राइवेट इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन ने मोटेल 6 ब्रांड की कंपनी जी6 हॉस्पिटैलिटी को ओयो को बेचने पर सहमति दी है। यह सौदा 52.5 करोड़ डॉलर में पूरी तरह नकद डील के रूप में होगा।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह डील इस साल के अंत तक पूरी हो सकती है। इस सौदे में मोटेल 6 के साथ उसका अन्य होटल ब्रांड स्टूडियो 6 भी शामिल होगा। ओयो ने 2019 में अमेरिकी बाजार में प्रवेश किया था।

ओयो की पेरेंट कंपनी Oravel Stays ने कहा है कि उसने जी6 हॉस्पिटैलिटी का अधिग्रहण करने पर सहमति जताई है। जी6 हॉस्पिटैलिटी अमेरिका की अग्रणी इकोनॉमी लॉजिंग फ्रैंचाइजर और मोटेल 6 तथा इसके ऑफशूट होटल ब्रांड स्टूडियो 6 की पेरेंट कंपनी है। यह सौदा 2024 की चौथी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है, जो कि सामान्य शर्तों के पूरा होने पर निर्भर करेगा। मोटेल 6 का फ्रेंचाइज नेटवर्क हर साल 1.7 बिलियन डॉलर का ग्रॉस रूम रेवेन्यू उत्पन्न करता है, जो जी6 के लिए मजबूत फीस बेस और नकद प्रवाह सुनिश्चित करता है।

ओयो ने कहा है कि वह अपनी उन्नत तकनीक, वैश्विक वितरण नेटवर्क और मार्केटिंग विशेषज्ञता का उपयोग करके मोटेल 6 और Studio 6 ब्रांड्स को और मजबूत करेगी और उनके वित्तीय विकास को गति देगी। ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म ओयो ने 2019 में अमेरिका में अपनी शुरुआत के बाद से धीरे-धीरे वहां अपना विस्तार किया है।

फिलहाल, कंपनी अमेरिका के 35 राज्यों में 320 से ज्यादा होटलों का संचालन कर रही है। 2023 में ओयो ने अमेरिका में अपने पोर्टफोलियो में लगभग 100 नए होटल जोड़े हैं। कंपनी का लक्ष्य है कि वह 2024 में करीब 250 और होटलों को अपने नेटवर्क में शामिल करेगी। ओयो इंटरनेशनल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौतम स्वरूप ने कहा, यह अधिग्रहण हमारे जैसी स्टार्टअप कंपनी के लिए हमारी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# टाटा स्टील ने कलिंगनगर में लगायी देश में सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस

मुंबई। टाटा स्टील ने ओडिशा में कलिंगनगर इस्पात कारखाना परिसर के विस्तार और आधुनिकीकरण के तहत वहां देश में अब तक की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस को चालू किया है और इसके साथ ही कंपनी के लिये ओडिशा निवेश की सबसे बड़ी जगह बन गया है।

कंपनी ने कहा है कि कुल 27,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ, कलिंगनगर में इस दूसरे चरण के विस्तार से कलिंगनगर परिसर की कुल उत्पादन क्षमता 30 लाख टन वार्षिक से बढ़कर 80 लाख टन हो जायेगी। इसके साथ, ओडिशा टाटा स्टील के लिये भारत में सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन गया है। कंपनी पिछले 10 वर्ष में राज्य में कुल मिलाकर 100,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर चुकी है।

टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक टी. वी. नरेंद्रन ने कल इस फर्नेस के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि कलिंगनगर में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस का चालू होना स्टील उद्योग के लिये एक महत्वपूर्ण अवसर है।

यह क्षमता, प्रौद्योगिकी और स्थिरता में नये मानक स्थापित कर रहा है।

इससे न केवल उच्च-स्तरीय, मूल्य-वर्धित स्टील सेगमेंट में अग्रणी के रूप में टाटा स्टील की स्थिति को मजबूत होगी यह कंपनी की उन्नत इंजीनियरिंग क्षमता को भी प्रदर्शित करता है।

# क्रेडाई-एमसीएचआई ने मुंबई का पुनर्विकास को आसान बनाने के लिए ईओडीआर पर प्रमुख प्रदर्शनी की घोषणा की




मुंबई। मुंबई की हाउसिंग सोसाइटीज के पुनर्विकास में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, क्रेडाई-एमसीएचआय, जो कि मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के रियल एस्टेट डेव्हलपर्स की शीर्ष संस्था है, ने पुनर्विकास को आसान बनाने के लिए (ईओडीआर) शीर्षक से पहली प्रदर्शनी की घोषणा की है। यह प्रदर्शनी शनिवार, 28 सितंबर 2024 को जियो कन्वेंशन सेंटर, जैस्मिन हॉल में आयोजित की जाएगी।

इसकी घोषणा क्रेडाई-एमसीएचआई के सचिव धवल अजमेरा, अध्यक्ष डॉमिनिक रोमेल और पीआर और कम्युनिकेशन चेयरमैन राजेश प्रजापति ने किया। ईओडीआर प्रदर्शनी का उद्देश्य हाउसिंग सोसाइटीज को पुनर्विकास की प्रक्रिया को सरल और तेज करने के लिए मुख्य हितधारकों को एक साथ लाना है, जिससे सोसाइटीज को प्रमुख डेवलपर्स और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स (PMCs) के साथ सीधे बातचीत करने का विशेष मंच मिलेगा।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी), महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (MHADA) और स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी (एसआरए) जैसी प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसियों के समर्थन से यह प्रदर्शनी हाउसिंग सोसाइटीज के लिए पुनर्विकास की जटिल प्रक्रिया को नेविगेट करने के लिए एक व्यापक समाधान बनने का वादा करती है।

प्रदर्शनी के बारे में बात करते हुए, क्रेडाई-एमसीएचआय के अध्यक्ष डॉमिनिक रोमेल ने कहा, मुंबई की हाउसिंग सोसाइटीज के लिए पुनर्विकास बड़े अवसर और महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करता है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से क्रेडाई-एमसीएचआय का उद्देश्य पुनर्विकास की प्रक्रिया को सरल बनाना है, जिससे सोसाइटीज को विश्वसनीय डेवलपर्स, सरकारी एजेंसियों और क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा।

पुनर्विकास को आसान बनाने की पहल हमारे शहर के स्काईलाइन को बदलने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, साथ ही हम उन सरकारी नीतियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर रहे हैं जो टिकाऊ शहरी विकास को बढ़ावा देती हैं। 40 से अधिक प्रतिष्ठित डेव्हलपर्स की सक्रिय भागीदारी के साथ, हम सभी हितधारकों के लिए पुनर्विकास को अधिक सुलभ और लाभदायक बनाने के बारे में आशान्वित हैं।

क्रेडाई-एमसीएचआय के सचिव धवल अजमेरा ने कहा, मुंबई की पुरानी होती हुई संरचनाओं को पुनर्जीवित करने के लिए पुनर्विकास बेहद महत्वपूर्ण है। क्रेडाई-एमसीएचआय में हमारा ध्यान हाउसिंग सोसाइटीज के लिए इस प्रक्रिया को सरल बनाने पर है, जिसमें सरकार का मजबूत समर्थन है।

# प्राइमरी मार्केट के लिए रिकॉर्डतोड़ महीना बनेगा सितंबर, आईपीओ के जरिये 28 कंपनियों की होगी एंट्री

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार के प्राइमरी मार्केट में सितंबर का महीना एक रिकॉर्ड तोड़ महीना साबित होने जा रहा है। इस महीने आईपीओ लॉन्चिंग के मामले में जोरदार तेजी आई है। शेयर बाजार के मेनबोर्ड और एसएमई सेगमेंट में इस महीने कुल 28 कंपनियां एंट्री करने जा रही हैं, जो पिछले 14 साल का एक रिकॉर्ड है। भारतीय रिजर्व बैंक के सितंबर बुलेटिन में इस बात की जानकारी दी गई है।

बुलेटिन में बताया गया है कि प्राइमरी मार्केट में आईपीओ की गतिविधियों में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एसएमई) प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होने वाले कंपनियों में निवेशकों की दिलचस्पी का बढ़ना है। घरेलू म्युचुअल फंड कंपनियां भी इसमें बड़ी भागीदारी कर रही हैं, जिसके कारण सब्सक्रिप्शन रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया है। बुलेटिन में ये भी बताया गया है कि निवेशकों को अलॉट किए गए शेयरों का 54 प्रतिशत हिस्सा आईपीओ की लिस्टिंग के एक हफ्ते के अंदर ही बिक गया। ये बात बाजार के बेहतर माहौल की ओर इशारा करती है।

रिजर्व बैंक के बुलेटिन में बताया गया है कि प्राइमरी मार्केट में आईपीओ लॉन्चिंग की संख्या बढ़ने से प्राइमरी मार्केट की हलचल तो बढ़ी ही है, बाजार में पहले से लिस्टेड कंपनियां वर्किंग कैपिटल जुटाने के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) का विकल्प भी चुन रही हैं। इस साल जनवरी से अगस्त के दौरान 8 महीने में क्यूआईपी के जरिए 60 हजार करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई जा चुकी है?। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय बाजार में ग्लोबल फंड्स की भी रुचि बढ़ी है और मई के बाद उन्होंने भारतीय डेट मार्केट में लगातार पैसे लगाए हैं। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार के सूचकांकों में लगातार तेजी बनी हुई है। मार्केट आउटलुक भी बुलिश बना हुआ है, जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार के प्राइमरी और सेकेंडरी दोनों मार्केट की स्थिति बेहतर बनी हुई नजर आ रही है। इसका असर बड़ी कंपनियों के साथ ही छोटी और मझोली कंपनियों के आईपीओ के जरिये प्राइमरी मार्केट में उतरने के रूप में नजर भी आ रहा है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हिमटेक में हिलक्स वाहन का प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने हिमटेक 2024 संगोष्ठी में विशेष उपयोग वाली हिलक्स का प्रदर्शन किया। यह एक अधिकृत बाहरी विक्रेता के सहयोग से संशोधित मॉडल है। हिमटेक 2024 का आयोजन भारतीय सेना ने फिक्की (फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) के साथ मिलकर किया है।

रक्षा आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए और रक्षा बलों को उपलब्ध सर्वोत्तम उपकरणों और समाधानों तक पहुँच प्रदान करने के लिए इन दोनों संगठनों (भारतीय सेना और फिक्की) ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों (एचएए) के लिए सैन्य प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए हिमटेक 2024 के लिए सहयोग किया है। 20 और 21 सितंबर 2024 को लेह, लद्दाख के रिनचेन ऑडिटोरियम ग्राउंड में आयोजित गया। इस कार्यक्रम में सेना कमान, वायु सेना, आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा उपयोगकर्ता और टीकेएम के प्रतिनिधियों के साथ अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# म्यूचुअल फंड : लार्ज कैप, मिड कैप, और स्मॉल कैप फंड्स के बीच अंतर समझें : प्रवीण अग्रवाल

म्यूचुअल फंड एक लोकप्रिय निवेश साधन है जो आपको समय के साथ बचत करने और अच्छा रिटर्न प्राप्त करने में मदद कर सकता है। यह विभिन्न रूपों में आते हैं, जो अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन और जोखिम प्रोफाइल को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं। अगर आप म्यूचुअल फंड की दुनिया में नए हैं, तो आपने लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप जैसे शब्द सुने होंगे। इन फंड्स को समझना आपके निवेश के फैसले को समझदारी से लेने में मदद करता है।

मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या है? मार्केट कैपिटलाइजेशन, जिसे मार्केट कैप भी कहा जाता है, किसी कंपनी के बकाया शेयरों का कुल बाजार मूल्य होता है। इसे कंपनी के आकार और बाजार में उसकी स्थिति का प्रमुख सूचक माना जाता है। मार्केट कैप की गणना मौजूदा शेयर कीमत को कंपनी के बकाया शेयरों की कुल संख्या से गुणा करके की जाती है। यह कंपनियों को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करने में मदद करता है, जो आमतौर पर उनके बाजार मूल्य के आधार पर लार्ज-कैप, मिड-कैप, और स्मॉल-कैप होती हैं। ये श्रेणियां महत्वपूर्ण होती हैं क्योंकि ये निवेशकों को उनके जोखिम सहनशीलता और निवेश उद्देश्यों के अनुसार सही म्यूचुअल फंड चुनने में मदद करती हैं।

लार्ज-कैप कंपनियां : शीर्ष 100 कंपनियां, जिनका बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक होता है, उन्हें लार्ज-कैप कंपनियों के रूप में जाना जाता है। म्यूचुअल फंड जो मुख्य रूप से इन लार्ज-कैप कंपनियों में निवेश करते हैं, उन्हें लार्ज-कैप फंड्स कहा जाता है। ये कंपनियां अक्सर ब्लू-चिप स्टॉक्स के नाम से जानी जाती हैं और बाजार में मजबूत स्थिति रखती हैं। ये आमतौर पर स्थिरता और लाभप्रदता का एक लंबा इतिहास रखती हैं।

लार्ज-कैप फंड्स में निवेश आमतौर पर मिड-कैप या स्मॉल-कैप फंड्स की तुलना में कम जोखिम भरा होता है और इनका प्रदर्शन स्थिर रहता है। इनके शेयरों में अस्थिरता कम होती है, जिससे लार्ज-कैप फंड्स उन निवेशकों के लिए एक अच्छा विकल्प होते हैं जो लंबे समय तक स्थिर रिटर्न चाहते हैं।

मिड-कैप कंपनियां : मिड-कैप कंपनियां वो होती हैं जो मार्केट कैप के आधार पर 101वें से 250वें स्थान पर होती हैं। जो म्यूचुअल फंड इन कंपनियों में निवेश करते हैं, उन्हें मिड-कैप फंड्स कहा जाता है। मिड-कैप कंपनियां अक्सर विकास के चरण में होती हैं और इनके विस्तार और लाभप्रदता की संभावना होती है, लेकिन इनका जोखिम लार्ज-कैप कंपनियों से अधिक होता है।

मिड-कैप फंड्स उन निवेशकों के लिए सही होते हैं जो थोड़ा ज्यादा जोखिम लेने को तैयार होते हैं और उच्च रिटर्न की संभावना की तलाश में होते हैं। ये कंपनियां भले ही लार्ज-कैप कंपनियों जितनी बड़ी न हों, लेकिन इनमें विकास की अच्छी संभावनाएं होती हैं।



स्मॉल-कैप कंपनियां : स्मॉल-कैप कंपनियां वो होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण 251वें स्थान और उसके बाद होता है। म्यूचुअल फंड जो इन कंपनियों में निवेश करते हैं, उन्हें स्मॉल-कैप फंड्स कहा जाता है। स्मॉल-कैप फंड्स को आमतौर पर उच्च जोखिम वाला निवेश माना जाता है, लेकिन ये उच्च रिटर्न की संभावना भी रखते हैं। इनके शेयरों की कीमतों में अधिक उतार-चढ़ाव होता है, और ये कंपनियां बाजार परिवर्तनों और आर्थिक चुनौतियों के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। हालांकि, उच्च जोखिम सहनशीलता वाले आक्रामक निवेशकों के लिए स्मॉल-कैप फंड्स एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

लार्ज-कैप, मिड-कैप, और स्मॉल-कैप फंड्स की तुलना

जोखिम प्रोफाइल- लार्ज-कैप फंड्स : इनका जोखिम प्रोफाइल कम होता है, क्योंकि ये स्थिर और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं। ये उन निवेशकों के लिए सही होते हैं जो पूंजी की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। मिड-कैप फंड्स : इनमें जोखिम और रिटर्न का संतुलन होता है। ये उन निवेशकों के लिए सही होते हैं जो थोड़े अधिक जोखिम के साथ बेहतर वृद्धि की उम्मीद रखते हैं। स्मॉल-कैप फंड्स : इनमें सबसे ज्यादा जोखिम होता है, क्योंकि ये छोटी कंपनियों में निवेश करते हैं। ये आक्रामक निवेशकों के लिए सही होते हैं।

लिक्विडिटी और अस्थिरता- लार्ज-कैप फंड्स : इनमें अस्थिरता कम होती है और ये ज्यादा लिक्विड होते हैं। ये बाजार में मंदी के दौरान सुरक्षित माने जाते हैं। मिड-कैप फंड्स : इनमें मध्यम स्तर की अस्थिरता और लिक्विडिटी होती है। स्मॉल-कैप फंड्स : इनमें अस्थिरता ज्यादा होती है और लिक्विडिटी कम होती है। इनका व्यापार कम होता है, जिससे कीमत में ज्यादा उतार-चढ़ाव हो सकता है।

रिटर्न- लार्ज-कैप फंड्स : स्थिर और लगातार रिटर्न देने की संभावना रखते हैं। मिड-कैप फंड्स : लार्ज-कैप की तुलना में बेहतर रिटर्न देते हैं। स्मॉल-कैप फंड्स : उच्च रिटर्न की संभावना रखते हैं लेकिन जोखिम भी ज्यादा होता है।

कौन निवेश कर सकता है? लार्ज-कैप फंड्स : वो निवेशक जो स्थिरता चाहते हैं और लंबी अवधि में निवेश करना चाहते हैं। मिड-कैप फंड्स : वो निवेशक जिनकी जोखिम सहनशीलता मध्यम है और जो लंबी अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। स्मॉल-कैप फंड्स : आक्रामक निवेशक जिनकी जोखिम सहनशीलता ज्यादा होती है और जो उच्च रिटर्न की संभावना की तलाश में होते हैं।

विकास की संभावना- लार्ज-कैप फंड्स : स्थिर रिटर्न देने की संभावना रखते हैं। मिड-कैप फंड्स : मध्यम वृद्धि की संभावना रखते हैं। स्मॉल-कैप फंड्स : उच्चतम वृद्धि की संभावना रखते हैं, लेकिन जोखिम भी सबसे ज्यादा होता है।

मुख्य बातें : लार्ज-कैप फंड्स कम जोखिम और स्थिर रिटर्न देने की संभावना रखते हैं। मिड-कैप फंड्स जोखिम और रिटर्न का संतुलन बनाते हैं, मध्यम जोखिम सहने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हैं। स्मॉल-कैप फंड्स उच्च रिटर्न की संभावना रखते हैं लेकिन साथ ही ज्यादा जोखिम के साथ आते हैं। अपने जोखिम सहनशीलता और निवेश उद्देश्यों को समझना सही यूचुअल फंड चुनने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

स्पष्टीकरण : उपरोक्त विचार प्रवीण अग्रवाल (एएमएफआई पंजीकृत म्यूचुअल फंड्स वितरक) के व्यक्तिगत विचार हैं। इन्हें निवेश-निर्णय के आधार के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। कृपया कोई भी वित्तीय निवेश-निर्णय लेने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से अवश्य परामर्श लें। म्यूचुअल फंड्स निवेश बाजार जोखिमों के अधीन हैं। योजना से संबंधित सभी दस्तावेजों को ध्यानपूर्वक जरूर पढ़ें।

# अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल 27 सितंबर से

नयी दिल्ली। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया का त्योहारी उत्सव अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल इस वर्ष 27 सितंबर 2024 से शुरू होगा, जिसमें प्राइम सदस्यों के लिए 24 घंटे पहले एक्सेस मिलेगा। कंपनी ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा करते हुये कहा कि बेहतरीन डील्स, बड़ी बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और अमेजन डॉटइन पर कैटेगरी में 25,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च के साथ इस त्योहारी सीजन का जश्न मनाएं। ग्राहक सैमसंग, रियलमी नारजो, वनप्लस, आईक्यूओओ, इंटेल, सोनी प्ले स्टेशन, हिंदुस्तान लिवर, पी एंड जी, लोरेल, टीसीएल, एसर, झायोमी, आईएफबी अप्लायंसेस, फेरेरो, एरियर, कुबेर इंडस्ट्रीज और यूरेका फोर्ब्ज सहित कई ब्रांडों से रोमांचक ऑफ़र्स की उम्मीद कर सकते हैं।

इसके अलावा, इस त्योहारी सीजन में अमेजन ग्राहकों के लिए भारत के छोटे व्यवसायों का समर्थन करना आसान बना रहा है, विशेष डील्स और विशेष रूप से चुनी गई कैटेगरी पर 70 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। उसने कहा कि इसके साथ ही बैंक भी अपने ग्राहकों को ऑफर दे रहे तथा अमेजन पे का भी इसके लिए उपयोग किया जा सकता है।

# क्वाड लीडर्स समिट : पीएम मोदी और अन्य नेताओं की मेजबानी के लिए बाइडेन तैयार




वाशिंगटन (आईएएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन शनिवार को अपने गृहनगर विलमिंगटन, डेलावेयर में छठे (चौथे व्यक्तिगत) क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। वह आर्कमेरे अकादमी में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज और जापानी पीएम किशिदा फूमियो की मेजबानी करेंगे। यह वह जगह है, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ने हाई स्कूल की पढ़ाई की थी।

यह पहली बार है कि बाइडेन राष्ट्रपति के रूप में विलमिंगटन में विदेशी नेताओं की मेजबानी करेंगे। इसमें उनके निजी घर पर नेताओं का डिनर भी शामिल है। व्हाइट हाउस का मानना है कि यह क्वाड के प्रत्येक नेता के साथ राष्ट्रपति के गहरे व्यक्तिगत संबंधों का प्रतिबिंब है। क्वाड नेता एक महत्वपूर्ण पहल द कैंसर मूनशॉट का भी अनावरण करेंगे। इसका मकसद रोगियों और उनके परिवारों पर बीमारी के प्रभाव को रोकने, बीमारी का पता लगाने और उपचार करने के लिए अभिनव रणनीतियों को लागू करना है।

भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि ग्रुप का इरादा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के मामलों को कम करने में मदद करना है। अमेरिकी दौरे के लिए पीएम मोदी शनिवार की सुबह रवाना हो चुके हैं। उन्होंने अपने प्रस्थान से पहले कहा, मैं क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए अपने सहयोगियों राष्ट्रपति बाइडेन, प्रधानमंत्री अल्बानीज और प्रधानमंत्री किशिदा से मिलने के लिए उत्सुक हूं। यह मंच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने वाले समान विचारधारा वाले देशों के एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है। पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रपति बाइडेन के साथ मेरी बैठक हमें भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के नए रास्तों की समीक्षा और पहचान करने का मौका देगी। क्वाड में चार देश भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। इसका उद्देश्य एक 'खुला, स्थिर और समृद्ध' हिंद-प्रशांत क्षेत्र है। क्वाड देशों की संयुक्त जनसंख्या 1.9 बिलियन है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोतरफा व्यापार में इनकी हिस्सेदारी 44 प्रतिशत है। संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 34.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है और वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में इनकी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत है। शेड्यूल संबंधी मुद्दों के कारण अमेरिका के साथ अपनी बारी बदलने के बाद भारत अब 2025 क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

# तिरुपति मंदिर लड्डू विवाद : पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जताई चिंता

## ● कहा : यह हर मंदिर और तीर्थ स्थल की कहानी हो सकती है



● मिलावट को हम अपवित्र मानते हैं, हिंदू शास्त्रों में इसे पाप कहा गया है

वाराणसी (आईएएनएस)। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट की खबरों पर देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे देश में धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाता है।

रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा, पिछले तीन-चार दिनों से तिरुपति तिरुमला प्रसादम (लड्डू) की मिलावट की खबरों से पूरे देश के लोगों को चिंता है। मैं इस विषय पर राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं जाना चाहता, लेकिन हिंदुओं के मन में प्रसाद के प्रति एक श्रद्धा होती है, जिसमें संदेह उत्पन्न होता है।

रामनाथ कोविंद ने अपने वाराणसी दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि जब मैं कल शाम के समय यहां आया, तो मुझे बाबा विश्वनाथ के दर्शन का सौभाग्य नहीं मिला। मैंने कान पकड़कर क्षमा भी मांगी और यह वादा किया कि अगली बार जरूर आऊंगा, लेकिन मेरे कुछ सहयोगियों ने मुझे रात्रि में प्रसाद दिया। उस समय तिरुमला प्रसादम की बात मेरे मन में खटकी। मैं अकेला नहीं हूं, यह सभी श्रद्धालुओं के मन में उठता है। उन्होंने कहा, यह हर मंदिर और तीर्थ स्थल की कहानी हो सकती है। मिलावट को हम अपवित्र मानते हैं, हिंदू शास्त्रों में इसे पाप कहा गया है। यह एक गंभीर विषय है, जो किसी एक स्थान से उत्पन्न नहीं होता, बल्कि यह एक विशेष चक्र है। बता दें कि राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के तहत सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइव स्टॉक एंड फूड लैब की रिपोर्ट में हुए खुलासे में यह बात सामने आई है कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

एनडीडीबी की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में जानवरों के मांस की चर्बी और फिश ऑयल का इस्तेमाल किया गया।

दावा किया गया है कि यह सब कुछ उस घी में इस्तेमाल किया गया है, जिसका उपयोग प्रसाद बनाने के लिए किया जाता है। इस प्रसाद का इस्तेमाल न सिर्फ भगवान को चढ़ाने के लिए किया गया, बल्कि भक्तों के बीच भी इसे बड़े पैमाने पर बांटा गया।

# मौसम में सुधार होते ही चार धाम यात्रा में बढ़ने लगी भक्तों की तादाद

## ● अब तक 35 लाख से ज्यादा श्रद्धालु कर चुके हैं यात्रा



देहरादून (आईएएनएस)। इस साल 10 मई को शुरू हुई चार धाम यात्रा को पिछले महीने राज्य में आई आपदा के कारण रोकना पड़ा था। अब यात्रा ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। जैसे-जैसे मौसम साफ हो रहा है, श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है।

आपको बता दें कि सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक इस साल अब तक (21 सितंबर) 35 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चार धाम यात्रा कर चुके हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक बद्रीनाथ धाम में अब तक 9,89,282 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जबकि केदारनाथ धाम में 11,45,897 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। गंगोत्री धाम में अब तक 6 लाख 72592 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं, जबकि यमुनोत्री धाम में अब तक 5 लाख 83455 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। हेमकुंड साहिब में भी 1,66,503 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

इतना ही नहीं, अब चारधाम यात्रा पर जाने के लिए 60 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पिछले साल 72 लाख तीर्थयात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि साल 2023 में 56 लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए थे। बता दें कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा शुरू होने के एक महीने बाद यानि 19 जून तक कुल 24.60 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चार धाम के दर्शन कर चुके थे। इसके बाद मौसम खराब होने की वजह से यात्रा कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद अगस्त से श्रद्धालुओं का जाना शुरू हुआ। अब यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है।

उत्तराखंड सरकार तीर्थयात्रियों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। यात्रा मार्ग पर पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई गई है और तीर्थयात्रियों के ठहरने और खाने-पीने की भी व्यवस्था की गई है। तीर्थयात्रियों को सभी धामों में जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। तीर्थयात्रियों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने और मानसून सीजन में सभी समस्याओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग और पर्यटन विभाग ने आपस में समन्वय स्थापित कर सभी जिलों को एसओपी भेज दी है।

# शिप पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## नोएडा पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों को किया गिरफ्तार



नोएडा (आईएएनएस)। नोएडा पुलिस ने एक ऐसे कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को शिप (जहाज) पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी किया करता था।

नोएडा के थाना 58 पुलिस ने ये कार्रवाई की है। ये गैंग फर्जी वेबसाइट बनाकर फेसबुक व इंस्टाग्राम पर एड डालकर लोगों को लुभाकर फर्जी ऑफर लेटर देता था। इसके बाद मेडिकल कराने, एसटीसीडब्लू, एसआईडी, सीडीसी कार्ड आदि बनवाने के नाम पर पैसा ठगा जाता था।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस टीम ने 21 सितंबर को आईथम टावर सेक्टर-62, नोएडा में शिप (जहाज) पर विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक कॉल सेन्टर का पर्दाफाश करते हुए कॉल सेन्टर संचालक सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, 8 कम्प्यूटर सीपीयू, 1 लैपटॉप, 5 मोबाइल, 11 मुहर, 2 सिम कार्ड, 1 एसआईडी कार्ड, 1 सीडीसी, 1 पासपोर्ट, 8 दस्तावेज ऑफर लेटर बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया है कि 20 सितंबर को एक पीड़ित ने थाने पर शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसने फेसबुक पर यथार्थ ग्रुप कन्सट्रक्शन एंड फैकल्टी मैनेजमेंट नाम से एक एड देखा, जिसमें दिए गए नंबर पर व्हॉट्सएप कॉल किया तो उसे बताया गया कि कम्पनी शिप (क्रूज) पर विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने का काम करती है। पीड़ित से ऑनलाइन इंटरव्यू 31 मई को गूगल मीट पर कराया गया। पीड़ित को बताया गया कि उसका सेलेक्शन मुम्बई टू गोवा शिप के लिए हो गया है और उसे मेडिकल के लिए नोएडा आना पड़ेगा, जिसके लिए 11 हजार रुपये लगेंगे। इस पर पीड़ित ने 11 हजार रुपये आनलाइन भेज दिए।

इसके बाद पीड़ित को यथार्थ ग्रुप की तरफ से मेल आया कि आपको 38,600 रुपए और देने हैं। इनसे हम आपका एसटीसीडब्ल्यू, सीडीसी, साइड और वीजा को प्रोसेस कराएंगे और इसमें फ्लाइट टिकट भी रहेगी। पीड़ित ने दिए गए खाता नंबर में पैसे जमा करवा दिए। इसके बाद कंपनी का मेल आया कि आपको मुम्बई टू गोवा शिप कस्टमर सर्विस पर ज्वाइन करना है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि इस कॉल सेन्टर के मालिक अंकित ने यह ऑफिस मार्च में 35,000 रूपये महीना के किराये पर लिया था। अंकित ने फर्जी कंपनी बनाई थी और सोशल मीडिया के जरिए ठगी किया करता था।

# सनातन को मिटाने की चल रही है अंतरराष्ट्रीय साजिश : आचार्य कृष्णम

## ● बोले : इसमें देश की कई पार्टियां और उनके नेता भी शामिल हैं



गाजियाबाद (आईएएनएस)। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम में मिलावट को आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सनातन धर्म के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा है कि इसमें देश की कई पार्टियां और उनके नेता शामिल हैं।

आचार्य ने कहा, यह तो बहुत ही खतरनाक बात है। यह सनातन धर्म के खिलाफ षड्यंत्र है। कभी सनातन धर्म को मिटाने की साजिश होती है। कभी इसे खत्म करने की कोशिश होती है। इस बार हमारे धर्म को भ्रष्ट करने की साजिश है। यह सिर्फ भारत में नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है। विदेशी ताकतें भारत को बर्बाद करना चाहती हैं। विदेशी ताकतें यह जानती है कि भारत को तब तक बर्बाद नहीं किया जा सकता, जब तक सनातन को मिटा न दिया जाए। उन्होंने इसे घोर पाप बताया। कहा, दुर्भाग्य की बात यह है कि हमारे धर्म को मिटाने की जो साजिश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है, उसमें भारत के कुछ राजनीतिक दल और नेता भी शामिल हैं। यह परिणाम उसी का है। अब तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। उस समय वाईएसआर कांग्रेस की सरकार थी। जगन मोहन रेड्डी ने हिंदुओं के साथ छल किया है। यह घोर पाप है। इसका प्रायश्चित करना बड़ा मुश्किल है। अब समय आ गया है, जब पूरे सनातन धर्म को एक होना पड़ेगा। सनातन धर्म को बचाने के लिए एक होना पड़ेगा।

उन्होंने आगे कहा कि पूरे भारत में सनातन धर्म की रक्षा के लिए कोई एक संस्था की स्थापना करना बहुत जरूरी है, जो हमारे तमाम मंदिर और मठों की, तमाम आस्था के केंद्रों की अच्छी तरह से देख-रेख और संचालन कर सके। यह तो हमारे साथ धोखा है। तिरुपति बालाजी मंदिर हमारी आस्था का प्रतीक है। उस मंदिर में ऐसा षड्यंत्र हो रहा है। अब सनातन धर्म को बचाने का समय आ गया है। सनातन धर्म को बचाने के लिए सबको इकट्ठा होना पड़ेगा।

## रंग-बिरंगी

# जान्हवी कपूर ने तैयार की एक मजेदार डिश



अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी आगामी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के सेट पर अपने सह-कलाकार रोहित सराफ के लिए एक मजेदार डिश तैयार की। जान्हवी ने हाल ही में को- स्टार रोहित को पास्ता बनाकर खिलाया। वहीं अभिनेत्री ने मजाकिया अंदाज में कहा कि इसमें शून्य कैलोरी है। इंस्टाग्राम पर अभिनेता रोहित के 3.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने इस प्लेटफॉर्म के स्टोरी सेक्शन में एक वीडियो शेयर किया, जिसमें जान्हवी को सफेद टी-शर्ट में पास्ता बनाते हुए देखा जा सकता है। कैप्शन में रोहित ने लिखा, यह पोस्ट जान्हवी कपूर की प्रशंसा में की जा रही है, जिन्होंने मुझे इतना अच्छा पास्ता बनाकर खिलाया, साथ ही यह दावा किया कि इसमें शून्य किलो कैलोरी है, जो बिल्कुल गलत है। जान्हवी ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यही वीडियो शेयर किया। फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में वरुण धवन, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल हैं। यह बद्रीनाथ की दुल्हनियां का सीक्वल है। जान्हवी को पिछली बार सुधांशु सरिया के निर्देशन में बनी जासूसी थ्रिलर फिल्म उलझन में देखा गया था। इस फिल्म का निर्माण जंगली पिक्चर्स ने किया था। इसमें गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू और आदिल हुसैन भी थे।

# इंस्पीरिया नॉलेज कैंपस में मीडिया फेस्टिवल एस्पेरांजा 4.0 का भव्यता के साथ हुआ समापन

## देश के दिग्गज हस्तियों ने मीडिया के क्षेत्र में एआई की भूमिका और नवाचार पर रखे अपने विचार



सिलीगुड़ी। स्कूल ऑफ डिजाइन एंड मीडिया इंस्पीरिया नॉलेज कैंपस में उत्तर बंगाल के प्रमुख मीडिया फेस्टिवल एस्पेरान्जा 4.0 का सफलतापूर्वक समापन हुआ, जिसमें मीडिया में एआई, उभरती हुई तकनीकों और नवाचार पर चर्चा की और देश के दिग्गजों ने अपने विचार रखें।

एस्पेरान्जा 4.0 का आयोजन 18 से 20 सितंबर के बीच इंस्पीरिया नॉलेज कैंपस में किया गया था। पहले दिन अर्जुन गौरीसिरया ने वर्तमान समय में एआई की भूमिका, अनुराधा शर्मा ने मीडिया और जलवायु परिवर्तन, डॉ. सोनम बी. वांग्याल ने दार्जिलिंग-सिक्किम और पहाड़ की कहानी, चंद्रयी मुखर्जी ने समाचार उत्पादन में एआई की भूमिका, विवेक छेत्री ने एआई के युग में पत्रकारों की प्रासंगिकता, मुदिता राज ने रचनात्मकता और एआई का अंतर्संबंध (ऑनलाइन सत्र) पर अपने विचार रखें।

दूसरे दिन जीशान कासकर ने समाज के पिछड़े वर्ग की अवाज और मीडिया की प्रामाणिकता पर एआई का प्रभाव को उल्लेखित करते हुए अपने विचार रखें। साथ ही 'मीडिया रुपांतरण' पारंपरिक बनाम नया मीडिया पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें संदीप सी. जैन, जीवन राय, और केशव प्रधान शामिल हैं। राहुल सिन्हा ने डिजिटल फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी में एआई की भूमिका पर प्रकाश डाला।

तीसरे दिन आकिब रजा खान ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में कंटेंट इनोवेशन, जिसमें एआई टूल्स का व्यावहारिका पर प्रकाश डाला। देवांशु मेहता ने डिजाइन, ग्राफिक्स और फैशन के छात्रों के ध्यान में रखते हुए इमेजिनेशन और क्रिएक्टिवी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इंस्पिरिया नॉलेज कैंपस के सह-संस्थापक और प्रबंध ट्रस्टी अतुल गुप्ता ने कहा कि एस्पेरांज़ा मीडिया छात्रों के लिए उद्योग की जानकारी हासिल करने और नवीनतम तकनीकी ज्ञान और कौशल विकसित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जो जिम्मेदार पेशेवरों के रूप में उनके विकास को बढ़ावा देता है।

इंस्पीरिया के निदेशक राहुल गुप्ता, निदेशक ने कहा कि एआई शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है, जो मीडिया छात्रों के ज्ञान को नई ऊंचाई देगा। एस्पेरांजा 4.0 में हम ऐसे व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर रहे हैं, जो हमारे छात्रों को डिजिटल युग के लिए तैयार करेंगे। प्रिंसिपल इंद्रजीत चटर्जी ने कहा कि एस्पेरांजा 4.0 एक ऐसा मंच है, जो हर छात्र को एआई की रोमांचक दुनिया को जानने का अवसर मिलना चाहिए। इंस्पीरिया नॉलेज कैंपस के विद्यार्थियों ने एस्पेरांजा 4.0 से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा, जो उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में मदद करेगा।

# वक्फ बिल को लेकर 26 सितंबर से 6 राज्यों में होगी जेपीसी बैठक

नई दिल्ली (आईएएनएस)। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) 26 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच पांच राज्यों में अनौपचारिक चर्चा करेगी। इस दौरान वक्फ अधिनियम में प्रस्तावित बदलावों को सरल करने के प्रयास में विभिन्न हितधारकों को शामिल किया जाएगा।

यह अधिनियम पूरे देश में पंजीकृत वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को नियंत्रित करता है।

पहली बैठक 26 सितंबर को मुंबई में होगी, जिसमें महाराष्ट्र सरकार, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय और महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह प्रारंभिक बैठक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता, दक्षता और सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करके आगामी परामर्शों का मार्ग प्रशस्त करेगी। अगले दिन 27 सितंबर को, संयुक्त संसदीय समिति अहमदाबाद, गुजरात में विचार-विमर्श करेगी। इसमें गुजरात सरकार, गुजरात वक्फ बोर्ड और अन्य संबंधित पक्षों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

सरकारी अधिकारियों के अलावा बार काउंसिल, वकील संघों और मुतवल्ली संघों के कानूनी पेशेवर इस बारे में अपने विचार साझा करेंगे कि प्रस्तावित सुधार राज्य में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को किस प्रकार प्रभावित कर सकते हैं। इसके बाद 28 सितंबर को जेपीसी हैदराबाद जाएगी, जहां भारत में कई प्रमुख वक्फ संपत्तियां स्थित हैं। हैदराबाद में होने वाली चर्चाओं में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के वक्फ बोर्ड के साथ-साथ दोनों राज्यों के राज्य अल्पसंख्यक आयोगों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

# सर्वसम्मति से पास होगा वक्फ संशोधन बिल : जगदंबिका पाल



नई दिल्ली (आईएएनएस)। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने शनिवार को आईएएनएस से खास बातचीत की।

उन्होंने वक्फ संशोधन बिल को लेकर तमाम सवालों पर अपनी राय रखी। इस दौरान उन्होंने एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा उठाए गए सवाल पर भी प्रतिक्रिया दी।

ओवैसी ने हाल ही में कहा था कि उत्तर प्रदेश में 1 लाख 21 हजार वक्फ संपत्तियां हैं, जिनमें से 1 लाख 12 हजार के पास दस्तावेज नहीं हैं। इस पर सांसद पाल ने कहा कि तमाम सवालों पर जेपीसी में चर्चा हो रही है। अगर सरकार इस बिल को पास करना चाहती, तो उसके पास लोकसभा और राज्यसभा में पर्याप्त बहुमत है। इस बिल को जेपीसी के पास भेजने का मतलब है कि जेपीसी के सभी 31 सदस्य बिल को गहराई से समझें और अपनी राय प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बिल संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पेश किया था। इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का उचित ढंग से प्रबंधन करना है। सरकार की कोशिश है कि इस बिल के जरिए आम मुसलमानों, खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार किया जा सके।

वक्फ संशोधन बिल पर मुस्लिम संगठनों के सुझावों का स्वागत करते हुए पाल ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर सकारात्मक विचार आ रहे हैं, जिन्हें जेपीसी की बैठक में नोट किया जा रहा है और फिर हम अपनी रिपोर्ट उसी आधार पर देंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार वक्फ के खिलाफ कोई गलत कदम नहीं उठाएगी।

जगदंबिका पाल ने जाकिर नाइक के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें जाकिर नाइक ने कहा था कि सरकार वक्फ के खिलाफ अगर कुछ करती है तो बहुत गलत होगा। पाल ने नाइक के बयान पर कहा कि जाकिर नाइक जैसे लोगों के गैर जिम्मेदाराना, फालतू और बेहुदा बयानों से बिल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। स्पीकर ने हमें बिल को समझने के लिए समय दिया है। हम बिल को अच्छे से समझ कर रिपोर्ट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध और समर्थन दोनों होना स्वाभाविक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जब जेपीसी अपनी रिपोर्ट पेश करेगी, तब सरकार उस बिल को पास करेगी। हमें पूरी उम्मीद है कि बिल सर्वसम्मति से पास होगा।


# डियर साप्ताहिक लॉटरी सिक्किम निवासी ने ₹1 करोड़ जीते



सिक्किम के श्री किंचोक छिरिंग भूटिया ने **17.07.2024** को सम्पन्न हुए डियर साप्ताहिक लॉटरी के ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के तौर पर 1 करोड़ रुपए जीते हैं। उनकी विजेता टिकट का नंबर **63A 44374** है। उन्होंने नागालैंड स्टेट लॉटरीज के पास प्राइज क्लेम फॉर्म के साथ अपनी पुरस्कार-विजेता टिकट जमा कर दी है। "आम लोगों को करोड़पति में बदलने के लिए डियर लॉटरी प्रशंसा की हकदार है। किसी भी साधारण इंसान के लिए एक करोड़पति बनना आसान कार्य नहीं होगा। डियर लॉटरी एक अनोखी पद्धति दिखाती है जिसे कोई भी केवल कुछ रुपए के खर्चे से आजमा कर करोड़पति बन सकता है। मैं डियर लॉटरी के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं," विजेता ने कहा।